# ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल का आलोचात्मक अध्ययन

इलाहाबाद विश्वविद्यालय
की डी. फिल्.
उपाधि हेतु प्रस्तुत

●शोध प्रबन्ध●

प्रस्तुत कत्री
**जया दूबे**

*

निर्देशक
**डा० रूद्र कान्त मिश्र**
**रीडर संस्कृत विभाग**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद**

संस्कृत एवं पालि प्राकृत विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
इलाहाबाद
1999

# कृतज्ञता - ज्ञापन


"प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुध्यते।
एत विदन्ति वेदेन तस्माद् वेदस्य वेदता"

वेद विश्वसाहित्य का प्राचीनतम ग्रन्थरत्न है। प्रत्येक भारतवासी के लिए वेद का अध्ययन अपरिहार्य है। ब्राह्मण का तो अनिवार्य कर्तव्य है – वेद की रक्षा। कालान्तर मे इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए वेद के ६ अङ्गों – शिक्षा, कल्प, निरूक्त, छन्द, व्याकरण तथा ज्योतिष का प्रणयन हुआ। अनेक विद्वानो ने वेदो के मन्त्रो की विविध प्रकार की व्याख्याये भी प्रस्तुत की, परन्तु वेदो के ईश्वर के नि.श्वास होने के कारण वेदमन्त्रो का वास्तविक अर्थ तो ईश्वर ही जानता है।

वेदो का अध्ययन और अध्यापन दोनो ही पवित्र कार्य है। इसीलिए इसके प्रत्येक मण्डल के मन्त्रो का साङ्गोपाङ्ग. निरूपण होना चाहिए। द्वितीय मण्डल का स्थान सम्पूर्ण ऋग्वेद मे अन्यतम माना जाता है। अपने अध्ययनकाल मे ही मेरी उत्कट अभिलाषा थी कि ऋग्वेद का द्वितीय मण्डल का विस्तृत अध्ययन होना चाहिए। द्वितीय मण्डल के पाठ्यक्रम मे होने से और ऋग्वेद के मण्डलो में प्राचीनतम होने के कारण इस विषय में मेरी रूचि अत्यधिक बढ गई। एम ए परीक्षा समुत्तीर्ण करने के अनन्तर अपने गुरूजन की प्रेरणा से परमेश्वर ने मुझे इस पुनीत कार्य मे सलग्न करा दिया।

इस महनीय कार्य की परिपूर्णता में सर्वप्रथम मै अपने सुयोग्य निर्देशक डॉ० रुद्रकान्त मिश्र रीडर सस्कृत विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय की चिर ऋणी रहूँगी, जिनकी सत्प्रेरणा एव अमूल्य सुझाव मेरे लिए सम्बल बन सका है।

पूज्य पिता जी प्रो० डॉ० हरि शङ्कर त्रिपाठी, अध्यक्ष सस्कृत विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय इलाहाबाद, की कृपा तथा अमूल्य सुझाव इस शोध प्रबन्ध की सम्पूर्णता के लिए विशेष सराहनीय रहा है। यदि इनका आशीर्वाद न मिलता तो इस कार्य की यह परिणति सम्भव नहीं हो पाती।

अनेक पारिवारिक विषमताओ के थपेड़ो से सतत् करती रहने पर भी यह कार्य गुरूकृपा से ही सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका है। मेरी स्वर्गीया माता जी का आशीर्वाद जो सूक्ष्मशरीर द्वारा वे मुझे निरन्तर देती रहती है, मेरे अध्ययन का मेरूदण्ड बनकर मुझे निरन्तर कठिनाइयोसे बचाता रहता है।

मेरे वैवाहिक जीवन के प्रारम्भ होने के बाद मेरी समादरणीया सास मॉ" जी जो अधिक पढी–लिखी न होने पर भी मुझे अध्ययन के लिए प्रेरित करती रहती हैं उन्हें धन्यवाद देना मेरे लिए सूर्य को दीपक दिखाने जैसा ही होगा। मेरे अन्य परिवारजनो ने भी मुझे पढ़ने का सुअवसर प्रदान करके मेरा उत्साहवर्धन ही किया है। मेरे पूज्य पतिदेव जी श्री ओम शंकर दूबे जी ने भी मुझे गृह–कार्यो से मुक्ति देकर इस पुनीत– कार्य मे अतुलनीय योगदान किया है। आर्थिक बोझ तो इन्हीं के सिर पर है, अत इनके योगदान को शब्दों के माध्यम से प्रकट करना मेरे वश की बात नहीं है।

डॉ० जगदेव प्रसाद द्विवेदी ने भी अमूल्य समय एवं सुझाव देकर इस शोधप्रबन्ध को पूर्णता प्रदान की है इसके लिए मैं इनको कोटिशः धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। मेरे आदरणीय भैया डॉ० विजय शङ्कर पाण्डेय रीडर, एव अध्यक्ष संस्कृत विभाग जी० एस० एस० पी० जी० कालेज कोयलसा आजमगढ़ को भी धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ, शोधप्रबन्ध की पूर्णता के अन्तिम दिनों मे इनका भी सहयोग प्राप्त हुआ है।

इनके अतिरिक्त डॉ० सुधाकर त्रिपाठी, को मैं धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ, जिन्होनें शोधप्रबन्ध के टंकण कार्य में अपना अमूल्य सहयोग दिया है। धर्मेन्द्र कुमार तिवारी तथा मनोज कुमार मिश्रा जी ने भी अपना अपेक्षित सहयोग देकर मुझे अनुगृहीत किया है।

इसी क्रम मे टकण कार्य मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आडियल क्म्प्यूटर प्वाइन्ट के प्रोपराटर श्री विशाल बाजपेयी, का महत्वपूर्ण योगदान है जिन्होने इस महत्वपूर्ण पुस्तक को पूर्ण रुप देने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिनका मै हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करती हूॅ।

अन्त मे उस सभी ग्रन्थकारो के प्रति मै सविनय कृतज्ञता ज्ञापित करती हूॅ जिनके ग्रन्थ से किञ्चित् भी साहाय्य प्राप्त हो सका। ग्रन्थ के लेखन मे टकण सम्बन्धी तथा तथ्य सम्बन्धी त्रुटियो का होना स्वाभाविक है,क्योकि कोई भी मानवकृति सर्वथा दोषरहित नही हो सकती। सम्भावित त्रुटियो को अपनी मानकर मै सर्वदा विद्वानो के सुझावो को स्वीकार करके उनके परिष्कार के लिए सज्ज हूॅ।

विद्वज्जनो के आशीर्वाद की आकाड्क्षिणी ——————————

जया दूबे

**(जया दूबे)**

# विषयानुक्रमणिका

# प्रथम - अध्याय

# वेद शब्द की व्युत्पत्ति

वेद शब्द तद्रचनाकालीन समग्र वाड्मय का बोधक है। वेद और अविस्त > अवेस्ता दोनो पद समान धातुज (विद् 'ज्ञाने') और समानार्थक है। आग्ल " Wit, Witty, Wisdom ' और 'ग्रीक' आइद (AIDA) (लैटिन विद् आ (AIDA) गाथिक वइत् (wait) आदि मे भी यही धातु निहित है। व्याकरण की दृष्टि से विद्+घञ् से वेद शब्द निष्पन्न होता है। विद् विचारणे, विद् ज्ञाने, विद्

सत्ताया और विद्लृ लाभे इन चार धातुओ से वेद शब्द अनेक अर्थो को अपने मे समाहित किये हुए निष्पन्न होता है। अत ज्ञान, ज्ञान का विषय एव ज्ञेय पदार्थ सभी वेद के वाच्य अर्थ हो सकते है, पाणिनि ने अपने धातुपाठ मे विद् धातु का अर्थ सत्ता, लाभ और विचारना लिखा है। वेदान्तियो के अनुसार आनन्द, ज्ञान, सत्ता ब्रहम का ये लक्षण वेद शब्द मे समाहित है। (१) सायण (२)ने इष्टप्राप्ति और अनिष्ट निवारण के अलौकिक उपाय बताने वाले ग्रन्थ को वेद कहा है।

---

नोट –

(1)सस्कृत भाषा, पृ० सं० ४८, १२४

(2)"इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारयोरलौकिकमुपायं यो ग्रन्थो वेदयति स वेद'।" तैत्तिरीयसहिता भाष्यभूमिका,पृष्ठ सं. ३

(1) मोनियर विलियम्स के अनुसार वेद का अर्थ ज्ञान अथवा कर्मकाण्डीय ज्ञान है । (2) ग्रिफिथ के अनुसार भी वेद का अर्थ ज्ञान है, वेद वह पुरातन कृति है जिसमे भारतीयो के प्रारम्भिक विश्वास की आधारशिला निहित है।

सर्वप्रथम ऋग्वेद मे वेद (३) (क्रिया) ज्ञान अर्थ मे प्रयुक्त हुआ है, जबकि वेदस् (४) शब्द ऋग्वेद मे अधिकाशत धन के लिए प्रयुक्त है। शुक्लयजुर्वेद (५) मे प्रयुक्त वेदेन का अर्थ उव्वट ने ज्ञानेन त्रयया विद्यया किया है। श्रुति (६) छन्दस् (७)निगम (८) आम्नाय (९) समाम्नाय आदि शब्द वेद के लिए प्रयुक्त हुए है।

नोट

---

(1) "Veda means knowledge, True or sacred knowledge or lose knowledge of Ritual" A Sanskrit English Dictionary

P.स० १०१५.

(2) Veda, meaning literary knowledge. is the name given to certain Ancient works which formed the foundation of the early religious belief of the Hindues."

(3) वेद नाव समुद्रिय,। ऋ० १/२५/७ ।

(4) " पितुर्न जिव्रेर्विवेदौ। भरन्त ।" ऋ० १/७७/५ १/८१/६, १/८१/६,१/६६/१,१/१००।३ और ६,५/२/१२

(5)वेदेन रूपे व्यपिवत् सुतासुतौ प्रजापति: " शु० य०/१६,७२

(6)"सेयं विद्या श्रुति मति बुद्धि " । यास्क निरूक्त ।

(7) 'बहुलं छन्दसि' । अष्टाध्यायी ।

(8) निरूक्त और भागवत पुराण में वर्णित।

**'निरूक्त और भागवत पुराण में वर्णित।**

(1)'तत्र खलु इत्येतस्य निगमा भवन्ति ।' निरूक्त

(2) निगम कल्पतरोर्गलित रसम्' श्रीमद्भागवत्।

(9)जैमिनीकृत मीमांसादर्शन में आम्नाय शब्द आया है। 'आम्नायो वेद'

# वेद विभाग और वेद व्यास

भारतीय विद्वान् वेद को ईश्वरकृत मानते है। शतपथ ब्राह्मण (१) और मनुस्मृति (२) मे –अग्नि, वायु ,सूर्य,से ऋक्, यजुष्, सामन् की उत्पत्ति कही गयी है। जैमिनी, शबरस्वामी, कुमारिल भट्ट ने वेदो को स्वत सिद्ध माना है । अधिकाश पाश्चात्य विद्वान वेदो को मानवीय कृति मानते है। जिन ऋषियो मे बौद्धिक सामर्थ्य रहा होगा, दैवीयकृपा से उन्होने मन्त्रो का रूप उस यथार्थ ज्ञान को दिया, जिसका वे प्रतिदिन अनुभव करते थे। वेदो का मौखिक परम्परा द्वारा ऋषियो ने सरक्षण किया । कालान्तर मे कृष्ण द्वैपायन व्यास (३) ऋषि ने उनका सकलन किया, अत उनका नाम वेदव्यास पडा।

नोट

---

(1) शतपथ ब्रा०–

'स इमानि त्रीणि ज्योति अमितताय। तेभ्यसृप्तेभ्य स्त्रयो वेदा अजायन्ताग्नेर्ऋग्वेदो वायोर्यजुर्वेद सूर्यात्सामवेद·।'

श०ब्रा० ११/५/८/३

(2) अग्निवायुरविभ्यस्तु त्रयं ब्रह्म सनातनम्। दुदोह यज्ञसिद्धयर्थ मृग्यजु. सामलक्षणम् " मनु० १/२३

(3) 'वेदान् वित्यासयस्मात्–स वेदव्यास इतीरतः।

तपसः ब्रह्मचर्येण व्यस्थवेदान् महामति ।

महा० १/२ और महा० आदिपर्व ६१/८८

प्राप्त विवरण के अनुसार वेदव्यास ने——

1.पैल

2.वैशम्पायन

3.जैमिनी और

4.सुमन्तु

को क्रमश ऋग्, यजुष, साम और अथर्व–वेद का उपदेश दिया। वेद चार है——

1.ऋग्वेद

2.यजुर्वेद

3.सामवेद

4.अथर्ववेद

वेदत्रयी और वेदचतुष्टय के सन्दर्भ मे बहुत समय से विवाद चला आ रहा है। इस प्रसग मे इतना ही कथन उपयुक्त होगा कि त्रयी विभाजन शैली की भिन्नता के कारण है। यथा– ऋग्वेद मन्त्रात्मक (स्तुतिपरक) है और गद्यप्रधान यजुर्वेद है तथा गीतात्मक सामवेद है।

## संहितापाठ और पदपाठ

वेदो को मूलरूप में सुरक्षित रखने के लिये मौखिक परम्परा के माध्यम से पद पाठादि का प्रचलन हुआ। मूलमन्त्र के अविकल पाठ को–७ [illegible]–[illegible]–पाठ' या सहितापाठ कहते है। सन्धिविच्छेदादि द्वारा विकृति रूप से पाठ 'प्रतृण–पाठ' या पदपाठ कहलाता है।

प्रतृणपाठ के नवविभाग है।—

| | | |
|---|---|---|
| 1. पदपाठ | 2. जटापाठ | 3. मालापाठ |
| 4. शिखापाठ | 5. रेखापाठ | 6. ध्वजपाठ |
| 7. दण्डपाठ | 8. रथपाठ | 9. घनपाठ |

# वैदिक-साहित्य विभाग

'सहिता' मन्त्रात्मक प्रथम भाग है। द्वितीय विभाग मे 'ब्राह्मण' वेद के व्याख्यान ग्रन्थ है, जिनमे यज्ञो की कर्मकाण्डीय व्याख्या विस्तार से वर्णित है। तृतीय मे आरण्यक यज्ञ के गूढ रहस्य की व्याख्या करता है। आरण्यको का महत्व इस लिए भी है कि उसमे वर्णित आध्यात्मिक–ज्ञान का चरम निदर्शन उपनिषदो मे है। वेद का–अतिम और चतुर्थ विभाग उपनिषद् के नाम जाने गये है। वेद का अन्तिम विभाग होने कारण के उपनिषदो को 'वेदान्त' भी कहते है। उपवेद, वेदाङ्ग वेदो के सहायक ग्रन्थ है। वैदिक साहित्य का विवरण निम्न है–

| वेद | ब्राह्मण | आरण्यक | उपनिषद |
|---|---|---|---|
| १ ऋग्वेद | १ ऐतरेय<br>२ कौषीताकि | १ ऐतरेय<br>२ कौषीताकि | १ ऐतरेयोपनिषद्<br>२ कौषीतकि उपनिषद्<br>३ वाष्कलोपनिषद् |
| 2. यजुर्वेद | तैत्तिरीय | तैत्तिरीय | 1. तैत्तिरीयोपनिषद्<br>2. महानारायणो पनिषद्<br>3. मैत्रायणीयोपनिषद्<br>4. कठोपनिषद्<br>5. श्वेताश्वतरोपरिषद् |
| 2. शुक्ल यजुर्वेद | शतपथ | वृहदारण्यक | 1. वृहदारण्यकोपनिषद्<br>2. ईशावास्योपनिषद् |
| 3. सामवेद | 1. ताण्ड्य<br>2. षड्विश<br>3. जैमिनीय | | 1. छान्दोग्योपनिषद्<br>2. केनोपनिषद् |
| 4. अथर्ववेद | गोपथ | | 1. प्रश्नोपनिषद्<br>2. मुण्डकोपनिषद्<br>3. माण्डूक्योपनिषद् |

शिक्षा, कल्प, निरुक्त, छन्द, ज्योतिष एव व्याकरण ६ वेदाङ्ग है। इनके द्वारा वेद के वास्तविक स्वरूप को समझने मे सुगमता होती है। वेदो से सम्बद्ध अनुक्रमणियो मे ऋषियो, देवताओ, छन्दो एव अन्य विषयो का विस्तृत वर्णन है। शौनक के दस ग्रन्थ है।

"आर्षानुक्रमणी, (२) छन्दोऽनुक्रमणी,देवतानुक्रमणी, अनुवाकानुक्रमणी, सूक्तानुक्रमणी, ऋग्विधान पादविधान, वृहद्देवता, प्रातिशाख्य तथा शौनक स्मृति।"

नोट ·

---

(1).इन ब्राह्मणों के अतिरिक्त अन्य ब्राह्मणो के नाम भी प्राप्त होते है—

(2) ऋग्वेदीय ब्राह्मण—वाष्कल, माण्डूकेय, पैङ्ग.ण्य, केमति, सुलभ, पराशर, शैलाली।

(क) शुक्ल युजर्वेदीय ब्राह्मण - जाबाल।

(ख) कृष्ण यजुर्वेदीय ब्राह्मण - चरक, श्वेताश्वतर— करण्क, मैत्रायणी,, हरिद्रावक, आहवरक, खण्डिकेय, तुम्बुरू, आरूणेय, औखेय।

इसके अतिरिक्त कात्यायनकृत सर्वानुकमणी, शुक्लयजु. सर्वानुक्रम सूत्र प्रमुख है।

# वैदिक साहित्य में ऋग्वेद का स्थान

वैदिक साहित्य मे ऋग्वेद का स्थान सर्वाधिक महत्व का है। तैत्तिरीय सहिता के अनुसार साम तथा यजुष् के द्वारा किया गया विधान शिथिल हो जाता है। परन्तु ऋक् द्वारा विहितानुष्ठान दृढ रहता है। मैक्सम्यूलर (2)ने ऋग्वेदाध्ययन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। विन्टरनिट्ज(3.)के अनुसार उपलब्ध ऋग्वेद विशाल साहित्य का मात्र एक अश है जिसमे धार्मिक मन्त्रो का सङ्क.लन है।

(3) सामवेदीय ब्राह्मण - सामविधान, आर्षेय, देवताध्याय, सहितोषनिषद्, भाटलवि, शैरुकि, कालबवि, कार्षेय, करद्विष।

(4)अथर्ववेदीय ब्राह्मण– विखर्व।

(2)वैदिक साहित्य और सस्कृति पृ० स० ३७६ (बल्देव उपाध्याय)

नोट .

---

(1)"यद् वै यज्ञस्य साम्ना यजुषा क्रियते शिथिल तत् यत् ऋचा तदृढ हि ।" तै० स०।

(2)"As long as man Continues to take an interest in the history of his race and as long as we called in libraries and museums the relics of former ages, the First place in that long row of books which contains the records of the Aryan branch of mankind, will belong forever to the Rigveda." A History of Ancient Sanskrit and literature. P.S.57.

(3) " That the songs Hymns and the poems of the Rigveda which have come down to us are only fragmentory portion of a much more extensive poetic literature, both Religious and secular,

History Indian literature. P.S.56

ऋ० १०/८५/११–

# ऋग्वेद संहिता का अर्थ

ऋग्वेद मे स्तुतिपरक मन्त्रो का सङ्कलन है, अत ऋच्यते स्तूयते अनयेति ऋक् यह ऋक् की व्युत्पत्ति मानी जाती है। वृच् धातु का अर्थ चमकना होता है, वृच् का ही रूपान्तर ऋच् है, जिसका मूलार्थ अग्नि प्रज्जवलित करना है। शतपथ ब्राह्मण (1) मे अग्नि से ऋग्वेद की उत्पत्ति का उल्लेख मिलता है। आर्य अग्नि पूजक थे। अतएव प्रारम्भ मे ऋक् का अर्थ अग्निपूजा का मन्त्र था। चूकि ऋग्वेद मे अग्नि के अतिरिक्त अन्य देवताओ की भी स्तुतियॉं है । अत ऋक् का अर्थ पूजा या स्तुतिपरक मन्त्र है। पूर्वमीमासानुसार–- अर्थानुसार पादव्यवस्था ऋक् है। सहिता शब्द सघ, सम्मिश्रण, समूह, सकलन, सग्रह अर्थो मे प्रयुक्त होता है। अत ऋग्वेद सहिता का अर्थ हुआ स्तुतिपरक ज्ञान का सकलन। ऋग्वेद (3) दशम मण्डल मे सर्वप्रथम ऋक् का प्रयोग प्राप्त होता है। ऋग्वेद के मन्त्र के लिये ऋचा (4) का प्रयोग द्वितीय मण्डल मे हुआ है।

(1) " अननेर्ऋग्वेद ' (अजायत)' श०ब्रा० ११/५/८/३/

(2) "तेषामृक् यत्रार्थवशेन पादव्यवस्था'। पूर्वमीमासा २/१/३५

(3) " [illegible] " ।

(4) " देव्या होतारा प्रथमा विदुष्टर ऋजुयक्षत:, समृचावपुष्टरा।

ऋ०२/३/७

# ऋग्वेद की शाखायें

स्थान, काल, व्यक्ति, अध्ययन - अध्यापन की दृष्टि से ऋग्वेद की विभिन्न शाखाये प्रचलित हुई। महर्षि पतञ्जलि (१) के अनुसार ऋग्वेद की २१ शाखाये थी। चरणव्यूह ने शाकल, वाष्कल, आश्वलायन, शारवायन तथा माण्डूकायन शाखाओ को प्रमुख माना है। सम्प्रति ऋग्वेद की शाकलशाखा ही उपलब्ध है। श्रीविद्यालङ्क.ार शाकल्य ऋषि को शाकल नगरी (स्यालकोट) का निवासी मानते है। शाकल सहिता मे १०१७ मन्त्र है। वाष्कल शाखा अब अप्राप्य है। वाष्कल शाखा मे शाकल शाखा से आठ मन्त्र अधिक है। (२) कवीन्द्राचार्य (१७वी शती) ने आश्वलायन सहिता का उल्लेख किया है।

नोट :

---

(१) "एकविशतितया वाहवृच्यम्"। पतञ्जलि

(२) "एतत्—- सहस्र दशसप्तचैवाष्टावतो वाष्कलोधिकानि"

अनुवाकानुक्रमणी

ऋ २/२६/

## अष्टक क्रम - मण्डल क्रम

शाखाभेद के कारण ऋग्वेद के विभाग उपलब्ध होते है अष्टक क्रम और मण्डल क्रम अष्टक क्रम मे –अष्टक, अध्याय, वर्ग, मन्त्र (ऋचा) रूप मे ऋग्वेद का विभाजन किया गया है, जबकि मण्डल–क्रम मे मण्डल, अनुवाक, सूक्त, मन्त्र (ऋचा) के रूप मे विभाजन है।

### अष्टक - क्रम

| अष्टक | अध्याय | वर्ग | मन्त्र |
|---|---|---|---|
| १ | ८ | २६५ | १३७० |
| २ | ८ | २२१ | ११४७ |
| ३ | ८ | २२५ | १२०६ |
| ४ | ८ | २५० | १२८६ |
| ५ | ८ | २३८ | १३६३ |
| ६ | ८ | ३३१ | १७३० |
| ७ | ८ | २४८ | १२६३ |
| ८ | ८ | २४६ | १२८१ |
| **योग ८** | **६४** | **२०२४** | **१०५५२** |

(१) **इनमें बालखिल्य के १६ वर्ग सम्मिलित हैं। खिल का अर्थ होता है शेष (बचा हुआ)**

मण्डल क्रम

| मण्डल | अनुवाक | सूक्त | मन्त्र |
|---|---|---|---|
| १ | २४ | १९१ | २००६ |
| २ | ४ | ४३ | ४२९ |
| ३ | ५ | ६२ | ६१७ |
| ४ | ५ | ५८ | ५८९ |
| ५ | ६ | ८७ | ७२७ |
| ६ | ६ | ७५ | ७६५ |
| ७ | ६ | १०४ | ८४१ |
| ८ | १० | १०३ | १७१६ |
| ९ | ७ | ११४ | ११०८ |
| १० | १२ | १९१ | १७५४ |
| योग = १० | ८५ | १०२८ | १०५५२ |

इसमे बालखिल्य के ११ सूक्त सम्मिलित है।

अष्टक - क्रम की अपेक्षा मण्डल -—क्रम अधिक वैज्ञानिक तथा विचारपूर्वक विभाजित किया गया प्रतीत होता है। इसीकारण ऋग्वेद को - 'दशतयी या दाशतायी' की सज्ञा प्रदान की गयी है। शारीरिक भाष्य (१) तथा वृहत -—हारीत -—स्मृति मे क्रमश 'दाशतय्यो' तथा 'दशक्रमात्' (२) शब्द का प्रयोग हुआ है। मण्डल क्रम के अनुसार प्रत्येक ऋषि के मन्त्र एक ही सूक्त मे रखे गये है। अनुवाक मे भी एक वश के ऋषियो के सूक्त रखे गये है। यदि ऋषि के सूक्त की सख्या कम है तो उन्हे अलग अनुवाक मे रखा गया है, जबकि अष्टको अध्यायो एव वर्गो का प्रारम्भ एव समापन बिना किसी नियम के हो जाता है।
शौनक ऋषि के अनुसार ऋग्वेद मे १०५८० १/४ मन्त्र है। जबकि चरणब्यूह के अनुसार १०६८१ मन्त्र है। सम्प्रति ऋग्वेद मे १०५५२ मन्त्र, १५३८२६ शब्द तथा ४३२००० अक्षर प्राप्त होते है।

नोट :

---

(१) —"दाशतय्यों दृष्टा."— १/३/३० शाकर,शारीरिक भाष्य।

(२) "ऋग्वेद संहिताया तु मण्डलनि दश क्रमात्।"

१०/६३ बृहतहारीत — स्मृति।

# ऋग्वेद का काल निर्धारण

ठोस साक्ष्य न मिलने के कारण ऋग्वेद का काल निर्धारण अत्यन्त दुष्कर कार्य है। सक्षेप मे कतिपय विद्वानो का निष्कर्ष विचारणीय है। वेद को अनादि (१) एव सृष्टिपूर्व माना गया है। बाल गगाधर तिलक ने ज्योतिष के आधार पर ऋग्वेद का काल ६०००– ४००० ई०पू० माना गया है। अविनाश चन्द्र गुप्त ने भूगोल का आधार मानकर ऋग्वेद का काल लाखो वर्ष पूर्व होना निश्चित किया है। –

मैक्सम्यूलर ने १२०० ई० पू० ऋग्वेद का काल निर्धारित किया था। लेकिन अपनी मान्यता का खण्डन ३० वर्ष पश्चात् करते हुए उन्होने ३००० ई०पू० से पहले का होना स्वीकार किया। मैकडॉनल ने १३००–१००० ई०पू०, ब्यूलर ने २००० ई०पू०, याकोबी ने ३००० ई० पू०, थेडर ने २००० ई० पू० का ऋग्वेद को माना है। काल –निर्णय के विषय मे ऋग्वेद का ई० पू० होना एकमत से स्वीकार किया गया है।

वेदाध्ययन की दृष्टि से १८३८–१८६३ ई० का काल महत्वपूर्ण रहा। १८३८ मे फ्रीडिक रोजन ने ऋग्वेद के प्रथम पॉच मण्डलो को प्रकाशित करवाया।

नोट

---

(१) "अनादि निधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयम्भुवा।
आदौ वेदमयी दिव्या यत सर्वा प्रकृत्तय ।।
नाम रूपं च भूताना कर्मणां च प्रवर्तनम्।
वेद शब्देभ्य एवादौ निर्ममे स महेश्वर ।।
सर्वेषा तु नामानि कर्माणि च पृथक्–पृथक् ।
वेद शब्देभ्य एवादौ पृथकसस्थाश्च निर्ममे।।

ब्रह्मसूत्र १/३/२८ ।।

इमेन बर्नफ ने यूरोप मे वेदाध्ययन का प्रचार किया। उनके शिष्य रूडाल्फ रॉथ जिनकी पुस्तक "ZW Littertor Und GescHıHTedes weda "

वैदिक साहित्य के इतिहास तथा भाषा विज्ञान की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सर्वप्रथम सम्पूर्ण ऋग्वेद का सम्पादन – (१८६१ - १८६३ ई०) थामस अल्फ्रेट ने किया। बर्नफ के शिष्यो मे मैक्सम्यूलर का नाम उल्लेखनीय है। उन्होने सायण भाष्य के आधार पर सम्पूर्ण ऋग्वेद का सम्पादन किया।

ऋग्वेद का द्वितीय – मण्डल वश मण्डल या "Famıly Book" के अर्न्तगत है। ऐसा पाश्चात्यो का अभिमत है। दो से सात मण्डल एक ही ऋषि–वश के द्वारा दृष्ट मन्त्रो के सकलन के कारण वश मण्डल कहलाते है।

द्वितीय मण्डल मे ४ अनुवाक्, ४३ सूक्त तथा ४२६ मन्त्र (ऋचाये) है।

सकल द्वितीय मण्डल गृत्समद ऋषि और उनके वश ज - शौनक आङ्गिरस, शौनहोत्र, भार्गव भार्गव, सोमाहुति भार्गव और कूर्म आदि के द्वारा ही पूर्ण है।

नोट .

---

**(1)"The majority of the oldest hymns are to be found in book II to VIII which are usually called the "Family-Book' because each is associated by Tradition to a Particular family of singers."**

**विन्टरनिट्ज -**

# वेदों के भारतीय और पाश्चात्य व्याख्याकार

वेदो मे ज्ञान का वह अक्षय भण्डार है जिसने प्राचीनकाल से ही अनेक विद्वानो को अपनी ओर आकृष्ट कियाहै। ब्राह्मणो को वेदो का व्याख्यान ग्रन्थ कहा गया है। ब्राह्मणो मे वैदिक कर्मकाण्ड का सविस्तार वर्णन किया है। शब्दो और अनुवाद को ध्यान मे रखते हुए वेदो पर अनेक भाष्य लिखे गये है। दुर्भाग्य से अनेक भाष्य अप्राप्त है। ऋग्वेद के जिन प्रमुख भाष्यकारो का वर्णन उपलब्ध होता है, उनका विवरण निम्न है–

**स्कन्दस्वामी** - स्कन्दस्वामी को ऋग्वेद का प्राचीनतम भाष्यकार माना गया है। उनके ऋग्वेद भाष्य के प्रथमाष्टक मे प्राप्त विवरण के अनुसार ज्ञात होता है कि ये गुजरात प्रान्त के "वलभी" के रहने वाले थे। इनके पिता का नाम – "भतृध्रुव" था। शतपथ ब्राह्मण के भाष्यकार हरिस्वामी ने स्कन्दस्वामी को अपना गुरू माना। स्कन्दस्वामी का समय (६२५ ई०) के आसपास अनुमानत सिद्ध होता है।

नोट .

---

(1) बलभी विनिवास्येतामृगर्थागम् संहृतिम् भर्तृध्रुवसुतश्चक्रेस्कन्दस्वामी यथास्मृति।। ऋग्वेदभाष्य चतुर्थोष्टकः अष्टमोऽध्यायः पृ० सं० २२१८

(2) श्रीस्कन्दस्वाम्यस्ति में गुरूः। " शतपथ भाष्य ५/६/७

**नारायण**

स्कन्दस्वामी, नारायण तथा उद्‌गीथ को सयुक्त रूप से ऋग्वेद को भाष्यकार कहा गया है।

**उद्‌गीथ**

स्कन्दस्वामी के सहायक भाष्यकार के रूप मे उद्‌गीथ का विवरण प्राप्त होता है। उद्‌गीथ कर्नाटक के 'वनवासी' नामक स्थल के निवासी थे।

**वेङ्क.टमाधव**

ने सम्पूर्ण ऋग्वेद पर अपना भाष्य लिखा। चतुर्थ अष्टक के उनके भाष्य के आधार पर ज्ञात होता है कि इनके पिता – श्री 'वेङ्कटार्य' थे।

**सायण**

सायण का वेदो के भाष्यकारो मे सर्वाधिक महत्वूपर्ण स्थान है। सायण विजयनगर राज्य के सस्थापक महाराज 'बुक्का' और 'हरिहर' के महामात्य थे। सायण के पिता का नाम 'मायण' माता 'श्रीमती अथवा 'श्रीमायी' ज्येष्ठभ्राता–'माधवाचार्य' कनिष्ठभ्राता'भोगनाथ' और ३ पुत्र कपड, मायण तथा शिङ्गण थे। इन सभी का विवरण सायण के ग्रन्थो मे मिलता है। सायण ने वैदिक साहित्य पर भाष्य (२) लिखे है।

नोट

(1)ऋगर्थदीपिका सेय चतुर्थश्चायमष्टक ।

कर्ता श्रीवेङ्क.टार्थस्य तनयो माधवाहय ।।

ऋग्वेद भाष्य चतुर्थो अष्टको अष्टमोऽध्याय. पृ० स० २२१८

(2) (१) तैत्तिरीय स० (कृष्ण यजुर्वेद की)

2)ऋ०सं० (३) सामवेद स० (४) काण्व स०

(५) अथर्ववेद सं०

(६) सायण के द्वारा व्याख्यात ब्राह्मण और आरण्यक––

क—कृष्ण यजुर्वेदीय ब्राह्मण

१—तैत्तिरीय ब्राह्मण २—तैत्तिरीय आरण्यक

ख— ऋग्वेदीय ब्राह्मण

१—ऐतरेय ब्राह्मण २ ऐतरेय आरण्यक

ग सामवेदीय ब्राह्मण

१ ताण्ड्य (पञ्चविंश) महाब्राह्मण

२ षड्विंश ब्राह्मण

३ सामविधान ब्राह्मण

४ देवताध्याय ब्राह्मण

५ आर्षेय ब्राह्मण

६ उपनिषद् ब्राह्मण

७ संहितोपनिषद् ब्राह्मण

८ वंश ब्राह्मण

घ शुक्ल यजुर्वेदीय ब्राह्मण

६. शतपथ ब्राह्मण—- 'वेद भाष्य भूमिका संग्रह—

पृ०सं० ३१—३

सायण के अन्य ग्रन्थ है—

सुभाषित - सुधानिधि, प्रायश्चित ––सुधानिधि, आयुर्वेद ––सुधानिधि, अलङ्कार–– सुधानिधि, पुरुषार्थ–– सुधानिधि, माधवीया धातृवृत्ति आदि। सायण की ऋग्वेद की व्याख्या अति सरल है। भाषा ऋजु है।

यथावसर शब्दो की व्युत्पत्ति, कथानक का विस्तार, यज्ञ–पद्धति का विश्लेषण किया गया है। वेद ज्ञानार्थ सायण भाष्य अवश्यमेव पठनीय है।

**मुद्गल**–– सायण के अनुयायी थे। ऋग्वेद के प्रथमाष्टक एव चतुर्थाष्टक के पॉच अध्यायो परमुद्गल का भाष्य प्राप्त होता है।

**शाकल्य** - ने ऋग्वेद का पदपाठ किया है। वर्तमान समय (आधुनिक काल ) मे शङ्कर पाण्डुरङग दीक्षित ने ऋग्वेद–– की व्याख्या का कार्य क – 'वेदार्थ यत्न' नामक ग्रन्थ मे प्रारम्भ किया था, जो 'मराठी और ऑग्ल भाषा' मे है। उनकी असामयिक मृत्यु से यह कार्य ऋग्वेद के तृतीय मण्डल पर्यन्त ही हो सका।

लोकमान्य बालगङ्गाधर तिलक ने वैदिक आलोचना का ' ओरायन' और 'आर्कटिक होम इन द वेदाज' ग्रन्थ लिखा। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने आध्यात्मिक पद्धति पर आधारित 'ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका' का प्रणयन किया। श्री अरविन्द की पुस्तक 'Hymns To The mystic Fire" वेदो के आध्यात्मिक तथ्यो का स्पष्ट निरूपण करती है । श्री अविनास चन्द्र दास ने ऑग्ल भाषा मे 'Rigvedic India' नामक पुस्तक लिखी। श्रीपाद दामोदर सातवलेकर–ने 'ऋग्वेद मे सुबोध भाष्य' नामक ग्रन्थ राष्ट्रभाषा हिन्दी मे लिखा। इसकी भाषा सरल है और ऋग्वेद के हिन्दी अनुवाद मे इस ग्रन्थ का महत्वपूर्ण स्थान है।

श्री राम गोविन्द त्रिवेदी ने ऋग्वेद का 'हिन्दी' श्री रमेश चन्द्र ने 'बगला' तथा सिद्धेश्वर शास्त्री चित्राव ने मराठी मे अनुवाद किया। इसके अतिरिक्त स्वामी विश्वेश्वरानन्द ने चारो वेदो की 'पद–सूची' प्रकाशित की। स्वामी करपात्री जी ने 'वेदार्थ परिजात' नामक ग्रन्थ का प्रणयन किया। आचार्य बल्देव उपाध्याय की 'वैदिक साहित्य और सस्कृति' तथा श्री गजानन्द शास्त्री मुसलगॉव कर एव प० गजेश्वर केशव शास्त्री का 'वैदिक साहित्य का इतिहास' पठनीय है। डा० सूर्यकान्त का 'वैदिक कोश' विश्वबन्धु का 'वैदिक पदानुक्रम कोश' भगवद्दत्त का 'वैदिक वाङ्मय का इतिहास ' हसराज 'भगवद्दत का 'वैदिक कोश' श्री राम कुमार राय द्वारा अनुदित ग्रन्थ वेदाध्ययन मे अति सहायक है। पाश्चात्यो मे मैकडॉनल, मैक्सम्यूलर, विल्सन, कीथ, राथ, बेवर, प्रभृति विद्वान् उल्लेखनीय है।

# द्वितीय मण्डल में प्रयुक्त छन्द

श्चद् धातु का अर्थ प्रसन्न करना, और प्रसन्न होना है। इससे हरिश्चन्द्र पुरुश्चन्द्र, सुश्चन्द्र पद बने है। श् का लोप होने से अधिकतर पद चद् हो गया , जिससे चन्दन, चन्द्र पद बने हे इसीलिए कथन की एक विशिष्ट शैली छन्दस् है। छन्दस् का अर्थ कहने का अहलादकारी ढग है। 'छादनात् छन्द' ब्रह्म वाग् को आच्छादित करने के कारण छन्द सज्ञा होती है। ये छन्दअनेकविध हुआ करते है गायत्री मूल छन्द है। जिसमे २४ अक्षर होते है। इसमे ४–४अक्षर और योग करने से उष्णिक् अनुष्टुप् आदि छन्द बनते जाते है, वैदिक छन्द गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्। वृहती, पक्ति, त्रिष्टुभ, जगती आदि छन्द परिगणित किये गये है। इनमे भी न्यूनाधिक्य अक्षर समाम्नाय के योग से छन्द होते जाते है। छन्दो की विवरण तालिका निम्नवत् है–

नोट.–

---

(१)

(अ) छन्दासि छादनात् – निरुक्त ७/१६

(ब) यदेभिरात्मानमाच्छादयन् देवामृत्योर्विभ्यत., तच्छन्दसा छन्दस्वम्। दुर्गाचार्य

वैदिक साहित्य का इतिहास, पृष्ठ ३५५

# प्रधान वैदिक छन्द

| नाम | पाद | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १ गायत्री | ८ अक्षर | ८ | ८ | | |
| २ उष्णिक् | ८ | ८ | १२ | | |
| ३ पुरउष्णिक् | १२ | ८ | ८ | | |
| ४ ककुप् | ८ | १२ | ८ | | |
| ५ अनुष्टुप् | ८ | ८ | ८ | ८ | |
| ६ बृहती | ८ | ८ | १२ | ८ | |
| ७ सतोबृहती | १२ | ८ | १२ | ८ | |
| ८ पङ्क्ति | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ |
| ९. प्रस्तार पङ्क्ति | १२ | १२ | ८ | ८ | |
| १० त्रिष्टुभ् | ११ | ११ | ११ | ११ | |
| ११ जगती | १२ | १२ | १२ | १२ | |

छन्द वेद का पञ्चम अङ्ग है। वेद के मन्त्रो के उच्चारण के निमित्त छन्द–शास्त्र का ज्ञान बहुत ही आवश्यक है। छन्दो का बिना ज्ञान हुए मन्त्रो का उच्चारण तथा पाठ सम्यक् नही हो सकता। प्रत्येक सूक्त मे देवता, =ऋषि तथा छन्द की सत्ता अनिवार्य रूप से मानी गयी है। कात्यायन का यह स्पष्ट कथन है कि———

' जो व्यक्ति छन्द, =ऋषि तथा देवता के ज्ञान से हीन होकर मन्त्र का अध्ययन, अध्यापन, यजन तथा याजन करता है, उसका यह प्रत्येक कार्य निष्फल ही होता है।'[१]

प्रधान छन्दो के नाम सहिता तथा ब्राहमणो मे उपलब्ध होते है, जिससे प्रतीत होता है कि इस अङ्ग की उत्पत्ति वैदिक युग मे ही हो गयी थी। इस वेदाङ्ग का प्रतिनिधि ग्रन्थ है पिङ्गलाचार्य कृत छन्द सूत्र। आचार्य पिङ्गल के काल का निर्धारण करना असम्भव बना हुआ है इनके ग्रन्थ मे आठ अध्याय है और सूत्र रूप मे निबद्ध किया गया है। आरम्भ से चतुर्थ अध्याय के ७वे सूत्र तक वैदिक छन्दो के लक्षण दिये गये है, तदनन्तर लौकिक छन्दो का वर्णन है। इसके ऊपर भट्ट हलायुध कृत 'मृतसञ्जीवनी' नामक व्याख्या प्रसिद्ध है।

ऋ० के द्वितीय मण्डल मे प्रयुक्त विभिन्न छन्दो का विवरण निम्न है—

नोट.–

(१) यो ह वा अविदितार्षेयच्छन्दो – दैवत–ब्राह्मणेन मन्त्रेण याजयति वा अध्यापयति वा स्थाणु वर्च्छति गर्ते वा पात्यते प्रमीयते वा पापीयान् भवति। सर्वानुक्रमणी १। १।

# छन्द.

| | | नाम | सख्या |
|---|---|---|---|
| १ | | **गायत्री छन्द** | |
| | १ | गायत्री | १६ |
| | २ | निचृद् गायत्री | २५ |
| | ३ | विराट गायत्री | ५ |
| | ४ | विरूडपिपीलिका मध्य गायत्री | १ |
| | ५ | निचृत् पिपीलिका मध्य गायत्री | १ |
| | ६ | त्रिपाद् गायत्री | २ |
| २. | | **उष्णिक्** | |
| | १ | उष्णिक् | १ |
| | २ | भुरिक् उष्णिक् | १ |
| | ३ | ब्राह्मयुष्णिक् | १ |
| ३ | | **अनुष्टुप्** | |
| | १ | अनुष्टुप् | ५ |
| | २ | निचृदनुष्टुप् | ३ |
| | ३. | विराट् अनुष्टुप् | १ |
| ४ | | **त्रिष्टुप्** | |
| | १. | त्रिष्टुप् | ६५ |
| | २ | निचृद् त्रिष्टुप् | ६७ |
| | ३ | भुरिक् त्रिष्टुप | ३१ |
| | ४ | विराट् त्रिष्टुप् | ४२ |
| | ५ | स्वराट् त्रिष्टुप् | ६ |
| ५ | | **बृहती** | |
| | १. | बृहती | ३ |
| | २. | भुरिक् बृहती | २ |
| | ३. | स्वराड् बृहती | १ |
| ६. | | **जगती** | |
| | १. | जगती | ३० |
| | २. | निचृद् जगती | २२ |
| | ३. | विराट् जगती | ३१ |
| | ४ | भूरिक् जगती | १ |
| | ५. | स्वराड् जगती | १ |
| ७. | | **पङ्क्ति** | |
| | १ | पङ्क्ति | १५ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | २ | निचृद् पक्ति | ११ |
| | ३ | भुरिक् पक्ति | २२ |
| | ४ | स्वराड् पक्ति | १२ |
| | ५ | विराड् पक्ति | १ |
| | ६ | आर्षी पक्ति | ५ |
| ८ | | **अष्टि** | |
| | १ | अष्टि | १ |
| ६ | | **शक्वरी** | |
| | १ | निचृदति शक्वरी | १ |
| | २ | भूरिगति शक्वरी | २ |
| | ३ | स्वराड् शक्वरी | १ |
| | **कुल छन्दों की संख्या** | | **४३५** |

# द्वितीय - अध्याय

# ऋग्वेदसंहिता ः द्वितीय मण्डल

**[अनुवाक–4;सूक्त-43; मन्त्र-429]**

### वैदिक देवता ः स्वरूपविवेचन (चारित्रिक वैशिष्ट्य)

## अग्नि

अग्नि' ( अग्–नि ) शब्द की व्युत्पत्ति, सम्भवतः,/ 'अञ्ज् कान्तौ' (चमकना,प्रकाशित होना) धातु से 'इ' प्रत्यय होने पर निष्पन्न मानी गयी है, इसी धातु से पदविकास के प्रसङ्ग मे 'अङ्गार, 'अङ्ग', 'अङ्गिरस्, इत्यादि शब्द तुलनार्थ उल्लेखनीय है।

'अग्नि' ही वह प्रमुख पृथिवी स्थानीय देव है, जिसे वेदो के सस्कारित काव्य के केन्द्रभूत यज्ञीय अग्नि के मूर्त्तीकरण के रूप मे स्वाभाविक रूप से सर्वाधिक महत्व प्रदान किया गया है। 'अग्नि देव की स्वरूपगत एव चारित्रिक विशेषताओ का विवेचन ऋग्वेदीय द्वितीय मण्डल मन्त्र सूक्त–१ से १० तक समग्रतया एव स्वतन्त्र रीति से किया गया है। इसके अतिरिक्त, अन्य देवो के साथ सम्मिलित रूप से भी 'अग्नि' का आह्ववान किया गया है।

वैदिक देवताओ मे 'अग्नि' प्रधान देव है। 'अग्नि' का अर्थ है–वह देव,जो यज्ञ मे प्रदान की गई हवि को देवताओ तक पहुँचाता है। चूँकि 'अग्नि' का नाम नियमित रूप से साधारण अग्नि का ही द्योतक है, अत ,'अग्नि' की मानवाकृति का वर्णन सामान्य रूप से यज्ञीय अग्नि को ही लक्ष्य करके किया गया है। 'अग्नि' का धर्म है–प्रकाशित होना। यह अङ्गारमय है, प्रकाशमय है ("अङ्गिरा", "राजन्तम्")। 'अग्नि' का पृष्ठ धृतनिर्मित है ("घृतपृष्ठ")अग्नि'घृत मुख है तथा द्युतिमान् जिहवा वाला है। 'अग्नि' के तीन सिर होते है; 'अग्नि'का नेत्र 'घृत'है। 'अग्नि' सात रश्मियो से युक्त है [१]। यह सभी दिशाओ की ओर उन्मुख है ["प्रत्यङ् विश्वानि भुवनान्यस्थात्"-[२]। 'अग्नि' का रथ भी है–स्वर्णिम तथा प्रकाशमय। 'अग्नि' अपने रथ पर यज्ञगृह मे बलिग्रहणार्थ देवताओ को बैठाकर लाता है। यह अपने उपासको का सर्वदा सहायक होता है और प्रार्थनाओ से प्रसन्न होकर यह यजमान के पापो को दूर करता है। 'अग्नि' को प्राय. विभिन्न पशुओ के भी साथ समीकृत किया गया है, किन्तु, ऐसी स्थिति में, निश्चित रूप से, इसके व्यक्तिगत रूप की अपेक्षा इसके कार्य को ही ध्यान मे रखा गया है। प्राय 'अग्नि' की अश्वो से तुलना की गयी है, अथवा, प्रत्यक्ष रूप से 'अश्व' ही कहा गया है। इसकी पूँछ, जिसे यह अश्वो की भाँति हिलाता है ["अस्य रण्वा स्वस्येव पुष्टि . . . ... . न रथ्यो दोघवीति वारान्।।"[3],निस्सन्देह, इसकी ज्वाला ही है। यही वह 'अश्व' है, जिसे स्तोतागण पालना एव निर्देशित करना चाहते है ["होताजनिष्ट चेतन पिता पितृभ्य ऊतये। "[४]। 'अग्नि' को उस उस'अश्व' की भाँति प्रज्वलित किया जाता है, जो देवो को लाता है। इसे यज्ञस्थल के स्तम्भ के साथ सन्नद्ध किया जाता है।[५]। इसके अतिरिक्त, 'अग्नि'एक पक्षी के समान है। यह पखयुक्त है[६] इसका पथ एक उड,नमार्ग है और यह तीव्र गति से देवताओ के प्रति गमन करता है। किञ्च,'अग्नि'की प्राय अनेक जड, पदार्थो से भी तुलना की गयी है। 'सूर्य' की भाँति यह भी स्वर्ण के समान है।

---

नोट.1-[ऋ,2-5-3] 2-[ऋ०,2-3-1] 3-[ऋ०,2-3-1] 4-[–ऋ, 2-5-1] 5-[ऋ,2-2-1] 6-[ऋ,2-2-4]

["समिधान सुप्रयस स्वर्णर द्युक्ष होतार वृजनेषु धूर्षदम्"[1]। यह रथ के समान है,अथवा, प्रत्यक्ष रूप से ,यह सम्पत्ति का आनयन करने वाला रथ ही कहा गया है। 'अग्नि'की धन से,अथवा, वशानुक्रम द्वारा प्राप्त धन से भी तुलना की गयी है।

काष्ठ (अथवा,घृत) 'अग्नि' का भोजन है और तरल घृत इसका पेय है ["द्रवन्नः सर्पिरासुतिः प्रत्नो होता वरेण्यः"[2]। इसके मुख मे डाले गये घृत से यह पुष्ट होता है। कभी—कभी इसे वह मुख कहा गया है,जिससे देवगण हविष्य का भक्षण करते है। ["त्वा रातिषाचो अध्वरेषु सश्चिरे त्वे देवा हविरदन्त्या हुतम्" [3] तथा, "त्वे अग्ने विश्वे अद्रुह अमृतासो आसा देवा हविरदन्त्याहुतम्" ।[4] यद्यपि 'अग्नि' का नियमित हविः ईधन अथवा घृत है,तथापि कभी—कभी और अन्य देवताओ। के साथ प्रायः सदा ही इसे सोम—पान के लिए भी निमन्त्रित किया गया है ["आ वक्षि देवॉ इह भागस्य तृण्णुहि।।" [5]।'अग्नि' को यज्ञगृह मे आने के लिए निमन्त्रित किया गया है तथा अनेकशः देवताओ के साथ इसे भी यज्ञीय कुशासन पर आसीन अभिहित किया गया है।

'अग्नि'अद्भुत प्रकाश वाला है ["चित्र—भानुः "[6]; यह भास्वर ज्वालाओ वाला है, इसका वर्ण भास्वर है। 'अग्नि' हिरण्यरूप है; यह 'सूर्य' की भॉति प्रकाशित होता है। इसकी प्रभा 'उषा' ,'सूर्य' एव 'विद्युत्' के समान है। 'अग्नि' का भ्रमण-पथ, सञ्चार-मार्ग तथा चक्रधार आदि सभी कृष्ण वर्ण वाले है

["कृष्णाध्वा तपू रण्वश्चिकेत द्यौरिव स्मयमानो नमोभिः"—[7] तथा, "अग्निः शोचिष्मॉ . . . ..कृष्णव्यथिरस्वदयन्न भूम"—[8]। 'वायु' के द्वारा प्रेरित होकर यह वनो के बीच अग्रसर होता है। यह वनो पर आक्रमण करता है तथा पृथ्वी के केशो (अर्थात्, वनस्पतियो) को उसी प्रकार साफ कर देता है, जिस प्रकार कोई नापित दाढी को। 'अग्नि' की ज्वलाये समुद्र की गर्जनशील लहरो के समान है। इसकी ध्वनि वायु अथवा आकाश के गर्जन के समान है। जब 'अग्नि' वन्य वृक्षो पर आकमण करता है, तब एक वृषभ की भॉति गर्जन करता है और इसकी वनस्पतियो को आत्मसात् कर लेने वाली चिनगारियो की ध्वनि से प्राणिजात भयभीत हो जाते है। मरुतो के शब्द, आक्रणशील सेना अथवा आकाशीय वज्र के समान इसे भी रोका नही जा सकता ।

'अप्', उषस्', 'त्वष्टा', 'द्यावापृथिवी' तथा 'विष्णु' को 'अग्नि' का उद्भावक माना गया है। यह दो अरणियो के सघर्ष से उत्पन्न होता है। 'अग्नि' को कभी 'द्यावापृथिवी का पुत्र', तो कभी 'द्यौः का सूनु' कहा गया है। 'अपा नपात्' के रूप मे 'अग्नि' एक स्वतन्त्र देवता ही है। 'अग्नि' का जन्मस्थान स्वर्ग है' जहॉ से 'मातरिश्वा' ने मनुष्यो के कल्याणार्थ इसका भूतल पर आनयन किया ; अथवा, 'इन्द्र' ने दो पत्थरो के बीच से 'अग्नि' को उत्पन्न—किया [9]। प्रायः ऐसा भी कहा गया है कि 'अग्नि' को देवो ने केवल मनुष्यमात्र के लिए निर्मित किया, अथवा, इसे मनुष्यो के बीच स्थित किया ["अग्नि देवासो मानुषीषु विक्षु प्रिय धुः ..... . . "-[10]। परन्तु ,साथ ही साथ,'अग्नि' देवो का पिता भी है।

'अग्नि' उत्पन्न करने के लिए शक्तिशाली घर्षण की आवश्यकता के कारण ही सम्भवतः 'अग्नि' को प्रायः "सहसः पुत्र/सूनु" ('शक्ति का पुत्र') कहा गया है। इसकी पुष्टि उस कथन से होती है,जिसमे कहा गया है कि "शक्तिपूर्वक ('सहसा') घर्षण करने से मनुष्यो द्वारा 'अग्नि' पृथ्वी पर उत्पन्न होता है।" पुरानो के विपरीत, 'अग्नि' के नवीन जन्म होते रहते है। वृद्ध हो जाने पर, पुनः एक युवा के रूप मे जन्म लेता है ["स चित्रेण चिकिते रसु भासा जुजुर्वॉं यो मुहुरा युवा भूत् ।।"[11]।

नोट.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1-[ ऋ०,2-2-4] | 4-[ऋ०,2-1-14] | 7-[ ऋ०,2-4-6] | 10--[ऋ०,2-2-3] |
| 2-[ऋ०,2-7-6] | 5-[ऋ०,2-36-4] | 8-[ऋ०,2-4-7] | 11-[—ऋ०,2-4-5] |
| 3-[ऋ०,2-1-1 ] | 6-[ऋ०,2-10-2] | 9-[ऋ०,2-12-3;ऋ०,2-1-1]— | |

प्रायः, सामान्य रूप से, 'अग्नि' को वनो से पौधो के भ्रूण के रूप मे उत्पन्न कहा गया है ["त्व गर्भो वीरूधा जज्ञिषे शुचिः" [1]। जब 'अग्नि' को वृक्षो और पौधो का भ्रूण कहा गया है ["त्व वनेभ्यस्त्वमो-षधीभ्यः"[2],तब वहाँ वनो मे वृक्षो की शाखाओ के घर्षण द्वारा उत्पन्न 'अग्नि' का परोक्ष आशय सम्भाव्य है।

'अग्नि' को प्रायः अन्य देवो और मुख्यतः 'वरूण' तथा 'मित्र' के साथ भी समीकृत किया गया है ["त्वमग्ने राजा वरूणो धृतव्रतस्त्व मित्रो भवसि दस्म ईड्यः"[3]। जब यह जन्म लेता है, तब 'वरूण' होता है और जब प्रदीप्त होता है, तब 'मित्र' । एक स्थल पर 'अग्नि' को पाँच देवियो के अतिरिक्त क्रमशः एक दर्जन देवो के साथ भी समीकृत किया गया है [४]। 'अग्नि' विभिन्न दिव्य रूप धारण करता है और इसके अनेक अभिधान है। इसी मे समस्त देवो को स्थित माना गया और यह समस्त देवो को, तीलियो को चक्रधार के समान,आवृत कर धारण करता है, ऐसा भी कहा गया है।

'अग्नि' ही वह देवता है, जिसको पूर्वजो ने प्रदीप्त किया और जिसकी वे लोग स्तुति करते ये । इसी प्रसङ्ग मे, 'भरत की अग्नि' ["भारताग्ने द्युमन्तमा भर" [5] भी प्राप्त होता है।

यज्ञ सम्पन्न कराने वाले के रूप मे प्रधान वैदिक कर्म के फलस्वरूप पृथ्वी के पुरोहितो के एक दिव्य प्रतिरूप की भाँति ही 'अग्नि' की प्रशस्ति की गयी है। 'होतृ', 'अध्वर्यु', 'ब्रह्मन्' इत्यादि तथा अन्य विशिष्ट अभिधानो वाले विभिन्न मानवीय ऋत्विजो के सभी कार्यों के एकत्र कर प्रतिपादित किया गया है ["त्वाग्ने होत्र तव पोत्रमृत्विय तव नेष्ट्र त्वमग्निदृतायतः। तव प्रशास्त्रं त्वमध्वरीयसि ब्रह्मा चासि गृहपतिश्च नो दमे ।।"[६]। पौरो-हित्य-'अग्नि' के चरित्र का,वस्तुतः, एक सर्वाधिक विशिष्ट गुण है।।

'अग्नि' का ज्ञान सर्वातिशायी है। यह समग्र उत्पन्न प्राणिजातो को जानता है, अतः, यह 'जातवेदाः', यद्वा, 'जातवेदस्' के नाम से प्रख्यात है। समग्रज्ञानसम्पन्न यह ज्ञान को उसी प्रकार आवृत कर धारण करता है, जिस प्रकार चक्रधार पहिये को ["परि विश्वानि काव्या नेमिश्चक्रमिवाभवत्"[७]। ज्ञान को 'अग्नि' ने जन्म लेते ही अर्जित कर लिया है। "विश्वविद्", "विश्ववेदस्", "कवि" तथा "कविक्रतु" इत्यादि विशेषणो को प्रमुखतः 'अग्नि' के ही साथ सम्बद्ध किया गया है। 'अग्नि' को "श्रेष्ठ वाणी का आविष्कर्ता" भी कहा गया है ["त्व शुक्रस्य वचसो मनोता"[८]। किञ्च, इसे एक गायक ('जरितृ') भी अभिहित किया गया है।

यद्यपि 'अग्नि' एक भारोपीय शब्द है, तथापि इस नाम के साथ इसकी उपासना सर्वथा भारतीय है। 'अग्नि' का मानव जीवन से घनिष्ठ सम्बन्ध है। कोई भी यज्ञ—यागादि 'अग्नि' के अभाव मे अनुष्ठित नही किया जा सकता। सम्पूर्ण गृहकृत्य के लिए 'अग्नि' की महती आवश्यकता है। अग्नि के माध्यम से ही इस ससार मे प्रकाश का अविर्भाव हुआ है। वैदिक युग में ऋषियो के समक्ष 'अग्नि' की सर्वाधिक उपादेयता सिद्ध हुई है। इसी लिए, वैदिक ऋषि 'अग्नि'—देव से अपनी उन्नति एव कल्याण की प्रार्थना करता है। फलत 'अग्नि' की वैदिक देवताओ मे प्रधानता के विषय मे किसी प्रकार का सन्देह नही किया जा सकता।

---

नोटः

1-[ऋ,2-1-14]
2-[ऋ०,2-1-1]
3-[ऋ०,2-1-4]
4-[ऋ०,2-1-2 से ]
5-[—ऋ०,2-7-1]
6-[—ऋ०,2-1-2]
7-[—ऋ०,2-5-3]
8-[—ऋ०,2-9-4]

# इन्द्र

'इन्द्र' ('इन्द्र'–र) शब्द,/ इन्द्र इन्ध् दीप्तौ' धातु से 'र' प्रत्यय होने पर व्युत्पन्न माना गया है। वृष्टि और प्रकाश का अधिदेव 'इन्द्र' वैदिक आर्यो का महनीय राष्ट्रीय देव है। 'इन्द्र', वस्तुत वैदिक आर्यो का युद्धाधिदेव है। ऋग्वेदीय द्वितीय मण्डलान्तर्गत 11 वे से लेकर 22 वे तक के सभी सूक्तो मे 'इन्द्र' की महत्ता का गुणगान किया गया है। इसके अतिरिक्त, अन्य अवश्कोटीय देवताओ, यथा–'मधु' 'नभ', 'वायु' एव 'ब्रहमणस्पति' इत्यादि– के साथ सम्मिलित रूप से भी इसका स्तवन अनेकश उपलब्ध होता है। जिस प्रकार 'अग्नि' और 'सूर्य' क्रमश 'पृथ्वी–लोक' एव 'द्युलोक' के अधिपति है, उसी प्रकार 'इन्द्र' 'अन्तरिक्ष लोक' (मध्य स्थान) का अधिपति है, और, 'अग्नि'–इन्द्र (यद्वा,वायु)–सूर्य की त्रयीमे यह 'वायु' का प्रतिनिधि है।

'इन्द्र' के अनेक दैहिक वैशिष्ट्यो का बहुश उल्लेख मिलता है। 'इन्द्र' का एक शरीर है, एक सिर तथा भुजाये और हाथ है। सोमपान करने की इसकी शक्ति के सन्दर्भ मे इसके उदर का भी प्राय उल्लेख किया गया है। "जठरे सोम तन्वी ३ सही महो हस्ते वज्र भरति शीर्षणि क्रतुम" [१]। 'इन्द्र' स्वय भूरे रग का देव है तथा इसके बाल और दाढी भी भूरी है। यह अपने पराक्रम से समस्त देवो को अभिभूत कर देता है। तथा उत्पन्न होते ही देवो मे अग्रगण्य स्थान प्राप्त कर लेता है, इसके पौरूष की महिमा से द्युलोक एव पृथ्वी लोक कॉप गये। "यो जात एव प्रथमो 'मनस्वान्'

स जनास इन्द्र ।।" [२] 'इन्द्र' आर्यो को अनार्यो के विरूद्ध युद्ध मे सहायता प्रदान करके विजयी बनाता है। आर्यो को विजय प्रदान करने वाले देव होने के कारण 'इन्द्र' की भव्य स्तुतियॉ बल एव ओज के वर्णन से परिपूर्ण है। जिसके बिना मनुष्य जीत नही सकता, युद्ध के अवसर पर सहायता के लिए जिसका आह्वान किया जाता है, अच्युत को च्युत करने वाला वह ही 'इन्द्र' है ("यस्मान्न ऋते विजयन्ते जनासो स जनास इन्द्र ।।" [३] इसी लिए 'इन्द्र' अपने अपूजको और विरोधियो का वध करता है। 'इन्द्र' अपने भक्तो की रक्षा एव सहायता करता है।

'वज्र', अनन्यत केवल 'इन्द्र' क ही अस्त्र माना गया है। 'ऐतरेय ब्राहमण (4/1) मे कहा गया है। कि देवो ने ही 'इन्द्र' को वज्र प्रदान किया था। 'इन्द्र' के लिए 'वज्रभृत' "वज्रिवत्", "वज्रदक्षिण", "वज्रहस्त" तथा "वज्रिन", इत्यादि विशेषण व्यवहृत किये गये है।

यद्यपि सामान्य रूप से सभी देव 'सोम' के प्रेमी है, तथापि 'इन्द्र' इसका सबसे प्रमुख व्यसनी है। यह देवो तथा मनुष्यो मे सर्वाधिक सोमपान करने वाला है, सोम इसका प्रिय पोषक पेय है, इस कारण "सोमपा", "सोमपावन", इत्यादि बहुश प्रयुक्त विशेषण इसके ही वैशिष्ट्य है। प्राय यह कहा गया है कि 'सोम' 'इन्द्र' को महत्तम दिव्य कार्य, यथा पृथ्वी और आकाश का धारण,–पृथ्वी का विस्तारण आदि, करने की उत्तेजना प्रदान करता है। ("अवशे द्यामस्तभायद .

मद इन्द्रश्चकार।।" [४] किन्तु, यह ("सोम") विशिष्टत, इन्द्र को युद्ध – अभियान, जैसे – वृत्रासुर का वध करने, अथवा शत्रुओ पर विजय प्राप्त करने के लिए उत्साहित करता है ["प्रधान्वस्य – करता है। (प्रधान्वस्य महतो महानि .

. मदे अहिमिन्द्रो जघान।।" [५] तथा, "अस्य मन्दानो मध्वो .. . नदीना चक्रमन्त।।" [६]

'इन्द्र' अनेक देवताओ के साथ सयुक्त रूप से भी निर्दिष्ट है, विशेषकर 'मरुतो' ("मरुत्वन्त्" इन्द्र का विशिष्ट अभिधान), 'अग्नि' तथा 'वरूण' के साथ। इसकी शक्ति अतुलनीय है, जिसे न तो किसी मनुष्य ने प्राप्त किया है और न किसी देवता ने। इसी वैशिष्ट्य के कारण यह "शचीपति", "शक्र" (='बल का अध्यक्ष'), "शाचीवन्त्" एव "शतक्रतु" ('शत शक्तियों से सम्पन्न') इत्यादि विशेषणो का अधिकारी भाजन है।

---

नोट 1.[ऋ०,2-16--2] 2.[ऋ०,2-12--1] 3.[ऋ०,2-12--9] 4.[ऋ०,2-15--1]
5.[ऋ०,2-15--1] 6.[ऋ०,2-19--2]

'इन्द्र' का जन्म ऐसे रथ पर हुआ है, जो स्वर्णिम है तथा विचार से भी वेगवान् है। "रथेष्ठा" विशेषण एकमात्र 'इन्द्र' के लिए ही उपयुक्त माना गया है। 'इन्द्र' का रथ दो हरे रग ('हारी') के अश्वो द्वारा वहन किया जाता है। अश्वो की सख्या दो से अधिक, सौ और यहाँ तक कि एक सहस्र अथवा ग्यारह सौ तक होने का भी उल्लेख है ["आ द्वाभ्या हरिभ्यामिन्द्र सवने मादयस्व।।[१]"—। ये अश्व द्रुत गति से बडी-बडी दूरियाँ पार करते है और 'इन्द्र' का उसी प्रकार वहन करते है, जिस प्रकार उत्क्रोश पक्षी को उसके पख ["न क्षोणीभ्या परिभ्वे यदाशुभिः पतसि योजना पुरू।।"[२]। ये स्तुति द्वारा सन्नद्ध होते है ["हरी नु क रथ इन्द्रस्य योजमायै सूक्तेन वचसा नवेन।"[3], जिसका निस्सदेह अर्थ यह है कि स्तवन के द्वारा ही 'इन्द्र' यज्ञ तक आगमनशील होता है।

इन्द्र' की महत्ता तथा शक्तिमत्ता की सर्वथा उन्मुक्त रूप से प्रशसा की गयी है। जन्म ले चुके अथवा जन्म लेने वालो मे से कोई भी 'इन्द्र' से समता नही कर सकता। न तो प्राचीन और न अर्वाचीन प्राणी ही इसके शौर्य की समता कर सकते है। न तो देव, न मनुष्य और न जल ही इसके पराकम की सीमा तक पहुँच सके है। यह देवो मे भी अतिश्रेष्ठ है। शक्ति तथा पराकम मे सभी देव इससे कम है। सभी देव इसके कृत्यो तथा इच्छाओ को विफल कर सकने मे अक्षम है। [ऋ०,2-32-4][४]। केवल 'इन्द्र' ही समस्त ससार का सम्राट् है। यह सभी गतिशील वस्तुओ तथा जीवित प्राणियो का अधिपति है। इसने अस्थिर 'पृथिवी' को स्थैर्य प्रदान किया, इधर—उधर उडते हुए पर्वतो का पख-छेदन करके उनको तत्तत् स्थानो पर स्थापित किया। इसने 'द्युलोक' को भी स्तब्ध किया है तथा 'अन्तरिक्ष' का भी निर्माण किया है। यह भी कहा गया है कि 'इन्द्र' ने दो पत्थरो के बीच से 'अग्नि' को उत्पन्न किया है ["यो अश्मनोरन्त-रग्नि जजान";[5] 'इन्द्र' ने ही 'सूर्य' एवम् 'उषस्' को भी उत्पन्न किया है। इसने बल का प्रदर्शन करने वाले 'अहि' को मार कर सात नदियो को प्रवाहित होने के लिए उन्मुक्त किया है["सृजो महीरिन्द्र वावृधनः।।"[6]; इसने जल मे छिपे हुए तथा जल और आकाश को अवरूद्ध करने वाले दैत्य का वध किया है ["गुहा हितम् गुह्य . . . .. अहि शूर वीर्येण।।"[7];और, जल को आवृत कर रखने वाले 'वृत्र' पर वज्र से उसी प्रकार प्रहार किया, जिस प्रकार किसी वृक्ष पर किया जाता है ["अध्वर्यवो यो अपो वव्रिवास वृत्र जघानाशन्येव वृक्षमृ।"[८]। इसी लिए, "अप्सुजित्" एकमात्र 'इन्द्र' का ही विशेषण अभिहित किया गया है।

इन्द्र' ने भयवशात् पर्वतो मे छिपे हुए 'शम्बर'-सज्ञक असुर को चालीसवे वर्ष मे ढूँढ निकाला और अपने विकट वज्र से उसका वध कर दिया ["यः शम्बर पर्वतेषु क्षियन्त चत्वारिश्या शरद्यन्वविन्दत्। ओजायमान यो अहि जघान दानु शयान स जनास इन्द्रः।।"[६]। इसने गायो तथा 'सोम' को जीता और सप्त-नदो को प्रवाहित किया, स्वर्ग मे चढते हुए 'रौहिण'-सज्ञक असुर को भी 'इन्द्र' ने ही अपने 'शरू' नामक वज्र से मार डाला था ["यः सप्तरश्मिर्वृषभस्तुविष्मान् . . . . . . . .. .. स जनास इन्द्रः।।"[१०]। 'इन्द्र' ने ही जलधाराओ के प्रवाहित होने के लिए अपने वज्र से पथो का निर्माण किया["सद्मेव प्राचो वि मिमाय . . . . मद इन्द्रश्चकार।।"[11];तथा बाढ के जल को समुद्र में वहाया["स माहिन इन्द्रो अर्णो अपा प्रैरयद्‌हि-हाच्छा समुद्रम्।"[१२]। प्रवहित काराई गई नदियॉं,निःसन्देह, प्रायः पार्थिव ही है, किन्तु, यह भी सन्देह के परे है कि जल और नदियो की प्रायः दिव्य अथवा अन्तरिक्षीय होने की कल्पना की गयी है[द्र०[१३]। यह भी कहा गया है कि 'वृत्र' पर आकमण करने के लिए देवताओ ने 'इन्द्र' का बलवर्द्धन किया, अथवा, 'इन्द्र' मे पराकम तथा शौर्य उत्पन्न किया,अथवा, 'इन्द्र' मे पराकम तथा शौर्य उत्पन्न किया, अथवा, 'इन्द्र' के हाथ मे 'वज्र' प्रदान किया ["तस्मै तवस्य 1मनु. ... .. . .. नि तारीत् ।।"[१४]। झञ्झावात के प्रसङ्ग मे यह कहा गया है कि इन्द्र ने आकाशीय विद्युत का सृजन किया। ["यश्चासमा अजनो दिद्युतो दिव"[15]; और, जल के नीचे गिरने की क्रिया का निर्देशन किया।[१६]

---

नोट 1.[ ऋ०2-18–4 से 72 ] 2 –ऋ०,2-16-3] 3.[ ऋ०,2-18-3] 4.- [ऋ०,2-32-4] 5. [ ऋ०,2- 12-3]
6.[ऋ०,2-11-2] 7.[ ऋ०,2-11-5] 8.[ऋ०,2-14-2] 9.[ ऋ०,2-12-11] 10.[ऋ०,2-12-12]
11.[ऋ०,2-15-3] 12.[ऋ०,2-19-3] 13.[ऋ०,2-20-8;ऋ०,2-22-4] 14.[ ऋ०,2-20-8]
15.[ऋ०,2-13-7 16.[ऋ०,2-17-5]

प्रायः,सामान्य रूप से, 'इन्द्र' को एक सहानु-भूतिपूर्ण सहायक, अपने स्तोताओ का मुक्तिदाता और समर्थक, उनकी शक्ति और सुरक्षा की प्राचीर आदि के रूप मे प्रदर्शित किया गया है। प्रायः 'इन्द्र' को अपने स्तोताओ का मित्र कहा गया है, यह देव पवित्र व्यक्तियो को धन-धान्य से समृद्ध करता है ["सो अप्रतीनि सूर्यस्य सातौ।।[1] तथा "दाता राध स्तुवते काम्य वसु सत्य इन्दुः।।"[2] और, इसलिए भी इसकी स्तुति की गयी है कि अन्य स्तोताओ द्वारा इसका ध्यान दूसरी ओर न चला जाये ["मो षु त्वामत्र यजमानासो अन्ये।।"[3]। सभी व्यक्ति इसके उपकारो से लाभान्वित होते है। उदारता की इसके चरित्र की इतनी अधिक विशिष्टता माना गया है कि 'मघवन्' यह बहुप्रयुक्त विशेषण केवल इसके लिए ही व्यवहृत हुआ है। इसी प्रकार, 'वसुपति' विशेषण भी प्रमुख रूप से 'इन्द्र' के लिए ही प्रयुक्त हुआ है

समग्र रुप से देखने पर, 'इन्द्र' के वैशिष्ट्यो मे प्रमुखतया भौतिक ससार पर प्रभुत्व और प्राकृतिक श्रेष्ठता का भाव ही द्योतित होता है। 'इन्द्र' एक सार्वभौम सम्राट है, जिसका शक्तिशाली हाथ विजय अर्जित करता है, जिसकी अक्षय उदारता मानवमात्र को श्रेष्ठतम समृद्धियॉ प्रदान करती है और जो उल्लासप्रद महान् सोम-यज्ञो मे अतिशय आन्नद का अनुभव करता है तथा स्तुतियो को सम्पन्न करने वाले पुराहित-वर्ग पर समृद्धियो की वर्षा करता है। 'इन्द्र' की प्रतिष्ठा आर्यों के जातीय तथा राष्ट्रीय देवता के रूप मे हुई है। इस प्रकार,निः सन्देह, यह कहा जा सकता है कि वैदिक देवताओ मे 'इन्द्र' का सर्वोच्च स्थान है। इसी लिए,परवर्ती साहित्य मे इन्द्र' को देवताओ का राजा माना गया है तथा अनेक पौराणिक ग्रन्थो मे यह वृष्टि के अधिदेव के रूप मे प्रख्यात है।

---

नोट. 1-[ ऋ०,2-19-4] 2-[ऋ०,2-22-3] 3-[ऋ०,2-18-3]

# बृहस्पति/ब्रह्मणस्पति

व्युत्पत्तिदृष्ट्या, 'बृहस्पति' शब्द का प्रथम अश ./ 'बृह् वर्धने' धातु से निष्पन्न 'बृह्' शब्द का षष्ठी एक-वचनान्त रूप है, फलतः,'बृहस्पति पद का अर्थ है— 'मन्त्र या प्रार्थना का अधिपति (देव)'। इसका दूसरा नाम 'ब्रह्मणस्पति' (= मत्र का स्वामी) भी है। 'बृहस्पति/ब्रह्मणस्पति' के वैशिष्ट्यो का निरूपण सूक्त-सख्या 23 से 26 तक के सभी मन्त्रो मे किया गया है, 24 वे सूक्त के 12 वे मन्त्र मे यह देव 'इन्द्र'के साथ सयुक्त रूप से स्तुत हुआ–है। इसके अतिरिक्त, 30 वे सूक्त के 9 मत्र में भी 'बृहस्पतिदेव' का अकेले ही स्तवन किया गया है।

'बृहस्पति' के शारीरिक वैशिष्ट्यो का कोई विशेष परिचय प्राप्त नहीं होता है। यह देव स्वय सुवर्ण के समान देदीप्यमान है। गणो का अधिपति होने से 'बृहस्पति' ही 'गणपति' के विशेष अभिधान से विभूषित हुआ है ["गणाना त्वा गणपति हवामहे नः शृण्वन्नूतिभिः सीद सादनम्।।"[1]। 'बृहस्पति' के पास एक ऐसा धनुष है, जिसकी प्रत्यञ्चा ही 'ऋत' है और यह श्रेष्ठ बाण रखता है ["ऋतज्येन क्षिप्रेण . . . .. .. दृशये कर्णयोनयः।।"[2] और, यह देव ऐसे 'ऋत'-रूपी रथ पर खडा होता है,जो राक्षसो का वध करता है, गाय के गोष्ठो को तोडता है और प्रकाश को विजित करता है[" आ विबाध्या परिरापस्तमासि गोत्रभिद स्वर्विदम्।।"[3]। इसके रथ का, अरुणिम अश्व,वहन करते हैं।

'बृहस्पति'एक पारिवारिक पुरोहित है["स सनयः स विनयः पुरोहितः"—[४]। यह 'ब्रह्मन्',अथवा, स्तुति करने वाला पुरोहित भी है। 'बृहस्पति' उपासना की भावना को विकसित करता है तथा इसकी कृपा के बिना यज्ञ सफल नहीं होते। उत्तम मार्गो का निर्माण करने वाले के रूप मे यह देवो के यज्ञ तक पहुँचना सुगम बना देता है ["त्व नो गोपाः पथिकृद् [5] अस्य देववीतये कृधि।।"[६]। देवो तक ने इसी से अपना यज्ञ-भाग प्राप्त किया ][७]। यह यज्ञ के द्वारा देवों को जागृत करता है। यह ऋचाओ का गायन करता है, और, 'छन्द' इसकी सामग्री हैं। यह गायको के साथ सम्बद्ध हैं। इसे एक गाने वाले (ऋक्वन्) दल ('गण') के साथ सयुक्त किया गया है, निः सन्देह, इसी कारण इसे 'गणपति' अभिहित किया गया है।

जैसा कि 'ब्रह्मणस्पति' नाम से प्रकट होता है, यह देव 'स्तुतियो (अथवा,मन्त्रो) का स्वामी' है। द्रष्टाओ में सर्वप्रसिद्ध द्रष्टा और स्तुतियो के श्रेष्ठतम अधिराज के रूप मे भी इसका वर्णन किया गया है [८] 'ऋत'-रूपी रथ पर आरूढ होकर यह देवो और स्तुतियो के शत्रुओ को विजित करता है;[६] तथा, "त्रातार त्वा तनूना . . सुम्नमुन्नशन्।।"[१०]। कुछ स्थलो पर 'बृहस्पति' को 'अग्नि' के साथ समीकृत किया गया प्रतीत होता है। 'अग्नि' की भॉति, 'बृहस्पति' भी एक पुरोहित है, जिसे 'शक्ति का पुत्र' तथा 'अङ्गिरस्' भी कहा गया है। 'बृहस्पति' भी राक्षसो को भस्म अथवा उनका वध करने वाला है[११]।

गायों को मुक्त करने से सम्बन्धित 'इन्द्र' के आख्यान मे, 'अग्नि' की भॉति, 'वृहस्पति को भी दृढ रूप से अवस्थित एव सम्मिलित कर लिया गया है। "अङिगरस् बृहस्पति" ने जब गोष्ठो को खोला और 'इन्द्र' को साथ लेकर अन्धकार से आवृत जलस्रोतों को मुक्त किया, तब पर्वत इसके वैभव के अधीन हो गया ["तव श्रिये व्यजिहीत . . . .... . निरपामौब्जो अर्णवम्।।"—[१२]। जो कुछ दृढ था, वह शिथिल हो गया, जो शक्तिशाली था, वह इसके अधीन हुआ, इसने गायो को बाहर निकाला, स्तुतियों द्वारा 'बल' को विदीर्ण किया, अन्धकार को अवरुद्ध करके आकाश को दृश्य किया, पाषाणमुख मधु से परिपूर्ण जिन कूपो का 'वृहस्पति' ने अपने पराक्रम से भेदन किया, जब वह प्रचुर जलधाराओ की वर्षा कर रहा था, तब उनका देवताओं ने पान किया ["तद्देवाना देवतमाय .. .. .. .. . .. .. . .. सिसिचुरुत्स मुद्रियम्।।" [१३], इसने गायो को बाहर निकाला और उन्हें आकाश में वितरित कर दिया।

---

नोट.

1- [ऋ०2-23-1] 4-[ऋ०2-24-9] 7-[ऋ०2-23-1] 10-[ऋ०2-23-8]
2-[ऋ०2-24-8] 5-[ऋ० 2-23-7] 8-[ऋ०2-23-1] 11-[ऋ०2-23-18]
3-[ऋ०2-24-9] 6-[ऋ०2-23-1-7] 9-[ऋ०2-23-3] 12-[ऋ०2-23-18]
13-[ऋ०2-23-18]

"यो गा उदाजत्स–                    शवसासरत्पृथक् ।।" [1] । ये गाये जलो का, जिनका स्पष्टतया उल्लेख हुआ है [२]अथवा, सम्भवत 'उषा' की 'रश्मियो का प्रतिनिधित्व कर सकती है।

'गायो को मुक्त करने के प्रसड्ग मे 'बृहस्पति' अन्धकार मे प्रकाश ढूँढता है तथा प्रकाश को प्राप्त करता है। इसने अन्धकार को भगाया, अथवा, छिपाया, और प्रकाश को आविर्भूत किया ।[3] इस प्रकार, 'वृहस्पति' अधिक सामान्यतया युद्धोपम प्रवृत्तियॉं अर्जित कर लेता है। इसने सम्पत्ति से भरे हुए पर्वत का भेदन किया और 'शम्बर' के गढो को खोल दिया ["यो नन्त्वा समानतया वसुमन्त वि पर्वतम्।।"[४]। यह युद्ध मे शत्रुओ को समाप्त करता है[५]। युद्ध के समय इसका आह्वान किया गया है[6] और यह ऐसा पुरोहित है , जिसकी सघर्ष के समय अनेकशः स्तुतियॉं होती है [७]।

'इन्द्र' का साथी और मित्र होने के कारण, 'बृहस्पति' का प्रायः 'इन्द्र' के साथ ही आह्वान किया गया है [८]। 'इन्द्र' के साथ अधिकतर सयुक्त रूप से प्रशसित होने के कारण, 'इन्द्र' के अनेक विशेषण, जैसे——"मघवन्" (=दानशील) [६]तथा "वज्री" इत्यादि इसे प्रकृत्या प्राप्त है। यह 'इन्द्र' के साथ सोमपान करता है, औार, 'इन्द्र' एक ऐसा देव भी है, जिसके साथ यह युगल देव के रूप मे स्तुत हुआ है [१०]।

'बृहस्पति' उस व्यक्ति पर अनुग्रह करता है, जो इसकी स्तुतियॉं करता है ["जातेन जातमति स प्रसर्सृते य य युज कृणुते ब्रह्मणस्पतिः ।।" [11] किन्तु जो स्तुतियो से घृणा करता है, उस पर 'बृहस्पति' कोप करता है ["ब्रह्मद्विषस्तपनो .. तत्ते महित्वनम्।।"[१२]। यह पवित्र व्यक्तियो को समस्त सड्न्कटो, विपत्तियो, शापो तथा यन्त्रणाओ से सुरक्षित रखता है और उन्हे सम्पत्ति तथा समृद्धि से परिपूर्ण करता है ["सुनीतिभिर्नयसि

...      . . .                    मतिभिस्तारिषीमहि।।"[१३]। अपने उपासको को यह दीर्घ आयुष्य प्रदान करता है——यह कहना व्यर्थ है।

'बृहस्पति', विशुद्ध रूप से, एक भारतीय देवता है। यह, मूलतः, यज्ञ सम्पन्न कराने वाले दिव्य पुरोहित के रूप मे 'अग्नि' के ही एक ऐसे पक्ष का प्रतिनिधित्व करता था, जिसने ऋग्वैदिक काल के प्रारम्भ मे ही एक स्वतन्त्र प्रकृति को विकसित कर लिया था, यद्यपि 'अग्नि' के साथ इसका सम्बन्ध सर्वथा विच्छिन्न नही हो सका है। कतिपय विचारको के अनुसार, यह पौरोहित्य-प्रधान देवता स्तुति की शक्ति का प्रत्यक्ष प्रतिरूप है, जिसने पूर्ववर्ती देवो  के कृत्यो को भी स्वीकार कर लिया है। 'बृहस्पति' को प्रायः 'इन्द्र' से पृथक् किया हुआ उसका पुरोहित रूप माना गया है दिव्य 'ब्रह्मन् पुरोहित के रूप मे, 'बृहस्पति' हिन्दू-त्रयी का प्रमुख देव 'ब्रह्मा' प्रतीत होता है, जबकि इसी शब्द का नपुसक रूप 'ब्रह्म' वेदान्त-दर्शन के 'पर ब्रह्म' के रूप मे विकसित हो गया है।

---

नोट. 1-[ऋ, २–२४–१४]  4-[ऋ०2-24-2]  7-[ऋ०2-24-9]  10-[ऋ०2-24-12]  13-[ऋ०2-23-4 से 10]

2-[ऋ, २–२३–१८]  5- ["ऋ०2-23-11]  8-[ऋ०2-23-18; 2-24-2]11-[ऋ०2-25-1];

3-[ऋ०2-24-3]  6-[ऋ०2-24-9]  9-[ऋ०2-24-12]  12-[ऋ०2-23-4]

# आदित्य

व्युत्पत्तिदृष्ट्या विचार करने पर,वैदिक देववर्गवाचक 'आदित्य' शब्द देवमाता-वाचक 'अदिति' शब्द से अपत्यार्थक 'ण्य'-प्रत्यय होने

पर निष्पन्न हुआ सम्भव प्रतीत होता है। ऋ०,2/27——यह सम्पूर्ण सूक्त, देवो का वह वर्ग, जिसे 'आदित्य' कहा जाता है,की स्तुति मे समर्पित किया गया है, इसके अतिरिक्त, प्रायः कतिपय अन्य सूक्तो के स्फुट मन्त्रो मे भी आशिक रूप से आदित्यो का स्तवन उपलब्ध होता है।

कौन-कौन से देव आदित्यो के अन्तर्गत आते है। और उनकी सख्या कितनी है, ये दोनो ही बाते अनिश्चित है। कही भी छः से अधिक आदित्यो का वर्णन नही है, और, केवल एक बार 'मित्र', अर्यमन्', 'भग','वरूण', 'दक्ष' तथा 'अश', [द्र०—][1] को "आदित्य" कहा गया है। 'ऋग्वेदः द्वितीय मण्डल' के उस सूक्त (2/27) मे, जहॉ समग्रशः आदित्यो की प्रशस्ति की गयी है, केवल सर्वाधिक उल्लिखित 'मित्र', 'वरूण' तथा अर्यमन्' आदि तीन का ही अभिप्राय मुख्यतः प्रतीत होता है।

जो कुछ भी दूर है, वही इनके लिए निकट है, ये लोग उसी भॅाति सभी स्थावर-जङ्गम का पोषण करते है, जिस प्रकार देवगण विश्व की रक्षा करते है ["त आदित्यास उरवो गभीरा चयमाना ऋणानि।।"——।[२] ये लोग मनुष्यो के हृदयो मे स्थित सभी पाप-पुण्यादि भावो को देखते और सच्चे-झूठे का विभेद करते हैं। ["अन्तः पश्यन्ति परमा चिदन्ति ।।"[3]। ये लोग मिथ्यावादिता से घृणा करते है। तथा पाप करने वाले को दण्डित करते है। [४]। पाप को क्षमा करने, अथवा, पाप के परिणाम का निराकरण करने के लिए इनका स्तवन किया गया है["अदिते मित्र वरूणोत . . .अभि नशन्तमिस्राः।।"—[५]। ये लोग अपने शत्रुओ के लिए पाशो को फैला कर रखते है ["या वो माया . . .. . . रिपवे विचृत्ताः।" [६] किन्तु, अपने उपासको की उसी प्रकार रक्षा करते है, जिस

प्रकार पक्षी पर फैला कर अपने बच्चो की रक्षा करते है। ये लोग व्याधियो और विपत्तियो को भगाते है और लाभकर वस्तुऍ, यथा—प्रकाश, दीर्घ जीवन, सन्तति, मार्गदर्शन, इत्यादि प्रदान करते है ["माह मघोनो वरूण प्रियस्य भूरिदाव्न आ विद शूनमापेः ।।"—[7] इत्यादि]।

इनके वैशिष्ट्य का वर्णन करने वाले विशेषण इस प्रकार हैः——'शुचि', 'हिरण्यय', 'भूर्यक्ष' (=अनेक नेत्र-युक्त) , 'अनिमिष', 'अस्वप्नज्', 'दीर्घधी' इत्यादि। ये लोग राजा, शक्तिशाली ('क्षत्रिय'), विस्तृत ('उरू'), गहन (गभीर', 'अरिष्ट', दृढ विध ाानो वाले ('धृतव्रत', आक्षेपरहित ('अनवद्य'), पापरहित (अवृजिन'), शुद्ध ('धारपूत') तथा पवित्र ('ऋतावन्') हैं।

इनका नाम, स्पष्टतः, एक मातृनामोद्गत रूप है, जो इनकी माता 'अदिति' से निष्पन्न हुआ है, और, स्वाभाविक रूप से, माता 'अदिति' के साथ ही इनका प्राय आह्वान भी किया गया है। यास्क [ निरुक्त, 2/13] द्वारा प्रस्तुत तीन व्युत्पत्तियो मे से "अदिते पुत्र इति वा" यह व्युत्पत्ति, निसन्देह, अन्यतम है।[८]। . . . . .

---

नोट.
1-[ ऋ० 2-27-1]
2-[ ऋ०,2-27-3 एव 4]
3- [ऋ०,2-27-3]
4-[ऋ०,2-27-4]
5-[ऋ०,2-27-14]
6-[ऋ०,2-27-16];
7-[ऋ०,2-27-17]
8-[ऋ, 2-28-4]

# वरुण

'वरुण' शब्द की व्युत्पत्ति आच्छादनार्थक '√ वृञ्-आवरणे' धातु से 'उनन्' प्रत्यय होने पर निष्पन्न मानी गयी है। "वृणोति सर्वम्" इस व्युत्पत्ति के अनुसार, 'वरुण' ही जगत् का आवरणकर्त्ता देवता है। ऋग्वेदीय द्वितीय मण्डल के अन्तर्गत सूक्त-28 सम्पूर्ण रूप से 'वरूण'-देव के स्तुत्यर्थ समर्पित किया गया है, इसके अतिरिक्त, 36 वे तथा 41 वे सूक्तो मे भी 'मित्र'–देव के साथ इसका स्तवन प्राप्त होता है।

' वरुण' वैदिक आर्यो का महनीय देव है। इसका मानवीय रूप एकान्त सुन्दर है। इसके शरीर तथा उपकरणो का वर्णन अधिक विस्तृत नही मिलता है, क्योकि इसके कार्यो पर ही विशेष बल दिया गया है। 'वरूण' समग्र ब्रह्माण्ड का समाट् (यद्वा, अधिपति) है देवो और मनुष्यो का समस्त ससार का तथा समस्त अस्तित्ववान् प्राणियो का। "त्व विश्वेषा वरूणासि राजा ये च देवा असुर ये च मर्त्ता[1]। 'वरुण, को "आत्मनिर्भर राजा" भी कहा गया है। अपेक्षाकृत अनेकबार 'वरुण को अकेले अधिकाशत 'मित्र' के साथ –साथ ही सम्राज" कहा गया है वरुण समस्त ससार का अभिभावक कहा गया है ("विश्वस्य भुवनस्य गोपा "–[2]वरुण विश्व का राजा या सम्राट है, जो प्रशासन करता है तथा नियमो का सञ्चालन करता है।

'वरुण' को "आत्मनिर्भर राजा" भी कहा गया है। "स्वराजो विश्वानि सान्त्यभ्यस्तु महना"–[3]। यद्यपि यह शब्द सामान्यतया 'इन्द्र' के लिये ही प्रयुक्त किया गया है। वह जनता से शारीरिक एव चरित्रगत नियमो का पालन करवाता है। 'वरुण' ने 'सूर्य' की रचना की, अग्नि और जल का निर्माण किया तथा पर्वतो पर सोमवल्ली को उत्पन्न किया। 'वरुण' रात्रि तथा दिन का अधिष्ठाता है। 'वरुण' को प्राय जल का नियामक माना गया है। इसने ही नदियो को प्रवाहित किया, ये नदियॉ इसी के विधानो के अनुसार निरन्तर प्रवहित होती रहती है। 'प्र सीमादित्यो रघुया परिज्मन्।।' [4]।

'वरुण' के विधानो को नित्य ही सुदृढ कहा गया है और मुख्यत इसके लिए अकेले अथवा कभी–कभी 'मित्र' के साथ भी 'धृतव्रत'

विशेषण का प्रयोग किया गया है। 'मित्र' और 'वरुण' 'ऋत' तथा प्रकाश के अधिपति हैं और ये देव नियमेन नियमो के पालक हैं। 'वरुण' (अथवा आदित्यों) को कभी–कभी 'विधानो का अभिभावक' ("ऋतस्य गोपा") कहा गया है। 'नियमो का पालक' (ऋतावन्) विशेषण को जो कि मुख्यत 'अग्नि' के लिए ही प्रयुक्त हुआ है, अनेक बार 'वरुण' (तथा, 'मित्र') से भी सम्बद्ध किया गया है।

'वरुण' की शक्ति इतनी अधिक है कि न तो उडते हुए पक्षी और न प्रवहित होती हुई नदिया ही इनके क्षेत्र, पराक्रम तथा क्रोध की सीमा तक पहुच सकती है। न तो आकाश और न नदिया ही इसकी देवशक्ति की सीमा तक पहुच सकी हैं। सभी कुछ और सभी प्राणी 'वरूण' मे ही अवस्थित हैं। इसकी इच्छा के बिना कोई भी प्राणी हिल-डुल नहीं सकता ["अपो सु म्यक्ष . निमिषश्चनेशे।।"–[5]। यह आकाश और पृथ्वी पर तथा उसके बाहर भी जो कुछ है, उसे देखता है, अतः, आकाश के उस पार भाग कर भी कोई व्यक्ति 'वरूण' से बच नहीं सकता।

नैतिक नियन्त्रण के रूप मे'वरूण' का अन्य देवताओं की अपेक्षा कहीं अधिक ऊचॉ स्थान हैं पाप-कर्म करने तथा इसके विधानों का उल्लड्घन करने से इसका क्रोध उद्दीप्त होता है और यह इन कार्यो के लिए कठोर दण्ड प्रदान करता है। जो लोग इसकी उपासना की उपेक्षा करते हैं, उन्हे यह विभिन्न व्याधियों से पीडित करता हैं इसके विपरीत, पश्चात्ताप करने वालो पर यह दयालु रहता है। यह रस्सी की भॉति सयुक्त करने वाला तथा पाप को दूर करने वाला है["वि मच्छ्रथाय . . पुर ऋतोः।।"[6]। यह ऐसे अभ्यर्थियों को भी क्षमा कर देता है, जो नित्य ही इसके नियमों का उल्लड्घन करते हैं और उन लोगो पर भी अनुग्रह करता है, जो इसके नियमों का अनजान में उल्लडघन कर देते हैं। जिस प्रकार अन्य देवो को अर्पित मन्त्रो में उनसे सासारिक समृद्ध प्रदान करने की स्तुति की गयी है, उसी प्रकार, वस्तुतः,'वरूण' (तथा, अदित्यो) को अर्पित मन्त्रो मे से कोई भी ऐसा नहीं है, जिसमें अपराधों के लिए क्षमा करने की स्तुति न की गयी हो।

इस प्रकार, विश्व के नियामक, गुण-दोषों के द्रष्टा,पाप-पुण्यो के विवेचक एव कर्मानुसारी फलों के विधानकर्ता के रूप में सम्राट् 'वरूण' का स्थान, वैदिक देव-समुदाय में, निःसन्देह,' प्रजापति' के समकक्ष है।

नोट.

---

1-[ ऋ., 2-27-10.]
2.[ ऋ० 2-27-4]
3-[ ऋ., 2-28-1]
4-[ ऋ.2-2 4]
5 [ -2-28-6]
6-[ ऋ०2-28-5]

# विश्वेदेवाः

'विश्वे देवाः' का अर्थ है, 'सम्पूर्ण देव———एतत्सञ्ज्ञक देवगणविशेष'। वैदिक देवताओ मे 'विश्वे देवाः'-सञ्ज्ञक देवताओ का महत्व शाली स्थान है। 'ऋग्वेद' मे वर्णित 33 देवता प्रधान है, जो 'द्युस्थानीय', 'पृथिवीस्थानीय' तथा 'अन्तरिक्षस्थानीय'——इन तीन वर्गो मे विभाजित किये गये है।

'विश्वेदेवा मे इन सभी वर्गो के देवताओ का ग्रहण किया जाता है। 'ऋग्वेदः द्वितीय मण्डल' के अन्तर्गत सूक्त-सख्या 29 तथा 31समग्र रूप से 'विश्वे देवाः' के स्तुत्यर्थ समर्पित किये गये है तथा सूक्त–सख्या 41 मे भी 13 से 15 तक के मन्त्रो मे 'विश्वे देवाः' का स्तवन उपलब्ध होता है।

'विश्वे देवाः', अथवा, सर्वदेवो का एक विस्तृत देवसमूह है, जिसका यज्ञ मे महत्वपूर्ण स्थान है। यह एक काल्पनिक यज्ञीय समूह है, जिसका प्रयोजन सभी देवो का प्रतिनिधित्व करना है, जिससे सभी देवो के लिए उद्दिष्ट स्तुतियो मे कोई देव छूट न जाये। किन्तु, कभी –कभी सर्व–देवो को एक सङ्कीर्ण समूह माना गया प्रतीत होता है, क्योकि, इनका वसुओ और आदित्यो जैसे अन्य देव–समूहो के साथ–साथ आह्वान किया गया है।[1]

'विश्वे देवाः' मानव का कल्याण करते है। सबके सो जाने पर ये हमारी रक्षा करते है। तथा सुख दु ख के क्रम के व्यवस्थापक है। सूर्य का नियमन और रात्रि का आगमन 'विश्वे देवा' के ही अधीन है। 'विश्वे देवा' देवताओ का समूह है और इसमे अनाहूत देवताओ का भी समावेश हो जाता है।

---

**नोट :** 1. [द्र०–ऋ०2-3-4]।

# द्यावापृथिव्यौ

वैदिक देवताओ के स्वरूप–विवेचन के प्रसङ्ग मे, 'द्युलोक' तथा 'पृथ्वी लोक'—इनकी एक युगल देवता—'द्यावापृथिवी'– के रूप मे कल्पना की गयी है। 'द्यौः' के स्थान पर भी 'द्यावापृथिवी' शब्द का प्रयोग अधिकता से हुआ है। ऋग्वेदीय द्वितीय मण्डल मे 32 वे सूक्त के प्रथम मन्त्र मे तथा 41वे सूक्त के 19वे से 21वे तक के मत्रो मे 'द्यावापृथिवी' का स्तवन एवम् आह्वान किया गया प्रतीत होता है।

'द्यावापृथिवी' को 'रोदसी' के नाम से भी अभिहित किया गया है। 'द्युलोक' की पिता के रूप मे तथा 'पृथिवी लोक' की माता के रूप मे कल्पना की गयी है। ये दोनो अत्यन्त बुद्धिमान् है। तथा पिता के समान सबकी रक्षा करते हैं। 'द्यावापृथिवी' महान् देवता है। ये कभी भी वृद्ध नही होते, ये विस्तृत तथा लम्बे–चौडे है। ये सबको अन्न,धन,यश एव स्थान प्रदान करते है। ये सम्पूर्ण भूमण्डल की सर्वथा रक्षा करते है तथा आचरणो व नियमो का पालन करते है। ये शरीर के पोषक तत्व को प्रवर्धित करते है। यज्ञ के प्रसङ्ग मे, इन देवो के सम्बन्ध मे,यज्ञस्थल पर आकर आसीन होने की,द्युलोकवासियो के साथ अपने स्तोताओ के पास आने की,अथवा, यज्ञ को देवो तक पहुँचाने की कल्पना की गयी है["द्यावा नः पृथिवी इम सिघ्रमद्य दिविस्पृशम्। यज्ञ देवषु यच्छताम्।।[1]

'द्यावापृथिवी'—इन दोनो युगल देवताओ का परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध है। ये दोनो ही देव बहुत कुछ समवर्गीय है। ये दोनो सदा एक साथ रहते है तथा एक दूसरे पर समान अधिकार रखते है। अन्य युगल देवताओ की अपेक्षा, निःसन्देह , यह युगल घनिष्ठतर सम्बन्धयुक्त है।

---

**नोट :** 1-[ऋ०2-41-20]

# रुद्र

१ रुद्र झञ्झावात एव मृतात्माओ का अधिदेव माना गया है। 'रुद्र' शब्द की व्युत्पत्ति प्राय सर्वत्र ,/'रुद्र अश्रुविमोचने' रोना, चिल्लाना चीखना'– धातु से मत्वर्थीय 'रक्' प्रत्यय होने पर निष्पन्न बतलायी गयी है। 'रुद्र' शब्द की कतिपय अन्य व्युत्पत्तियॉ इस प्रकार सम्भाव्य है – (१) 'वृध् वृद्धौ'> रुध् 'र'> 'रूद्र', (2-)'क्रुध् क्रोधे'– 'र'>'रूद्र' ('क्'–लोप), तथा,(३) 'रूध् (लाल होना)' 'र'>'रूद्र', इत्यादि। 'रूद्र' शब्द की व्युत्पति के प्रसड्ग मे, 'रुधिर', 'रोहित', 'लोहित', 'लोध्र',तथा, ऑग्ल'red', 'ruddy' तथा 'reddish' इत्यादि शब्द तुलनार्थ उल्लेखनीय है। ऋग्वेद – द्वितीय मण्डल के अन्तर्गत केवल ३३ वा 'सूक्त ही 'रुद्र' देवता की स्तुति के सम्बन्ध मे समग्रशः उपलब्ध होता है।

'ऋग्वेद' मे 'रुद्र' देवता को एक गौण (यद्धा,अप्रधान) देवता के रूप मे वर्णित किया गया है। 'रुद्र' के दैहिक वैशिष्ट्यो का वर्णन इस प्रकार किया है ः इसके हाथ है।["क्व 1 स्य ते रूद्र मृळयाकुर्हस्तो"[२] भुजाये हैं["वज्रबाहो"–[३] और इसके हाथ–पैर सुदृढ है।यह सुन्दर अधरो वाला ["सुशिप्रो"–[४] है। इसका रूप अत्यन्त तेजस्वी है और यह विविधरूपमय है["पुरुरूप"[५]। यह जाज्वल्यमान् 'सूर्य' के समान तथा सुवर्ण के समान प्रदीप्त है। यह सुवर्णालड्कारो से सुशोभित ["शुक्रेभिःपिपिशे हिरण्यैः"––[६] तथा विविध रूपो वाले कण्ठहार ["निष्कम्"–[७] से बिभूषित रहता है। यह रथ के आसन पर आसीन है "गर्तसदम्"–[८]।

प्रायः रुद्र' के युद्ध–आयुधो का भी उल्लेख किया गया है। एक स्थान पर इसे अपने हाथो मे वज्र धारण किये हुए तथा शक्तिशाली कहा गया है ["तवस्तमस्तवसा वज्रबाहो"–[९]। सामान्य रूप से, इसे एक धनुष और ऐसे बाणो से सुसज्जित बताया गया है, जो शक्तिशाली तथा शीघ्रगामी हैं["अर्हन्बिभर्षि सायकानि . ओजीयो रुद्र त्वदस्ति।।"–[१०]।

'रुद्र' के सम्बन्ध मे, जिस एक तथ्य का सर्वाधिक बार उल्लेख है, वह है–मरुतो के साथ इसका सम्बन्ध। यह मरुतो का पिता है["आ ते पितर्मरुता सुम्नमेतु" [११] ;अथवा, अपेक्षाकृत मरुतो को ही इसका पुत्र तथा अनेक बार "रुद्र" या "रुद्रिय" कहा गया है। 'रुद्र' के सम्बन्ध मे, यह भी कहा गया है कि इसने ही मरुतो को 'पृश्नि' के उज्ज्वल पयोधर से उत्पन्न किया ["वृषाजनि पृश्न्याः शुक्र ऊधनि"[१२] ।

'रूद्र' को भयड‌कर["उग्रः"[१३] तथा,"उग्रम"[१४] और हिसक पशु की भॉति विनाशक ["मृग न भीममुपहत्नुमुग्रम्"–[१५] कहा गया है। 'रूद्र' एक वृषभ है;[१६] यह महान शक्तिशाली तथा बलशालियों मे बलवत्तम [१७] और शक्ति मे अद्वितीय ["विश्वमभ्वम्"[१८] है। यह युवा[१९] है, तथा इसे 'असुर' अथवा आकाश का महान् 'असुर' कहा गया है। यह इस विस्तृत ससार का ईशान ("ईशानादस्य भुवनस्य भूरेः) है," तथा

---

नोट· 1-[ ऋ० 2-41-20] 5-[ ऋ० 2-33-9] 9-[ ऋ० 2-33-3] 13-[ ऋ० 2-33-9] 17-[ ऋ० 2-33-3]
2-[ ऋ० 2-33-7] 6-[ ऋ० 2-33-9] 10-[ ऋ० 2-33-10] 14-[ ऋ० 2-33-11] 18-[ ऋ० 2-33-10]
3-[ ऋ० 2-33-3] 7-[ऋ० 2-33-10] 11-[ ऋ० 2-33-1] 15-[ऋ० 2-33-11] 19-[ ऋ० 2-33-1]
4-[ ऋ० 2-33-5] 8-[ ऋ० 2-33-11] 12-[ ऋ० 2-34-2] 16-[ऋ० 2-33-7,8] और 15

इसे 'असुर' अथवा, ' आकाश का महान् असुर' कहा गया है। यह इस विस्तृत ससार का 'ईशान'["ईशानादस्य भुवनस्य भूरेः"–[१] तथा ससार का पिता है। इसका सरलता से आह्वान किया जा सकता है["त्वक्षीयसा वयसा नाधमानम्"[२] और यह कल्याणकारी है। इसका स्तवन इसलिए भी किया जाता है कि यह स्तोताओ के अश्वो को अपने क्रोध से वञ्चित रखे["अभि नो वीरो रूद्र प्रजाभिः।।"[३] और अपने मात्सर्य तथा वज्र को अपने स्तोताओ से हटा कर दूसरो को उनका लक्ष्य बनाये["मृळा जरित्रे वपन्तु सेनाः।।"––;[४]तथा, "परि णो हेती मही गात्।"[५] यह भी निवेदन किया गया है कि अपन गो–घातक तथा मनुष्य–घातक प्रक्षेप्यास्त्र को अपने स्तोताओ से दूर रखे। इसके स्तोता इस बात के लिए स्तुति करते है कि वे अक्षत तथा इसके कृपापात्र बने रहे ।[६]

'रूद की उपशमन करने की शक्ति का भी, विशेषतः, प्रायः उल्लेख किया गया है। यह ('रूद्र') उपचार प्रदान करता है ["स्तुतस्त्व भेषजा रास्यस्मे"

रास्यस्मे"–[7]'इसका हाथ शामक तथा बर्धक है["क्व1 स्य ते रूद्र . भेषजो जलाषः।"––––[८]। यह अपने उपचारो द्वारा योद्धाओ को स्वस्थ करता है, क्योकि, यह चिकित्सको मे भी श्रेष्ठतम चिकित्सक माना गया है ["उन्नो वीरॉ अर्पय . . भिषजा श्रृणोमि।।";[9] और, इसके शुभ उपचारो से (इसके)स्तोता शत शीत ऋतुओ तक जीवित रहने की आशा करते है["त्वादत्तेभी रूद्र . . . . . विषूचीः।।"–[१०]।एक अन्य मन्त्र मे,मरूतो को भी विशुद्ध एव लाभकर औषधियो से युक्त होने के रूप मे 'रूद्र' के साथ सम्बद्ध किया गया है [द्र०–"या वो भेषजा मरूतः. रूद्रस्य वश्मि।।"–[११]।

'रूद्र' को देवो के क्रोध अथवा उनके द्वारा उत्पन्न सकटो का प्रतिकार करने वाला भी कहा गया है["अपभर्ता रपसो . . . :. . .. बृषभ चक्षमीथाः।।"–][१२]। केवल विपत्तियो से रक्षा करने के लिए ही नही, वरन् समृद्धि प्रदान करने["विवासेय रूद्र स्य सुम्नम्"[१३] तथा मनुष्यो एव पशुओ के कल्याण के लिए भी 'रूद्र' का आह्वान एव स्तवन किया गया है। 'रूद्र' निः सन्देह, कार्यो का पूरणकर्त्ता, दाता तथा कल्याणस्वरूप शिव है।

---

नोट. 1-[ ऋ०,2-33-9] 2-[–ऋ०,2-33-6] 3-[ऋ०,2-33-1]; 4- [ऋ०,2-33-11 5-[ऋ०,2-33-14] 6-[ऋ०,2-33-1एव 6]7-[ऋ०,2-33-12] 8-[–ऋ०,2-33-7] 9- [ऋ०,2-33-4] 10-[–ऋ०,2-33-2] 11-[–ऋ०,2-33-13] 12-[–ऋ०,2-33-7] 13[-ऋ०,2-33-6]

# मरुत्

'मरुत् 'शब्द की व्युत्पत्ति /'मृङ् प्राणत्यागे', यद्धा, /'म्रू शब्दे' धातु से 'उत्' प्रत्यय होने पर निष्पन्न मानी गयी है। 'मरूत्', वस्तुतः, देवो का एक गण है, जिसमे सब अवयस्क, समानचेता,समनिवास तथा समान उदय–स्थान वाले भ्राता सम्मिलित है, जिनका केवल बहुवचन मे ही प्रयोग किया गया है। 'ऋग्वेद ः द्वितीय मण्डल' के अन्तर्गत 34 वॉ सम्पूर्ण सूक्त मरुतो के स्तुत्यर्थ उपलब्ध होता है। इसके अतिरिक्त,कतिपय अन्य मन्त्रो मे मरुतो को अकेले अथवा अन्य अवर देवो के साथ सयुक्त रूप से भी स्तवन एव गुण–गान किया गया है।

मरुतो के जन्म का प्रायः उल्लेख मिलता है। ये लोग 'रुद्र के पुत्र' है' जिन्हे प्रायः "रुद्रा " या "रुद्रासः" तथा कभी–कभी "रुद्रियासः" भी कहा गया है। इन्हे पृश्नि के पुत्र' भी कहा गया है तथा "पृश्निमातरः" ('पृश्नि' जिनकी माता है) यह विशेषण इनके लिए प्रायः प्रयुक्त हुआ है, क्योकि, गोरुपा 'पृश्नि' इनकी माता मानी गयी है। और, इन्हे "गोमातरः" ('गाय' जिनकी माता है) विशेषण से भी विभूषित किया गया है। यह गाय, सम्भवतः, शबलीकृत झञ्झावात–मेघो का ही प्रतिनिधित्व करती है, और,दीर्घ जल–स्रोतो वाली जो उमडती गाये आती है, वे वर्षा एव विद्युत् से परिपूर्ण मेघो के अतिरिक्त कदाचित् ही कुछ और सम्भव है। मरुतो को विद्युत् के अट्टहास से भी उत्पन्न माना गया है, इसके अतिरिक्त,इन्हे स्वोद्भूत भी बताया गया है।

मरुतो के दीप्तिमान् होने का नित्य उल्लेख मिलता है। ये स्वर्णिम, सूर्य के समान प्रदीप्त, प्रज्ज्वलित अग्नि के समान तथा लाल रग की आभा से युक्त है। ये अग्नि की ज्वालाओ की भॉति प्रदीप्त है। इनका रूप अथवा तेज अग्नि के समान है ये अग्नियो के समान, अथवा, प्रज्ज्वलित अग्नियो के समान है["अग्नयो न शुशुचाना"[1]। प्रायः, सामान्य रूप से, इन्हे प्रदीप्त और प्रकाशमान कहा गया है।

विशेषतः, मरुतो को, प्रायः 'विद्युत्' से सम्बद्ध किया गया है। जब मरुद्गण अपना घृत छिडकते है, तब विद्युत् नीचे पृथ्वी की ओर मुस्कराती है। जब ये अपनी वर्षा करते है, तब विद्युत् गाय की भॉति उसी प्रकार रँभाती है, जिस प्रकार अपने बछडे का पीछा करती हुई माता। ये लोग वर्षा के साथ प्रकाशित होने वाली विद्युतो के समान हैं।

मरुद्गण मालाओ तथा अलङ्कारो से सुसज्जित रहते हैं । बाजूबन्द और खादि इनके विशिष्ट अलङ्कार है इन अलङ्कारो को धारण करके ये लोग उसी प्रकार प्रकाशित होते है, जिस प्रकार तारो से भरा हुआ आकाश, अथवा, मेघो से आ रही वर्षा की बूँदे ["द्यावो न स्तृभिश्चितयन्त खादिनो व्य 1भ्रिया न द्युतयन्त वृष्टयः।"[2]। मरुद्गण ऐसे रथो पर चलते है, जो विद्युत के समान प्रतीत होते है जो स्वर्णिम है, जिनके पहिये और चक्रधार सुवर्णनिर्मित है तथा जिनमे आयुध रखे हुए है जो अश्व इनके रथो को खीचते है।, वे अरुणिम अथवा हरे और विचारो के समान द्रुतगामी है। 'रोदसी' देवी इनके (मरुतो के) रथ पर विराजमान रहती है और इसीलिए वह इनकी पत्नी मानी जाती है। यह भी माना गया है कि मरुतों ने 'वायु' को ही अश्वो के रूप मे अपने रथ मे सन्नद्ध कर दिया था।

---

नोट . 1[-ऋ०2-34-1] 2-[ऋ०2-34-2]

मरूद्गण आकाश के महान् है। कोई भी अन्य व्यक्ति पराक्रम मे इनकी सीमा तक नही पहुँच सकता। मरुद्गण युवा तथा अजर है। ये असुर, प्रबल, वेगवान्, धूलिरहित, भयड्कर स्वभाव वाले तथा वन्य पशुओ की भॉति भयड्कर माने गये है। ये लोग जो ध्वनि करते है, उसका भी प्रायः उल्लेख है। उसे स्पष्ट तथा 'आकाशीय गर्जन'कहा गया है। इनके आने पर, आकाश मानो भय से गर्जना करता है। प्रायः यह उल्लेख मिलता है कि ये लोग पर्वतो को हिला देते है। और पृथ्वी तथा आकाश–दोनो को प्रकम्पित करते है। सभी प्राणी इनसे रहते है। ये प्रचण्ड वायु के समान वेगवान् तथा धूल उडाने वाले है मरूतो का एक प्रमुख कार्य वर्षा कराना है। ये वर्षा से परिवेष्टित है, ये समुद्र से उठते तथा वर्षा कराते हैं वर्षा इनके पीछे–पीछे चलती है ये जल लाते है तथा वर्षा को प्रेरित कर देते है। जब ये वायु सहित वेग से चलते है,तब कुहरे को बिखेरते है। मरुतो द्वारा करायी गयी वर्षा को लाक्षणिक रूप से 'दूध', 'घृत', 'दूध' और घृत' भी कहा गया है, अथवा, यह भी कहा गया है कि ये लोग जलधारा गिराते हैं , अथवा, पृथ्वी को मधु से सिञ्चित करते हैं। जिस जलस्रोत का ये दोहन करते है।, वह गर्जन करता हैं जब ये जल गिराते है,तब अरूणिम वृषभ रूपी आकाश गर्जन करता है। वर्षा कराने वालो के रूप मे इनकी प्रकृति के सन्दर्भ मे मरूतो। को "पुरूद्रप्सा","द्रप्सिनः" और बहुधा "सुदानवः"[१] इत्यादि विशेषणो से विभूषित किया गया है।यह भी कहा गया है कि इन लोगो ने वायु को नापा, पार्थिव क्षेत्रो और द्युलोक के उज्ज्वल प्रदेशो को विस्तारित किया और दोनो लोको को अलग–अलग स्थित किया। इन लोगो की तुलना पुरोहितो से भी की गयी है। यह कहा गया है कि 'दशग्वो' के रूप मे इन्ही लोगो ने सर्वप्रथम यज्ञ सम्पन्न कराया ["ते दशग्वाः प्रथमा यज्ञमूहिरे";[२] तथा, "यज्ञैः सम्मिश्लाः प्रिया उत।"[3]। अन्य देवताओ की भॉति, इन लोगो को भी अनेक बार सोम–पान करने वाला कहा गया है [४]।

प्रायः मरुद्गण अपने कार्यो मे अधिक स्वतन्त्र प्रतीत होते है। इनके विषय मे कहा गया है कि इन लोगो ने अकेले ही गायो को प्रकट किया था["भृमि धमन्तो अप गा अवृण्वत"–[५] ये प्रायः मात्सर्यपूर्ण प्रवृत्तियॉ भी प्रदर्शित करते है। इनसे अपने स्तोताओ। से विद्युत् को दूर रखने तथा अपनी दुर्भावनाओ को स्तोताओ तक न पहुचने देने के लिए इनका आह्वान किया गया है। साथ ही साथ, इनके पिता 'रुद्र' की भॉति मरुद्गणो को भी उपशामक औषधियॉ लाने वाला कहा गया है। एक स्थल पर इन लोगो को विशुद्ध, हितकर और उपकारी औषधियॉ रखने वालो के रूप मे 'रुद्र' के साथ सम्बद्ध किया गया है"[६]। ये औषधिया जल ही प्रतीत होती है, क्योकि मरुद्गण वर्षा द्वारा ही औषधियॉ प्रदान करते है। 'अग्नि' की ही भॉति, मरुतो को भी अनेक बार 'विशुद्ध' तथा 'शुद्ध' करने वाला अभिहित किया गया है।

---

नोट· 1- [ऋ०2-34-8]
2- [ऋ०2-34-12]
3- [ऋ०2-36-2]
4- [-ऋ०2-36-2]
5- [ऋ०2-34-1]-
6- [–ऋ०2-33-13]

# अपांनपात्

'अपा नपात्' नाम का अर्थ है—"जल का पुत्र"। इस देवता की, स्वतन्त्र रूप से, एक सम्पूर्ण ऋग्वेदीय सूक्त (2/35) मे प्रशस्ति उपलब्ध होती है। युवक तथा दीप्तिमान् 'जल का उज्ज्वल पुत्र' ("अपा नपात्")—यह देवता चारो ओर से जलो से घिरा रहता है,'अपा नपात्' बिना किसी इन्धन के ही जल के भीतर चमकता रहता है ["स शुक्रेभिः . घृतनिर्णिगप्सु।।",[१]जो इसे चारो ओर से घेरे रहता है तथा इसे पुष्ट करता है। युवावस्था सम्पन्न जल इस युवक के चारो ओर प्रवहित होते हैं, तीन दिव्य स्त्रियॉ इस देवता के निमित्त अन्न धारण करती है।, यह प्रथमतया उत्पन्न करने वाली माताओ का दुग्धपान करता है ["समन्या यन्त्युप यन्त्यन्याः . पीयूष धयति पूर्वसूनाम्।"—[२]। विद्युत् से आवृत हुआ यह[३] देव खड्ग—रूप मे बिल्कुल सुवर्णमय है। मन के समान वेगशाली अश्व इसे खीच कर लाते है। 'अपा नपात्' के लिए "आशुहेमन्" (=शीघ्रगामी) पद का बहुशः प्रयोग मिलता है।

इस वृषभ रूपी देव ('अपा नपात्') ने मातारूपी जलो मे गर्भ प्रकट किया, पुत्र के रूप मे यह उनका स्तनपान करता है और वे सभी इसका चुम्बन करती है ["स ई वृषाजनयत्तासु त रिहन्ति।"[४] ।जलो का पुत्र जलो के भीतर सशक्त होते हुए सुशोभित होता है ["सो अपा नपाद् विधते वि भाति।।"—[५]। विद्युत् का परिधान पहने हुए जलो का पुत्र तिरछे जलो की गोद मे सीधे आरुढ हुआ है, इसका वहन करते हुए स्वर्ण—वर्ण क्षिप्र जल इसके चतुर्दिक् गमन करते हैं ["अपा नपादा परि यन्ति यह्वीः।।"[६]। जलो के पुत्र का आकार, रूप और वर्ण स्वर्णिम है, हिरण्यगर्भ से आते हुए यह बैठकर अपने स्तोताओ को भोजन प्रदान करता है ["हिरण्यरूपः स .. .... . .. ददत्यन्नमस्मै।।"[७]। सर्वोच्च स्थान पर खडा हुआ यह सदैव अप्रतिम वैभव से सुशोभित होता है,क्षिप्र जल—समूह अपने पुत्र के लिए भोजन के रूप मे घृत लिए हुए अपने प रिधानो से युक्त चारो ओर उडते हैं ["अस्मिन्पदे परमे . . परि दीयन्ति यहवीः।।"—[८]। जिसे कन्याएँ प्रदीप्त करती हैं, जिसका वर्ण सुवर्ण के समान है, उस जलो के पुत्र का मुख गुप्त रूप से वृद्धि को प्राप्त होता है ["तदस्यानीकमुत .... .. . .. . . . . . . . . ... . ... . घृतमन्नमस्य।।"—[९]। इसके पास एक गाय है, जो इसी के घर मे श्रेष्ठ दूध देती है, यह जलो का पुत्र, जल के बीच अपनी शक्ति को बढाता हुआ, उपासना करने वाले के लिए धन देने की इच्छा से विशेषतः प्रकाशित होता है["स्व आ दमे सुदुघा. . . .. . . ....... . विधते वि भाति।।"[१०] जलो का पुत्र नदियो से सम्बद्ध है["नाद्यः"[११]। जलो के पुत्र ने सभी प्राणियो की रचना की है और ये सभी लोग केवल इसी की शाखाये हैं ["अपा नपादसुर्यस्य . . ... . भुवना जजान।"—[१२]; तथा, "वया इदन्या ... . . .. . वीरुधश्च प्रजाभिः।।"—[१३]। 'अपा नपात्'—देव से सम्बद्ध सूक्त के अन्तिम मन्त्र मे इस देव का 'अग्नि' के रूप मे आह्वान एव स्तवन किया गया है, अतः, इस देव को 'अग्नि' के साथ समीकृत किया जाना चाहिए।

'अपा नपात्' के विषय मे कतिपय विचारको का मत है कि यह मूलतःएक विशुद्ध और सरल जलीय व्यक्ति था,जो सर्वथा एक भिन्न व्यक्ति 'जल से उत्पन्न अग्नि' के साथ सम्बद्ध हो गया, जबकि 2/35 सूक्त मे इसका जलमय रूप ही प्रधान है। दूसरी ओर, कतिपय अन्य विद्वानो की सम्मति मे, "अपां नपात्" 'चन्द्रमा' है, जबकि मैक्स मूलर इसे 'सूर्य', अथवा ,'विद्युत्' मानते हैं।

---

नोट
1-[ ऋ०2-35-4]
2- [ऋ०2-35-3 से 5]
3-[ ऋ०2-33-13—ऋ०2-33-13]
4-[—ऋ०2-35-13]
5-[—ऋ०2-35-13]
6-[ ऋ०2-35-9]
7-[—ऋ०2-33-10]
8[- ऋ०2-35-14]
9-[ ऋ०2-35-11]
10-[—ऋ०2-35-7]
11-[—ऋ०2-35-1]
12-[ऋ०2-35-2]
13[-ऋ०2-35-8]

# सवितृ

'सवितृ' शब्द की व्युत्पत्ति ,/'सू प्रेरणे' धातु से (कर्त्रर्थक) 'तृच्' प्रत्यय होने पर निष्पन्न मानी गयी है, जिसके अनुरुप धातुगत अर्थ है—'उत्पन्न करना', 'गति देना' 'प्रेरणा देना', या 'प्राण देना', इत्यादि। इन्ही अर्थो के अनुरूप, 'सवितृ' शब्द का अर्थ है—प्रसव करने वाला, अथवा, स्फूर्ति देने वाला देवता। अतः, 'सवितृ'–देव, निश्चय ही, विश्व मे गति का सञ्चार करने वाले तथा प्रेरणा प्रदान करने वाले 'सूर्य' का ही प्रतिनिधि माना गया है। 'ऋग्वेद——द्वितीय मण्डल' के अर्न्तगत एकमात्र 38 वे सूक्त मे, समग्र रूप से, 'सवितृ'–देव का स्तवन उपलब्ध होता है।

'सवितृ', प्रधानतया, एक स्वर्ण–देव ('हिरण्यमय'–देव) है, और, इसके प्रायः सभी अवयवो तथा उपकरणो का इसी विशेषण के साथ वर्णन किया गया है।'सवितृ' की भुजाये स्वर्णिम है। 'सवितृ' विस्तृत हाथो से युक्त है["पृथुपाणिः"[1]।'सवितृ' का स्वरूप आलोकमय तथा स्वर्णिम है। दो शीघ्रगामी अश्वो के द्वारा सञ्चालित एव स्वर्णिम रथ पर 'सवितृ'–देव सम्पूर्ण विश्व को अपने हिरण्यमय नेत्रो से देखता हुआ गमन किया करता है। यह प्राणियो के पापो तथा दोषो को दूर कर उन्हे निर्दोष बनाता है। 'सवितृ'–देव 'ऋत' का अनुगामी है।

महान वैभव से 'सवितृ' देव को ही, प्रमुख रूप से, युक्त बताया गया है। इस वैभव को 'सवितृ' ही विस्तारित , अथवा, प्रसृत करता है। यह वायु, आकाश और पृथ्वी, ससार, पृथ्वी के शून्य स्थान आदि सभी को प्रकाशमय कर देता है। यह अपनी स्वर्णिम भुजाओ को ऊँचा उठाता है, जिससे यह सभी प्राणियो को जागृत कर देता है तथा उन्हे आशीर्वाद प्रदान करता है, इसकी ये पृथ्वी के छोरो तक पहुँच जाती है ["विश्वस्य हि श्रुष्टये .
. . ......रमते परिज्मन्।।"[2]। भुजाओ को ऊपर उठाना इनका ही एक वैशिष्ट्य है, क्योकि, अन्य देवताओ की इस क्रिया की इनसे ही तुलना की गयी है।

अनेक अन्य देवताओ की भॅाति,'सवितृ'–देव को भी "असुर" कहा गया है। यह देव दृढ नियमो का पालक है।'वायु 'तथा 'जल' इसके विधानो के ही अधीनस्थ है।["आपश्चिदस्य व्रत आ निमृग्रा"[3]।'सवितृ' देव दिन तथा रात्रि—दोनो का स्वामी है। यह सुसवर्णमय भुजाओ सदृश्य किरणो से आकाश को व्याप्त करता हुआ आकाश मे उचित होता है। प्रदोष और प्रत्यूष–दोनो से इसका सम्बन्ध है। यह दुः स्वप्नो का नाशक है तथा दुर्भाग्य को दूर भगाता है। यह यजमानो की रक्षा करता है तथा मनुष्यो को पाप से रहित करता है अन्य देवता इसके नेतृत्व को स्वीकार करते है तथा कोई भी इसकी इच्छा का उल्लङ्घन नही कर सकता। यह सभी वाञ्छनीय पदार्थो का अधिपति है और आकाश, अन्तरिक्ष तथा पृथिवी से अपना आशीर्वाद प्रदान करता है ["अस्मभ्य तद्दिवो . . . . . . . . .सवितर्जरित्रे।।"[4]।

वस्तुतः, 'सवितृ'–सूक्त मे, अस्त होने वाले 'सूर्य' के रूप मे ही 'सवितृ' की स्तुति की गयी है। किञ्च, इस बात के भी सङ्केत प्राप्त होते है कि 'सवितृ' को समर्पित अधिकाश सूक्त या तो प्रातः कालीन अथवा सायङ्कालीन यज्ञ के लिए ही उद्दिष्ट हुए हैं।

---

नोट .

1-[ऋ०2-38-2 ]   2-[ ऋ०2-38-2]   3- [ऋ०2-38-2]   4–[ऋ०2-38-11]

# अश्विनौ

'अश्विन्' शब्द की व्युत्पत्ति 'अश्व' शब्द से मत्वर्थीय 'इन्' प्रत्यय होने पर निष्पन्न मानी गयी है 'अश्विन' –द्वय' सयुक्त देवता है, जो अविभक्त रूप से एकत्र रहते है। ये देवता सदा युगल रूप मे उपस्थित रहते है तथा "अश्विनौ" इस द्विवचन मे इनका प्रयोग किया जाता है। इनकी महत्ता 'इन्द्र' 'अग्नि' तथा 'सोम' के अनन्तर सर्वाधिक मान्य है। ऋग्वेदीय द्वितीय मण्डल के अन्तर्गत इस देवयुगल का, समग्र रूप से, एकमात्र 39 वे सूक्त मे स्तवन किया गया है, तथा, इसके अतिरिक्त,37वे एव 41वे सूक्तो के भी कतिपय मन्त्रो मे इन देवताओ का आह्वान एव स्तवन उपलब्ध होता है।

यद्यपि प्रकाश सम्बद्ध देवो के अन्तर्गत 'अश्विन्–द्वय' का एक विशिष्ट महत्त्वपूर्ण स्थान है और इनकी अभिधा भी भारतीय ही है, तथापि प्रकाश–सम्बन्धी किसी निश्चित घटना के साथ इनका सम्बन्ध इतना अस्पष्ट है कि इनकी यथार्थ मूल प्रकृति आरम्भिक काल से ही वैदिक व्याख्याकारो के लिए एक समस्या रही है। ये दोनो देवता यमज तथा अवियोज्य है 'अश्विनौ–सूक्त'(2/39) का एकमात्र प्रयोजन विभिन्न युगल वस्तुओ, जैसे–भुजाये, पैर पक्षियो के पख आदि से इनकी तुलना करना, अथवा, ऐसे पशु–पक्षियो से समीकृत करना, जो युगल रूप मे रहते है, जैसे–श्वान और बकरियॉ, हस और उत्क्रोश, इत्यादि[1]। तथापि, कतिपय ऐसे भी स्थल प्राप्त होते है, जो कदाचित् इनके मूलतः [illegible] होने का सकेत करते है, अन्यथा, युगल रूप से दोनो ही अश्विनो के लिए "दस्र" तथापि "नासत्य" विशेषण बहुशः प्रयुक्त किये गये है।

'अश्विनौ' युवा है तथा इनको देवताओ मे सबसे कम वयस्क माना गया है परन्तु, साथ ही साथ, इन्हे प्राचीन भी कहा गया है। ये प्रकाशमान, प्रकाश (यद्धा, तेजस्विता) के अधिपति, सुवर्ण की भॅाति चमक धारण करने वाले तथा मधुवर्ण है। इनके अनेक रूप है, ये दोनो सुन्दर है तथा कमलो की माला से अलड्कृत वर्णित किये गये है। ये दोनो क्षिप्र है, विचारो की भॉति, अथवा उत्क्रोश पक्षी की भॉति द्रुतगामी है। ये दोनो परम मेधावी तथा गुह्य शक्ति से युक्त माने गये है। इनके लिए ही "हिरण्यवर्तनि" (=सुवर्ण मार्ग वाला) तथा "रुद्रवर्तनि" (=लाल मार्ग वाला) विशेषणो का प्रयोग किया गया है।

सभी देवो की अपेक्षा अश्विनो को ही सर्वाधिक घनिष्ठ रूप मे 'मधु' के साथ सम्बद्ध किया गया है और इसके साथ इनका प्रायः अनेक स्थलो पर उल्लेख मिलता है। 'सोम' की अपेक्षा 'मधु' से ही इन दोना का घनिष्ठतर सम्बन्ध माना गया है। अन्य देवताओ की अपेक्षा ये दोनो अधिक मधुपान करते है।, इनके पास मधु से परिपूरित कोष है। इनका अड्कुश ही मधुमय नही है, प्रत्युत इनका रथ भी मधु वर्ण वाला तथा मधुधारण करने वाला कहा गया है। यह रथ अश्वो के द्वारा,अधिकतर पक्षियो या पक्षधारी अश्वों के द्वारा खीचा जाता है। इसी पर बैठकर ये दोना एक ही दिन मे 'द्यावापृथिवी' की परिक्रमा कर आते हैं। 'उषा' तथा 'सूर्य' के उदयकाल के मध्य मे इनका अविर्भाव होता है, 'उषा' के आगमन के अनन्तर ये उसका अनुगमन करते हैं। ये दोनो अन्धकार को दूर करते है तथा मनुष्यो को क्लेश एव कष्ट पहुॅचाने वाले राक्षसो को दूर भगा देते है। इसी समय, ये दोनो अपने रथ को सन्नद्ध करके पृथ्वी पर अवतरित होते तथा अपने स्तोताओ के समर्पणो को भी स्वीकार करते है। प्रायः

---

नोट 1-["द्र०–ऋ०2-39-1से 7 तक]

अश्विनो का प्रकट होना, यज्ञाग्नि का प्रदीप्त होना, उषा का आगमन तथा सूर्योदय–सभी का एक साथ होना बताया गया प्रतीत होता है, आहुतियॉ ग्रहण करने के लिए केवल अपने निश्चित समय पर ही नही वरन् सन्ध्या काल, अथवा, प्रातः, मध्याह्न एव सूर्यास्त के समय भी आगमन करने के लिए अश्विनो का आह्वान किया गया है।

'सूर्य' के विलीन हो चुके प्रकाश को पुनः प्राप्त करने, अथवा, खोज निकालने वालो के रूप मे ही,मूलतः, 'अश्विनौ' की कल्पना की गयी होगी। ये दोना देव एक विशिष्ट प्रकार के सहायता करने वाले देव माने गये है। ये लोग अन्य की अपेक्षा अधिक शीघ्रतापूर्वक सहायता करने वाले तथा सामान्य रूप से सभी विपत्तियो से मुक्त करने वाले है। इस प्रकार के अनुग्रहो के लिए नित्य ही इनका स्तवन किया गया है। सहायता प्रदान करने की अपनी प्रकृति के अतिरिक्त, ये दोनो उपशमन तथा आश्चर्यजनक कार्य करने वाले हैं और इनकी सामान्य उपकार शीलता की प्रायः प्रशस्ति उपलब्ध होती है। ये दोना अपने स्तोताओ को वृद्धावस्था तक दृष्टिहीन नही होने देते तथा उन्हे प्रचुर सम्पत्ति एव सन्ताना से परिपूर्ण करते है। अपनी [illegible] तथा उदार व्यवहार से ये दोनो ही देव मनुष्यो को आकृष्ट कर लेते है। दान देने की भावना 'अश्विनौ' –देवताओ से विकसित मानी गयी है। जो भी दान दिया गया है, उसके ये ही दोनो देवता है। इस प्रकार, अश्विनो के वैदिक वैलक्षण्य की सङ्गति इनके इस स्वरूप–निरूपण से भली–भॅाति हो जाती है।

# पूषन्

"पुष्णातीतिपूषन्" इस विग्रह के अनुरूप, व्युत्पत्ति की दृष्टि से, 'पूषन्' शब्द ,/'पुष् पोषणे' धातु से निष्पन्न माना गया है, जिसका अर्थ है—'पोषणकर्ता', अथवा, 'समृद्धिदायक'। पोषण करने वाला देव ('पूषन्') 'सूर्य' की पोषण–शक्ति का प्रतीक है, और, इसी लिए, यह 'सूर्य' की पोषण–शक्ति का प्रतिनिधि देव है। 'ऋग्वेद—द्वितीय मण्डल के अन्तर्गत, देव 'पूषन' की स्तुति 40 वे सूक्त मे मन्त्र 1 से 5 तक 'सोम' के साथ युगल रूप से उपलब्ध होती है, तथा, इसके अतिरिक्त,6वे मन्त्र मे 'सोम' के साथ ही साथ 'अदिति' के साथ भी 'पूषन्' का स्तवन किया गया है। 'पूषन्' को चराचर का स्वामी तथा मार्गो का रक्षक बतलाया गया है।

'पूषन्' के व्यक्तित्व तथा मानवाकृति का कोई विशेष परिचय, स्पष्ट रूप से, प्राप्त नही होता है। 'पूषन्' को राजाओ का देवता कहा गया है, 'द्यूलोक' इसका निवासस्थान है। इसकी उपासना पशुपालक के रूप मे की जाती है। अन्य देवताओ के समान, इसमे भी वैशिष्ट्य विद्यमान हैं। यह शक्तिशाली, ओजस्वी, सबल तथा निर्बाध है, साथ ही यह अमर है तथा वैभवशाली है। यह वीरो का शासक तथा अजेय सरक्षक है।

'पूषन्' को "मार्गो का देवता" भी माना गया है। यह अपने रथ मे बैठकर भ्रमण करता है तथा सारे ससार का निरीक्षण करता है। यह मार्गो के भय को दूर भगाता है। 'पूषन्' अत्यधिक उदार है। तथा, प्रेतात्माओ को पितृलोक ले जाने का कार्य इसी का है। यह सभी प्राणियो का स्पष्ट रूप से तथा एक साथ निरीक्षण करने वाला तथा उन्हे जानने वाला देवता है। 'पूषन्' मार्गो का अध्यक्ष है तथा उन्हे विपत्तियो से दूर कर प्राणियो की रक्षा करता है। यह पशुओ का रक्षक है, यह गोचर–भूमि मे जाने वाले पशुओ के पीछे जाता है, उनकी रक्षा करता है तथा उन्हे सुरक्षित घर पहुँचा देता है। इसीलिए, इसे "विमुचो नपात्" (='मुक्ति का पुत्र') कहा गया है। "आघृणिः" (=प्रकाशमान) इसके लिए प्रयुक्त एक विशिष्ट विशेषण है।

'पूषन्' ससार का रक्षक है। यह एक द्रष्टा, पुरोहितो का रक्षक मित्र तथा सभी अभ्यर्थको का, प्राचीन काल मे उत्पन्न, एक विश्वसनीय मित्र है। यह अत्यन्त बुद्धिमान् तथा उदार [1] है। यह सभी प्रकार के धन–धान्य से सम्पन्न है। यह समृद्धि का परम मित्र तथा पोषक तत्त्वो की वृद्धि का शक्तिशाली अधिपति है। एक स्थल पर, इसे 'सर्वव्यापी'["विश्वमिन्वो"–[2] अभिहित किया गया है, तथा भक्ति की अभिवृद्धि के लिए इसका आह्वान किया गया है["द्र०–धिय पूषा जिन्वतु . .. . . .... . .... .. ... ... . . . . ..विदथे सुवीराः"–[3]।

'पूषन्' अतुल सम्पत्ति, सम्पत्ति के प्रवाह तथा धन के अगार का अधिपति है। जो भी समृद्धि 'पूषन्' प्रदान करता है , वह पृथ्वी पर मनुष्यो और पशुओ को प्रदत्त सुरक्षा और मनुष्यो को परलोक स्थित आनन्दमय आवासो तक इनके पथ–प्रदर्शन का ही परिणाम है। अतः, 'पूषन्' के चरित्र–सम्बन्धी अवधारणा की पृष्ठभूमि मे 'सूर्य' की उपकारी शक्ति ही है, जो कि प्रधानतया एक ग्रामीण देवता के रूप मे अभिव्यक्त हुई है।

---

नोट 1- ["पुरधिः"–ऋ०,2-31-4] 2- ["पुरधिः"–ऋ०,2-31-4] 3-[–ऋ०,2-40-6]।

# ऋदिति

'ऋदिति' शब्द का अर्थ है–'सीमाऋो' के बन्धनो से रहित'। ,/ 'दो ऽ वखण्डने', यद्वा, ,/'दा बन्धने' धातु से 'क्तिन्' प्रत्यय होने पर दितिशब्द निष्पन्न हुआ है। इस प्रकार 'दिति' शब्द का अर्थ है–'जो' सीमाओ के बन्धनो मे बॅधी हो'। 'नञ्' +'दिति'='ऋदिति', अर्थात्, 'अनवखण्डिता', 'अक्षता', 'सकला', 'समग्रा', इत्यादि। इस प्रकार, सीमाओ के बन्धनो से सर्वथा रहित 'पृथिवी' की अभिमानिनी देवता–मूलप्रकृति देवमाता—'अदिति' है। अत एव, बन्धनो से मुक्ति प्राप्त्यर्थ 'अदिति' देवता की उपासना की गयी है।

देवी 'अदिति' किसी भी एक पृथक् एव स्वतन्त्र सूक्त का विषय नही बन सकी है, किन्तु, इसकी प्रसङ्गवश प्रशस्ति उपलब्ध होती है। इसका अकेले अत्यन्त दुर्लभ ही उल्लेख है, क्योकि, प्रायः नित्य ही इसका, इसके पुत्र आदित्यो के साथ, आह्वान किया गया है।

'अदिति' का कोई निश्चित दैहिक वैशिष्ट्य उपलब्ध नही होता। इसे प्रायः एक 'देवी' कहा गया है, जिसका कभी–कभी 'अनर्वा' नाम भी प्राप्त होता है["अवतु देव्यदितिरनर्वा"–[१]। यह अत्यन्त फैली हुई, विस्तृत और चौडे स्थानो वाली देवी है। यह उज्ज्वल, प्रकाशमय, प्राणियो का पोषण करने वाली और सभी की देवी है। प्रातः काल, मध्याह्न एव सायकाल के समय इसका आह्वान होता है।

'अदिति','मित्र' तथा 'वरूण' की माता है, और, साथ ही साथ, 'अर्यमन्' की भी माता है। अतः, इसे राजाओ की माता, श्रेष्ठ पुत्रो वाली, शक्तिशाली पुत्रो वाली तथा श्रेष्ठ पुत्रो वाली कहा गया है। इसका प्रायः स्तोताओ की महान् माता, 'ऋत' की अधिष्ठात्री देवी, पराक्रमी अनश्वर, विस्तृत रूप से फैली हुई, सुरक्षा प्रदान करने वाली और योग्यतापूर्वक पथप्रदर्शन करने वाली देवी के रूप मे आह्वान किया गया है। प्रायः 'अदिति' का अपनी सन्तान आदित्यो के साथ नित्य आह्वान यह प्रकट करता है कि 'मातृत्व' ही इसके चरित्र का अनिवार्य एव विशिष्ट गुण है।

"अदिति" के गुणो के सम्बन्ध मे दो प्रमुख चारित्रिक विशेषताये कही गयी है। प्रथम इसका मातृत्व है, यह एक ऐसे वर्ग के देवो की माता है, जिनके नाम इससे निर्मित मातृनामोद्गत रूप मे ही प्रकट हुए है। दूसरी प्रमुख विशेषता इसके नाम की व्युत्पत्ति के अनुकूल ही, दैहिक कष्ट तथा नैतिक अपराध के बन्धनो से मुक्त करने की इसकी शक्ति है। इस नाम पर रहस्यवादी कल्पना असीम समृद्धि के प्रतिनिधि के रूप मे इसे एक गाय बना सकती है, अथवा इसे असीम पृथ्वी, आकाश या विश्व के ही साथ समीकृत कर सकती है।

"अदिति" को "देवताओ" की माता" कहा गया है, परन्तु सभी देवता उसके पुत्र नही थे। जो देवता "अदिति" के पुत्र है, वे 'आदित्य' कहलाते है। आदित्यो की संख्या नियत नहीं है। कही तो 5, कहीं 6, कही 7, कहीं 8 'आदित्य' कहे गये है। परवर्त्ती साहित्य मे बारह आदित्यों की गणना की गयी है।

---

नोट 1- [ ऋ०,2-40-6]

# वायु

'वायु' शब्द की व्युत्पत्ति ,/'वा गतिगन्धनयोः' धातु से 'यु' प्रत्यय होने पर निष्पन्न मानी गयी है, जिसके अनुसार धातुगत अर्थ 'गति करना', अथवा,'गन्ध को ले जाना' सम्भाव्य प्रतीत होता है। इस प्रकार, 'वायु' का अर्थ 'वात' यद्वा, 'पवन ' माना जाता है। 'ऋग्वेद ः द्वितीय मण्डल' के अर्न्तगत 41वे सूक्त के मन्त्र 1 तथा 2 मे 'वायु'–देव का, अकेले ही, जबकि इसी सूक्त के मन्त्र 3 मे 'इन्द्र' के साथ आह्वान एव स्तवन किया गया है।

'वायु'–देवता तीव्र वेगशाली है, इसके वेग की उपमा प्रायः देवताओ तथा अश्वो के साथ दी जाती है। यह गर्जन करता हुआ अपने मार्ग से गमन करता है। 'इन्द्र' के साथ इसे आकाश का स्पर्श करने वाला, विचार के समान वेगवान् और सहस्र नेत्रो वाला कहा गया है। वायु समस्त भुवन का राजा है। 'वायु' के पास एक प्रकाशमान रथ है, जिसे अश्वो का एक दल, अथवा, 'रोहित' यद्वा 'अरुण' अश्वो का एक जोडा खीचता है। "नियुत्वत्" (एक दल द्वारा वहन किया जाने वाला) विशेषण प्रायः 'वायु', अथवा, उसके रथ के सन्दर्भ मे ही घटित होता है। 'वायु' के रथ मे, जिसमे 'इन्द्र' भी उसके साथ है, बैठने का आसन सुवर्णमय है और यह रथ आकाश का स्पर्श करता है। 'वायु' का स्वरूप किसी को दिखायी नही देता, केवल घोष ही सुनायी देता है।

अन्य देवताओ की भॅाति 'वायु' भी सोम–प्रेमी है। इसे प्रायः अपने दल के साथ सोम–पान के निमित्त निमन्त्रित किया गया है [द्र०[1] जहॉ पहुॅच कर यह सर्वप्रथम अपना (प्रायः 'इन्द्र' के साथ भी आगमन करता है) पेय –भाग प्राप्त करता है, क्योकि, यह देवताओ मे सबसे क्षिप्र माना गया है। 'वायु' को "सोम का रक्षक भी कहा गया है और इसके लिए एक विशिष्ट विशेषण "शुचिपा" का व्यवहार भी किया गया है। 'वायु'–देवता यश, सन्तान, अश्वो के रूप मे सम्पत्ति, वृषभ तथा सुवर्ण प्रदान करता है। यह शत्रुओ को भगा देता है और निर्बल व्यक्तियो की रक्षा के लिए प्राय इसका आह्वान किया गया है।

---

नोट · 1-[द्र०—ऋ०,2-41-1-2 एव 3]

# मित्रावरुणौ

'मित्र' एव 'वरूण' सज्ञक स्वतन्त्र देवताओ के अतिरिक्त, "मित्रावरूणौ" के युग्म का भी विवेचन मन्त्रो मे प्राय प्राप्त होता है। कभी–कभी इन दोनो देवताओ के लिए सयुक्त रूप से ''मित्रावरूणा'' शब्द का भी प्रयोग हुआ है। ऋग्वेद द्वितीय मण्डल के अन्तर्गत 36 वे सूक्त के मन्त्र 6 मे तथा 41 वे सूक्त के 4 से 6 तक के मन्त्रो मे इन दोनो देवताओ का सयुक्त रूप से आह्वान तथा स्तवन प्राप्त होता है।

'मित्रावरुणौ' कवि है, श्रेष्ठ रूप मे उत्पन्न ["तुविजात''] तथा विशाल क्षेत्र वाले ["उरुक्षय"]है। ये दोनो शक्ति और अपस् ("दक्ष") के पोषक है। ये दोनो राजा है, सुपाणि है तथा गायो की रक्षा करते हुए इनमे अमृत भरते है। सायण के अनुसार ये दोनो अहोरात्र के देवता है। ये 'दिविस्पृश्', अर्थात, द्युलोकवासी है। लोग यज्ञो तथा स्तुतियो से इनकी उपासना करते है। इनकी शक्ति बहुत बडी है, जिसका कोई सामना नही कर सकता है।

'मित्रावरुणौ' से सम्बन्धित मन्त्र प्रायः अस्पष्ट है तथा उनके द्वारा 'मित्रावरुणौ' के स्वरूप एव कार्यो पर कोई विशेष प्रकाश नही पडता है। उनसे केवल यही स्पष्ट होता है कि ये दोनो "घृतस्नू" (='घृत को प्रवाहित करने वाले',अर्थात वृष्टिप्रदाता) है। 'अध्वर्यु' इन्हे हव्य तथा स्तुतियॉ अर्पित करते है, और ये स्तोता की गायो का सरक्षण करते है तथा उसे सब प्रकार से समृद्ध बनाते है ये दोनो "अनभिद्रुह्"(=शत्रुतारहित),"दानुनस्पती" (देय के अधिपति)," धृतासुती घृतयुक्त अन्न वाले), सम्राट्, स्थिर एवम् उत्कृष्ट सदस् (=गृह) मे निवास करते है। ये दोनो सोमपान के लिए प्रातः सवन मे आमन्त्रित किये जाते हैं। ये दोनो इस समग्र भुवन के सम्राट् है। दिव् के स्वामी और पृथिवी के द्रष्टा है। 'मित्रावरूणौ' धर्म, ऋत, सत्य तथा व्रत के प्रतिष्ठापक है। ये दोनो अत्यन्त याज्ञिक प्रिय देव है, जिनके लिए नयी–नयी स्तुतियो की रचना की गयी है।

# सरस्वती

'सरस्वती' शब्द का अर्थ, मूलतः, 'जलमयी' था—'सरो (=तालाबो) वाली'। अपने मूल रूप मे, यह एक नदी थी , किन्तु, कालान्तर मे, उसका नदीरूप गौण तथा देवीरूप प्रधान बन गया। 'सरस्वती' पावक (=पवित्र बनाने वाली),समृद्धियुक्त धनवती ["वाजिनीवती"[1] मन्त्रो की निधि तथा यज्ञ की निर्वाहिका है। मधुर, सत्य वाणी की प्रेरयित्री एव सुमति को जागृत करने वाली 'सरस्वती' विशाल जलराशिरूपा है तथा समस्त चिन्तनशक्ति को प्रदीप्त करती है।

'सरस्वती' वाणी की देवी है तथा इसके तीनो रूपो–'इळा', 'सरस्वती' एव 'भारती' (यद्वा, 'मही')—का अपना विशिष्ट महत्व है। वाणी की अधिष्ठात्री देवी 'सरस्वती' उन व्यक्तियो को क्षीर, घृत, मधु तथा उदक प्रदान करती है जो ऋषियो के द्वारा निर्मित रसपूर्ण पावमानी ऋचाओ का अध्ययन मनन एव चिन्तन करते हैं। वाणीरुपिणी देवी 'सरस्वती' की प्रशसा मे उच्चारित यह प्रशस्ति ["अम्बितमे नदीतमे देवितमे                    प्रिया देवेषु जुह्वति।।"[2] सभवतया, प्राचीनतमा स्तुति है।

---

नोट : 1-ऋ०,2-41-18]                    2-,ऋ०,2-41-16से 18]

# तृतीय - अध्याय

# ऋग्वेदसंहिता ः द्वितीय मण्डल

## अनुवाक-1

### सूक्त-1

1. हे अग्ने । तुम सद्यः दीप्तिदायक हो, तुम जल से (उत्पन्न होते हो), तुम मेघो के समन्तात् (दिवसो के साथ) उत्पन्न होते हो, ,तुम वनो से, तुम ओषधियो से, हे नृणा नृपते! तुम प्रकाशक होकर उत्पन्न होते हो।

2. हे अग्ने । होतृकर्म तुम्हारा (है), पोतृकर्म तुम्हारा (है),ऋतुगत कर्म तुम्हारा (है), नेष्ट्रकर्म तुम्हारा (है), तुम ऋतकामी के अग्नित् (हो)। प्रशास्तृ–कर्म तुम्हारा (है), तुम अध्वर्यु का कार्य करते हो, और, (तुम) व्रह्मा हो और (तुम) हमारे सभागृह मे गृहपति (हो)।

3. हे अग्ने । तुम सज्जनो के (कामना–) सेचक इन्द्र हो तुम बहुतो द्वारा स्तुत्य (एव) नमस्करणीय विष्णु (हो)। हे ब्रह्मणस्–पते! तुम रयिविद् ब्रह्मा (हो), हे विविध रूपो को धारण करने वाले! तुम स्तुति से सयुक्त होते हो।

4. हे अग्ने! तुम धृतव्रत राजा वरूण (हो) तुम शत्रुक्षेपक (एव) स्तुत्य मित्र होते हो। तुम सज्जनो के पालक अर्यमा (हो), जिसके (दान का) सम्भोजन (होता है), हे देव! तुम यज्ञ मे भाग की कामना करने वाले अश (हो)।

5. हे अग्ने । तुम परिचर्या करते हुए (व्यक्ति) के लिए [illegible] (धन प्रदान करने वाले) त्वष्टा (हो), मित्र के समान तेज वाले (हो), स्त्रियो और सजातीयो का गण तुम्हारे लिए (है)। द्रुतगामी तुम सुन्दर अश्वसमूह को प्रदान करते हो, प्रभूत धन वाले तुम मनुष्यो के शर्ध (= प्राण) हो

6. हे अग्ने । तुम महान् द्युलोक के शत्रुक्षेपक रुद्र हो, तुम मरूत्–सम्बन्धित बल (हो) तथा अन्न पर शासन करते हो। (हे अग्ने!) सुखकर गृह वाले तुम वायु (–सदृश) अरूण (शिखाओ) से गमन करते हो (तथा) पोषक तुम परिचर्या करते हुए की अपने आप रक्षा करते हो।

7. हे अग्ने । तुम (अपने) अलङ्करण करते हुए (यजमान) के लिए धनप्रदाता (हो) , तुम रत्नधारक देव सविता हो । हे मनुष्यों के पालक (अग्ने!) ऐश्वर्यवान् तुम धन पर शासन करते हो (तथा) तुम, जिसने (अपने) यागगृह मे तुम्हारी परिचर्या की, (उसके) पालक हो।

8. हे अग्ने ! विश्वपालक, दीप्यमान तथा शोभन धन वाले तुमको प्रजाएँ (अपने) यागगृह मे प्रसाधित करती है। हे शोभन रूप वाले (अग्ने)! तुम समस्त (अपने से सम्बद्ध हविष्यादि पदार्थो) का पालन करते हो, तुम सहस्र, शत और दश (–सख्यासे युक्त) धन प्राप्त करते हो।

9. हे अग्ने । नेता (यजमान लोग) पालक (तुम्हारा) इडादियो द्वारा (यजन करते हैं)। (वे) भ्रातृत्व–भाव के लिए शरीरो मे दीप्त तुम्हारा शम्या द्वारा (यजन करते है)। जिसने तुम्हारी परिचर्या की, उसके तुम पुत्र (=पुत्रवत् पालन करने वाले) होते हो तथा विश्वस्त मित्र की भँाति तुम (उसकी) दुःख के आक्रमण से रक्षा करते हो।

10. हे अग्ने ! तुम ज्योतिर्मय (हो), समीप से नमस्करणीय तुम श्रूयमाण (प्रसिद्धि वाले) अन्न (और) धन का स्वामित्व करते हो। तुम (हमारे) अनुकूल विशिष्टरुपेण भासित होते हो, (तुम) (हविष्य) प्रदान करने वाले के लिए जलाते हो। तुम विशिष्ट शिक्षक (और) यज्ञ के विस्तारक हो।

11. हे देव अग्ने ! तुम हविः प्रदाता (यजमान) के लिए अदिति (हो), तुम होमनिष्पादिका 'भारती' स्तुति द्वारा प्रवृद्ध होते हो। तुम शक्ति प्रदान करने के लिए शतवर्ष 'इळा' हो, हे वसुपते! तुम वृत्रहन्ता 'सरस्वती' हो।

12. हे अग्ने! सुष्ठुपोषित तुम उत्तम अन्न (या, आयुध) प्रदान करते हो, तुम्हारे स्पृहणीय (और) सम्यक् दर्शनीय वर्ण मे ऐश्वर्य आश्रित होकर रहते हैं)। तुम अन्न (हो), (पाप से) प्रकृष्ट रूपेण पार करने वाले (हो), महान् (हो) और धन की प्रफुल्लता से युक्त तुम सर्वत्र प्रख्यात हो।

13. हे अग्ने! आदित्यो ने तुम्हे (अपना) मुख (बनाया), हे क्रान्तप्रज्ञ (अग्ने)! [illegible] (देवो) ने तुम्हे (अपनी) जिह्वा बनाया। दान से समवेत (देव) यज्ञो मे तुम्हारा सेवन करते है, तुम्हारे द्वारा (ही) देव आहुत हविष्य का भक्षण करते है।

14. हे अग्ने ! तुम्हारे माध्यम से (ही) समस्त निश्छल (एव) अमरणधर्मा देव आहुत हविष्य का भक्षण करते है। मरणध र्मा (जीव) तुम्हारे द्वारा (ही) आसुति (=रसरूपादि अन्न) का आस्वादन करते है, तुमने ही दीप्त लताओ मे गर्भ उत्पन्न किया।

15. हे अग्ने ! तुम अपनी महत्ता कारण उन देवताओ से सयुक्त होते हो और उनके प्रतिनिधि बनते हो, और हे देव! (तुम उनसे) बढकर हो जाते हो । जो यहाँ अन्न है, वह तुम्हारी महिमा से है (और) द्युलोक तथा पृथिवी लोक दोनो मे व्याप्त है।

16. हे अग्ने ! दानवीर जो (यजमान) स्तोता को श्रेष्ठ मानने वाले, अश्वरूप अलङ्करण वाले दान को प्रदान करते है, उन (यजमानो) को और हम (ऋत्विजो) को तुम सचमुच निवास योग्य स्थान पर ले जाते हो। सुन्दर वीरो वाले (हम) यज्ञ मे (तुम्हारी स्तुति को) जोर से उच्चारित करे।

## सूक्त-2

1. (हे यजमानो ! तुम ) यज्ञ के द्वारा जातवेदस् अग्नि को प्रवृद्ध करो, हविष्य (एव) विस्तृत स्तुति के द्वारा (तुम सब) समिद्ध होते हुए, शोभन अन्न वाले, प्रकाशयुक्त, द्युलोकवासी, होम–सम्पादक तथा यज्ञों मे अग्रगण्य (अग्नि का) यजन करो।

2. हे अग्ने ! अपने झुण्ड मे गाये जिस प्रकार बछडे को, उसी प्रकार रात्रि और उषाएँ तुम्हारी कामना करती है। हे बहुतों द्वारा वरणीय (अग्ने) ! द्युलोक के समान ही व्यापक एव आत्मसयमी(तुम) माननवीय युगो मे रात्रि मे भासित होते हो।

3. देवों ने शोभन कार्यो वाले द्युलोक और पृथिवी लोक के व्यापक धनयुक्त रथ के समान होने वाले, निर्मल ज्वालाओ वाले (तथा) लोक के मूल स्थान पर मित्र के समान प्रशसनीय उस अग्नि को अन्तरिक्ष के मूल मे निःशेषण प्रेरित किया।

4. देवो ने अन्तरिक्ष मे प्रवृद्ध होते हुए, चन्द्रमा के समान शोभन दीप्ति वाले, पृथिवी के पालक, नेत्रो से देखते हुए तथा जल के समान पालक उस (अग्नि) को दोनों (–देव और मनुष्यो) को लक्षित करके अपने यागगृह और एकान्त मे स्थापित किया।

5. होम–सम्पादक वह (अग्नि) सम्पूर्ण यज्ञ को चारो ओर से व्याप्त करे, मनुष्य हविष्य (और) स्तुति के द्वारा उस (अग्नि) को साधित करते है। स्वर्णिम उष्णीव वाला, प्रवृद्ध शिखरो पर बारम्बार हिलता (या, प्रवृद्ध होता) हुआ, (वह अग्नि) तारो से (व्याप्त) द्युलोक के समान (ज्वालाओ के द्वारा) द्युलोक और पृथिवी लोक को व्याप्त करता है।

6. (हे अग्ने!) समिद्ध होते हुए, सम्यग् धन देने वाले वह (तुम) हमारे कल्याण के लिए हमारे बीच धनपूर्ण ढग से दीप्त होओ। हे देव अग्ने् मनुष्य (मुझ यजमान) की तृप्ति के लिए द्युलोक और पृथिवी को हमारे सौविध्य के लिए कर दे।

7. हे अग्ने! हमे प्रभूत (धन) दो, सहस्र सख्या से युक्त (धन दो), मन्त्र शक्ति को द्वार के समान उद्‌घाटित कर दो। कीर्ति के लिए मन्त्र के द्वारा द्युलोक और पृथिवी को (हमारे) अनुकूल कर दो, उषाएँ दीप्तियुक्त (तुम्हे) सूर्य के समान प्रकाशित करती है।

8. उषाओ और रात्रियो के पश्चात् समिद्ध होता हुआ, मनुष्य (यजमान) की स्तुतियो से शोभन यज्ञ वाला प्रजाओ का वह (अग्नि) स्वामी तथा यजमान के लिए अतिथिरूप वह अग्नि रक्ताभ दीप्ति से प्रकाशित होवे।

9. हे प्रभूत प्रकाश वाले अमरो मे अग्रगण्य अग्ने! (तुम्हारी) स्तुति हम मनुष्यो को प्रवृद्ध करे। (तुम्हारी स्तुति) यज्ञ मे इच्छा होने पर यजमान के लिए धेनु के समान अपने आप से अनेक रूपो वाले धन का दोहन करने वाली (होती) है।

10. हे अग्ने ! हम (अपने) बलवान् घोडे और मन्त्र द्वारा लोगो का अतिक्रमण करके (उन्हे अपने) शोभन पराक्रम [illegible] जता दे। हमारा अनतिक्रमणीय धन पञ्च प्रजाओ के उपर सूर्य के समान उच्चरूपेण प्रकाशित होवे।

11. हे अग्ने! शोभन कुलोत्पन्न दानवीर, जिसमे (अपनी स्तुतियो को) निवेदित करते है, अन्नयुक्त (यजमान) पुत्र–निमित्त जिस यागगृह मे प्रदीप्त होते हुए यज्ञ के समीप गमन करता है। अभिभवकर्त्ता (तथा) प्रशस्य वह (तुम) हमारे लिए (कल्याणकर) होओ।

12. हे जातवेदस् अग्ने ! स्तोता (ऋत्विक) और दानवीर (यजमान) –दोनो तुम्हारे आश्रय मे होवे। (तुम) हमे अत्यन्त आहलादक, प्रभूत प्रजा वाले (एव) सुन्दर पुत्र के निवास रूप धन प्रदान करो।

13. हे अग्ने !दानवीर जो (यजमान) स्तोता को श्रेष्ठ गायो वाले तथा अश्वरूप अलङ्करण वाले दान को प्रदान करते हैं, उन्हे और हम (ऋत्विजो) को (तुम) सचमुच निवासयोग्य स्थान पर ले जाते हो। सुन्दर वीरों वाले (हम) यज्ञ मे (तुम्हारी स्तुतियों को) जोर से उच्चारित करें।

# सूक्त-3

1. समिद्ध होता हुआ, पृथिवी पर स्थित होता हुआ अग्नि समस्त भुवनों के समक्ष स्थित हुआ। होम–सम्पादक शोधक, प्राचीन, शोभन धन वाला तथा श्रेष्ट देव अग्नि का यजन करे।

2. प्रत्येक स्थान को प्रकट करता हुआ (अपनी) महिमा से तीनो द्युलोको को प्रकाशित करने वाला तथा यज्ञ–मूर्धा पर घृतप्रुष् मन से हविः को क्लिन्न करता हुआ 'नराशस' देवो को सम्यक् तृप्त करे।

3. हे अग्ने ! (हमारे द्वारा) स्तुत हुए, यागयोग्य तथा मनुष्यो से पूर्वभावी तुम (हमसे) अनुरक्त मन से हमारे लिए आज देवों का यजन करो। वह (तुम) मरूतो के गण (या,बल) को ले जाओ, हे मनुष्यो ! कुशासीन अच्युत इन्द्र का यजन करो।

4. हे देव ! वर्धनशील, शोभनवीर, सम्पादक, सुष्ठु पालक बर्हिः इस वेदी पर बिछी है, हे वसवः ! (तुम) घृत से आर्द्र इस (बर्हिः) पर बैठो, हे विश्वे देवो। हे अदिति –पुत्रो! यज्ञिय (तुम सब) इस पर बैठो।

5. महान्, अच्छी प्रकार से पहुँचने योग्य (तथा) नमस्कारो द्वारा पुकारी जाती हुई द्वाराभिमानिनी देवियॉ विशिष्टरूपेण उद्घाटित हो जाये। व्यापक, जरारहित (एव,यजमान के लिए) शोभन पराक्रम एव यश से युक्त वर्ण को चमत्कृत करती हुई देवियॉ अत्यधिक प्रथित होवें।

6 हमारे साधु कर्मो को (लक्षित करके) नित्यरूपेण प्रवृद्ध होती हुई, बुनकरी के समान विस्तृत तन्तु को बुनती हुई, परम्परानुकूल सुष्ठुफलदोहक तथा जलयुक्त उषा और नक्ता ने यज्ञ के रूप को निर्मित किया।

7. अग्रगण्य, प्रज्ञानयुक्त (तथा) सुन्दर शरीर वाले दिव्य दो होता मन्त्र द्वारा सरल ढग से यजन करते है। समया नुसार देवो का यजन करते हुए (वे दोनो) पृथिवी की नाभि (=वेदी) के उपर तीन शिखरो पर (हविष्य) प्रदान करते है।

8. हमारी बुद्धि (या, प्रार्थना) को पूर्ण करती हुई सरस्वती' देवी, 'इळा' और समस्त सवेगो वाली 'भारती' (–ये) तीन देवियॉ आश्रयभूत छिद्ररहित इस बर्हिः पर बैठ कर अपने बल से (हमारी) रक्षा करे।

9. स्वर्णिम (या, पीले) रङ्ग वाला, शोभनाभरण वाला, आज्ञाकारी, अन्न को धारण करने वाला, देवकामी पुत्र उत्पन्न होता है। त्वष्टा प्रजा की नाभि को हमारे लिए विमुञ्चित कर दे तथा देवो का अन्न भी (हमे) प्राप्त होवे।

10. (हमारे धार्मिक कृत्यो का) अनुमोदन करता हुआ 'वनस्पति' (हमारे) समीप स्थित हुआ, अग्नि प्रकृष्ट कर्मो द्वारा हविष्य को तैयार करे। प्रकर्षण जानता हुआ दिव्य एव सशोधक अग्नि तीन बार सम्भक्त हविः को देवताओ के समीप तक ले जावे।

11. (मै 'अग्नि' पर) बारम्बार घृत सिञ्चित करता हूँ। (क्योकि) घृत इसकी योनि (है), वह (अग्नि) घृताश्रित (है) तथा घृत इसका धाम (है)। हे अग्ने ! अपनी इच्छा से (हविः को देवो तक) वहन करो। हे वर्षक ! स्वाहाकृत हविः को वहन करने की इच्छा करो (और, देवो को) हर्षित करो।

# सूक्त-4

1. (हे यजमानो ! मै) सुष्ठु प्रकाशित होते हुए, शोभन स्तुति वाले, शोभन अन्न वाले (तथा) प्रजाओ के अतिथिरूप अन्न को तुम्हारे लिए पुकारता हूँ , जातवेदस् जो देव देवो से मनुष्यो तक के मध्य मित्र के समान काम्य (=अभीष्ट) (है)।

2. इसकी परिचर्या करते हुए भृगुओ ने (इस 'अग्नि' को) जलो के सहनिवासस्थान और मानवीय प्रजाओं के मध्य (इसे) दो प्रकार से स्थापित किया। देवो का व्यापक, द्रुतगामी अश्वों वाला यह अग्नि समस्त प्राणियो (=लोको) को अभिभूत करे।

3. (स्वर्ग मे) निवास की इच्छा करते हुए देवो ने प्रिय अग्नि को मानवीय प्रजाओ मे मित्र के समान स्थापित किया। जो (हविष्य) देने वाले के लिए (उसके) यागगृह मे दान देने वाला है, वह (अग्नि) कामना करती हुई रात्रियो को प्रकाशित करता है।

4. इस (अग्नि) की पुष्टि अपने (ही) जैसी रमणीया (है), प्रथित होते हुए तथा ज्वलनशील इसकी सदृष्टि (इसके ही समान रमणीया है), जो (अग्नि) ओषधियो के मध्य मे अपनी जिह्वा को उसी प्रकार बार–बार कम्पित करता है, जिस प्रकार रथ मे नॅधा घोडा (अपने) बालो को बार–बार कम्पित करता है।

5. मुझसे सम्बन्धित हविष्य–प्रदाताओ ने जब (अग्नि की) महत्ता की प्रशसा की, तब (उसने) कामना करने वालो के लिए (अपने) रूप को निर्मित किया। जीर्ण होता हुआ जो (आज्यादि सयोग के कारण) बार–बार तरूण (=प्रवृद्ध) होता है, वह (अग्नि) हविष्यादियो के मध्य विविध प्रकार की दीप्ति से जाना जाता है।

6. प्यासा हुआ सा जो (अग्नि) वनो मे समन्तात् दीप्त होता है, (प्रवण) मार्ग से जल के समान गमन करता है, घोडे के समान शब्द करता है। अन्धकारपूर्ण मार्ग वाला, तापक तथा रमणीय (अग्नि) तारो द्वारा मुस्कुराते हुए द्युलोक के समान दिखाई पडता है।

7 पृथिवी को चारो ओर से धारण करता हुआ, जो विशिष्ट रूप से स्थित होता है, (जो) रक्षकरहित पशु के समान स्वेच्छया गमन करता है, कान्तियुक्त, अन्धकार को व्यथित करने वाला (वह) अग्नि लताओ को जलाता हुआ मानो पृथिवी का आस्वादन करता है।

8. हे अग्ने ! मैने तुम्हारे पहले के आशीर्वाद के स्मरण मे तृतीय सवन पर मननीय स्तोत्र पढा। तुम हमे सयत वीरो वाले, महान्, कीर्तियुक्त अन्न (और) सुन्दर अपत्यो वाले धन को प्रदान करो।

9. हे अग्ने ! गुहा मे सम्भजन करते हुए, कल्याणकर वीरो वाले, शत्रुओ का अभिभव करने वाले गृत्समद (ऋषियो) ने तुम्हारे द्वारा जिस प्रकार श्रेष्ठत्व को प्राप्त किया, (उसी प्रकार, तुम) हमारे वीरो (और) स्तोता के लिए (अपने) उस (श्रेष्ठ) धन (=अन्न) को प्रदान करो।

## सूक्त-5

1. होम–सम्पादक, अत्यन्त बुद्धिमान् (एव) पालक (अग्नि) पालक (यजमानो और उनकी) रक्षा के लिए उत्पन्न हुआ। अन्नयुक्त (हम) प्रकर्षेण पूज्य, जयशील (एवं) नियन्त्रक धन को प्राप्त करने मे समर्थ होवे।

2. यज्ञ के नेतृत्व करने वाले जिस (अग्नि) मे सप्त रश्मियॉ वितत हैं, वह पोता मनुष्य की भॉति देवो से सम्बद्ध उन समस्त (कर्मो) को प्रेरित करता है।

3. (हे अग्ने !) इस (यज्ञ) को अनुलक्षित करके (यजमान) जो (हविः) धारण करता है, मन्त्रो को उच्चारित करता है, उसे (तुम) समझो। (वह अग्नि) समस्त काव्यों (या, कर्मो) के चारो ओर चक्र के (चारो ओर) नेमि के समान व्याप्त हुआ है।

4. दीप्तियुक्त प्रशास्ता (अग्नि) वस्तुतः चमत्कृत बुद्धि के साथ उत्पन्न हुआ, इसके दृढ नियमो को जानता हुआ (यजमान) शाखाओ के समान बढता है।

5. जो इस (अनुष्ठीयमान कर्म) को प्राप्त करती है, वे व्याप्त , प्रीणयितृ (एव) स्वयं सरणशील (अड्गुलियॉ) इस (अग्नि के) तीनो (गार्हपत्यादि मूर्तियो) के श्रेष्ठ वर्ण की बारम्बार परिचर्या करती है।

6. जब घृत को धारण करती हुई स्वसा (स्वसृस्थानीया जुहू) माता सबकी निर्मात्री भूमि (वेदी के समीप) पहुँचती है, तव (याग मे) उन (जुह्वादियो) के आ जाने पर अध्वर की कामना करने वाला (अग्नि) वृष्टि से यव के समान मुदित होता है।

7 ऋत्विक् (अग्नि) (अपने) कर्म के लिए स्वय ही ऋत्विक्–कर्म करे, (इसके अनन्तर,) हम स्तोत्र का सम्भजन करे और याग (–योग्य) अत्यधिक (हविः) प्रदान करे।

8 हे अग्ने ! विद्वान् (यजमान) समस्त यजनीय (देवो) को जिस प्रकार सन्तुष्ट करे (उसके लिए वैसा तुम करो)। हम जिस यज्ञ को करते है, यह तुम्हारे लिए ही (है।)

# सूक्त-6

1. हे अग्ने ! (तुम) मेरे इस (अधीयमान) समिधा (और) उपसदन साधनभूत (हविष्य) को स्वीकार करो। (मेरी) इन स्तुतियो को भी सुनो।

2 हे बलपुत्र, व्यापक यज्ञरूप (तथा) सुष्ठु उत्पन्न अग्ने। (हम) इस (आहुति) तथा इस सूक्त के द्वारा तुम्हारी परिचर्या करे।

3 हे धनदाता अग्ने ! परिचरणकर्त्ता (हम) स्तुतियो द्वारा सम्भजनीय (तथा, हिरण्यरूप) धनो के इच्छुक तुम्हारी स्तुतियो द्वारा परिचर्या करे।

4 हे वसुपते (एव) वसुप्रदातर् (अग्ने) ! अन्नवान् तथा विद्वान् वह (तुम) (हमारे स्तोत्र को) समझो, द्वेष करने वालो को हमसे पृथक् करो।

5 वह (अग्नि ही) हमारे लिए द्युलोक से वृष्टि (करता है), वह (अग्नि ही) हमारे लिए अप्राप्य बल (प्रदान करता है), वह (अग्नि ही) हमारे लिए अपरिमित प्रकार के अन्न को (प्रदान करता है)।

6. हे (देवों के) सर्वोत्कृष्ट दूत (–रूप) (एव) सर्वाधिक यजनीय होता (अग्ने) ! (तुम) हमारी स्तुति द्वारा पूजा करने वाले (तथा) (अपनी) रक्षा के इच्छुक के पास (उसके रक्षार्थ) गमन करो।

7. हे क्रान्तप्रज्ञ (अग्ने) ! (यजमान और यष्टव्य–) दोनो के जन्मो को जानते हुए तुम (मनुष्यों के) हृदय मे (हो), स्वजनो से सम्बद्ध (तथा) मित्रो से सम्बद्ध दूत के समान गमन करते हो।

8. (हे अग्ने !) (सबको) जानते हुए से वह (तुम) हमारे मित्र होओ, हे चेतनावन् ! देवताओं का अनुक्रम से यजन करो और (मेरे) इस कुश (के आसन) पर आकर बैठो।

# सूक्त-7

1 हे (देवो में) सर्वोत्कृष्ट भारत, ऋत्विजो के सम्बन्धी (तथा) व्यापक अग्ने ! (तुम) दीप्तिमान् (तथा) बहुतो द्वारा स्पृहणीय श्रेष्ठ धन का आहरण करो।

2. (हे अग्ने !) देव और मनुष्यो की (कोई कष्टकर) शक्ति हम पर शासन न करे और (तुम) उसी (शक्ति) से (तथा) शत्रुता से (मेरी) रक्षा करो।

3 और, तुम्हारे द्वारा (अनुगृहीत) हम (अपने) द्वेषको का उदक–सन्बन्धिनी धारा के समान अतिक्रमण करके गमन करे (अर्थात्, उन्हे पराभूत करे)।

4. हे शोधक अग्ने ! दीप्तियुक्त (एव) वन्दनीय (तुम) अत्यधिक विभासित होते हो। तुम घृत (की आहुतियो) द्वारा पूजित (हो)।

5. हे भारत (ऋत्विजो के पुत्रस्थानीय) अग्ने ! इच्छायुक्त (गायो), सेचक (बलीवर्दो) (तथा) अष्टपदा (गर्भिणी गायो) से आहुत(=आरधित) तुम हमारे लिए (होते) हो।

6 (जिनका) अन्न समिधा (है), (जिनमे) घृत सिक्त (होता है), (वे ही) पुरातन, होम–निष्पादक, वरणीय (और) बल के पुत्र ('अग्नि') अतीव रमणीय (है)।

# सूक्त-8

1 सर्वाधिक यशस्वी (एव) उदार अग्नि के अश्वो की उसी प्रकार स्तुति करो, जिस प्रकार अन्न की इच्छा करता हुआ (व्यक्ति) गमनार्थ घोडो की स्तुति करता है।

2. शोभन नेतृत्व वाला, अजरणीय, जरारहित तथा शोभन उपक्रम (=रूप वाला) जो (वह) अग्नि हविः प्रदाता के (कल्याण के) लिए उसके शत्रु का नाश करता हुआ आहुत (=आराधित) होता है।

3 सुन्दर ज्वाला वाले जो अग्नि गृह मे आते हुए दिन रात स्तुत होते हैं, जिनका व्रत (कभी) क्षीण नही होता है।

4. विविध रङ्गो वाला, अजर रश्मियो द्वारा अभिव्यक्त होते हुए (अग्नि) (अपने) प्रकाश से, किरण से (युक्त) सूर्य के समान विभासित होता है।

5. उक्थ (=सूक्त), अत्रि को अनुलक्षित करके, स्वयमेव दीप्तिमान् अग्नि को प्रवुद्ध करते हैं, (वह) अग्नि सभी एश्वर्यो को धारण करता है।

6. (किसी के भी द्वारा) हिसित न होते हुए हम 'अग्नि', 'इन्द्र', 'सोम' (तथा अन्य सभी) देवो की रक्षाओ से युक्त होवे, रक्षाओ से युक्त (हम) (अपने) युद्धेच्छुक (शत्रुओ) को अभिभूत करें

# सूक्त-9

1 होम –सम्पादक, विशिष्ट दान वाला, देदीप्यमान, शोभन बल वाला, अहिंसित व्रत रूपी प्रकृष्ट बुद्धि वाला, सर्वोत्तम, सहस्रोपलब्धिधारक (एव) दीप्तियुक्त जिह्वा वाला 'अग्नि' होतृषदन (=उत्तरा वेदी) पर आसीन हुआ।

2 हे (कामना–) सेचक ! तुम (यज्ञ मे) हमारे दूत (होओ), तुम (हमारे) आपत्तियों से पार करने वाले (और) रक्षक (होओ), तुम धन के अभिमुख्येन प्रणेता (होओ)। हे अग्ने ! प्रमाद न करते हुए (तथा) प्रकाशित होते हुए (तुम) हमारे पुत्र के पुत्र होने पर (अस्मद् सम्बद्ध) शरीरो के रक्षक होओ।

3. हे अग्ने ! (हम) परम उत्कृष्ट जन्मस्थान ('द्युलोक') (तथा) अवर (जन्मस्थान–'अन्तरिक्ष') मे अवस्थित होने वाले तुम्हारी स्तुतियो द्वारा परिचर्या करते है, जिस योनि से (तुम) उत्पन्न हुए हो, (मै) उस (प्रदेश) का यजन करता हूँ, (तुम्हारे) समिद्ध होने पर (अध्वर्य्वादि) तुम्हे हविष्यो की आहुति प्रदान करते है।

4 हे अग्ने ! सर्वोत्तम पुरोहित (तुम) हविष्य द्वारा (देवो का) यजन करो, क्षिप्रकारी (तुम) देव अन्न को (हमे) प्रदान करो, तुम धनो के श्रेष्ठ स्वामी हो, तुम देदीप्यमान वाणी के प्रज्ञाता हो।

5. हे (शत्रु–) क्षेपक अग्ने ! प्रतिदिन (होत्रकाल मे) उत्पन्न होते हुए तुम्हारे दोनो (प्रकार के) धन (कभी) क्षीण नही होते है। हे अग्ने ! (तुम) स्तोता को अन्नयुक्त करो, (उसे) शोभन पुत्र रूप धन का स्वामी बना दो।

6 (हे अग्ने !) इस रूप से युक्त (एव) शोभन धन वाले वह (तुम) हमारे लिए, (होओ), देवो के यजन करने वाले, सर्वाधिक पूजक, अहिंसित, (देवो के) रक्षक और हमे आपत्तियो से पार करने वाले (होओ), हे अग्ने ! कान्तियुक्त और धनयुक्त (तुम) क्षेमपूर्वक दीप्त होओ।

# सूक्त-10

1. आह्वान–योग्य (एव) पिता के समान मुख्य 'अग्नि' मनुष्य (यजमान) द्वारा वेदि पर समिद्ध हुआ। दीप्ति का आच्छादन करता हुआ, अमरणधर्मा, विज्ञानयुक्त, अन्नयुक्त (तथा) बलवान् वह ('अग्नि') (सबके द्वारा) परिचरणीय है।

2. अमरणधर्मा, विशिष्टप्रज्ञ (एव) विचित्र दीप्तियो वाला 'अग्नि' समस्त स्तुतियो द्वारा (किये जाने वाले) मेरे आह्वान को सुने, (उस 'अग्नि' के) रथ को 'श्यावा' वर्ण वाले (अथवा) 'रोहित' वर्ण वाले अथवा 'अरूण' वर्ण वाले अश्व खीचते हैं और ('अग्नि') (रथ को) विभिन्न दिशाओ मे ले जाता है।

3. (अध्वर्युओ ने) ऊर्ध्वमुख अरणि (या, काष्ठ) मे सुष्ठु प्रेरित ('अग्नि') को उत्पन्न किया , 'अग्नि' विविध औषधियो मे गर्भ (रूप से) (अवस्थित) है। रात्रि मे उत्तम ज्ञानवान् ('अग्नि') अन्धकार द्वारा अनाच्छादित (एव) महादीप्तियुक्त (होकर) वास करता है।

4 (मै) समस्त प्राणियो को अधिष्ठित करते हुए, विशाल, प्रवर्तमान रूप द्वारा प्रवृद्ध, (हविर्लक्षण) अन्न से व्याप्त, बलवान् (एव) स्पष्ट दृश्यमान 'अग्नि' को हविष्य (और) घृत से दीप्त (या, सिञ्चित) करता हूँ।

5 (मै) सभी दिशाओ मे देखते हुए ('अग्नि' को) दीप्त करता हूँ (और, 'अग्नि')निर्बाध मन से उस (हविः) का सेवन करे। मर्त्यों द्वारा श्रवणीय, स्पृहणीय वर्ण वाला (तथा) (देदीप्यमान) शरीर द्वारा बारम्बार हिलता हुआ 'अग्नि' अभिमर्शनीय नही होता ।

6 (हे अग्ने !) श्रेष्ठ (तेज) द्वारा शत्रुओ का अभिभव करते हुए (तुम) भजनीय स्तोत्र (अपना) समझो, तुम्हारे द्वारा प्रेरित (हम) मनु के समान (तुम्हारे स्तोत्र को) उच्चारित करे। धन सभक्ता (मै) स्तुतिकामी (मन) से सम्पूर्ण (एव) मधुसमवेत 'अग्नि' का आह्वान करता हूँ।

# सूक्त-11

1 हे इन्द्र ! आह्वान को सुनो, हिसा मत करो, तुम्हारे धनो के दानार्थ (हम) पात्र हो जाये। (यजमान को) धन प्रदान करने की इच्छा वाली बहती हुई नदियो के सदृश (हविष्य) सचमुच तुम्हे प्रवृद्ध करें।

2. हे इन्द्र ! तुमने जिन विशाल जलराशियो को उन्मुक्त किया, हे शूर ! पूर्वकालीन, 'अहि' के द्वारा परिष्ठित उन जलराशियो को तुमने बढाया। उक्थो द्वारा प्रवृद्ध होते हुए 'इन्द्र' ने अपने को अमरणधर्मा समझने वाले हिसक को मार डाला।

3. हे शूर ! 'रूद्र' से सम्बन्धित जिन स्तुतियो मे तुम अब भी कामना करते हो, तुम्हारे लिए ही हैं। जिन पर तुम प्रसन्न रहते हो, गतिशील 'इन्द्र' के लिए दीप्तिपूर्ण धवल वर्ण वाली स्तुतियॉ तुम्हारें पास जाती हैं।

4 हे इन्द्र ! (हम) तुम्हारी उज्ज्वल शक्ति को प्रवृद्ध करते हुए (तुम्हारे) शुभ्र वज्र को (तुम्हारी) बाहुओ पर रखते है। हे इन्द्र प्रवृद्ध होते हुए दस्युओ की प्रजा को हमारे लिए वज्र के द्वारा पराजित कर दो।

5 हे शूर ! गुफाओ मे स्थित, छिपाने योग्य जलो में छिपे हुए मायावी राक्षसो से निवास करते हुए जलो तथा आकाश को भी स्तब्ध किये हुए (अपने) पराक्रम से 'अहि' को मार डाला।

6. हे इन्द्र ! (हम) तुम्हारे पूर्वकालीन महान् कार्यों की स्तुति करे और (हम) (तुम्हारे) नूतन कर्मो की (भी) स्तुति करे। तुम्हारे दोनो भुजाओ पर चमकते हुए वज्र की स्तुति करें (और) तुम्हारे पराक्रम के सूचक दोनो अश्वो की स्तुति करें।

7 तीव्रता से गमन करते हुए (या, यजमान के लिए धन की कामना करते हुए) जलवृष्टि करने वाले दोनो घोडो ने शब्द किया , समतल भूमि विशेष रूप से फैल गई, मेघ भी फैलता हुआ (स्थिर बना दिया गया)।

8. प्रमाद न करता हुआ मेघ (भी) स्थिर कर दिया, माध्यमिका वाक् के साथ–साथ शब्द करता हुआ (मेघ) सञ्चरित हुआ। (स्तोताओ ने) दूरस्थ, 'इन्द्र' द्वारा प्रेरित अत्यधिक शब्दमयी वाणी को प्रवृद्ध करते हुए अत्यधिक प्रथित किया।

9. 'इन्द्र' ने विशाल जलराशि को आवृत कर लेटे हुए मायावी 'वृत्र' को मार डाला, शब्द करते हुए शक्तिशाली इसके वज्र से भयभीत 'द्यावापृथिवी' कॉप उठे।

10 मानव हितकारी (होकर) ('इन्द्र') ने जब अमानवीय ('वृत्र') को मार डाला, (तब) शक्तिशाली इस (इन्द्र) के वज्र ने अत्यधिक क्रन्दन किया। मायावी दानव की मायाओ को धराशायी कर दिया (और) अभिषुत 'सोम' (को) प्रदान किया।

11 हे शूर इन्द्र ! अभिषुत 'सोम' का पान करो, 'सोम' तुम्हे हर्षित करे, पूरित होते हुए तुम्हारे उदर–पार्श्वो को वढा दे, इस प्रकार से अभिषुत (एव) आपूरित होने वाले 'सोम' ने 'इन्द्र' को तृप्त किया।

12 (हे इन्द्र !) मेधावी स्तोता (हम) भी तुम्हारे सरक्षण मे हो जाये , 'ऋत' (=यज्ञ) की इच्छा करते हुए कर्म से सयुक्त हो रक्षा की कामना से युक्त (हम) शोभन स्तुति को प्राप्त करे (और) शीघ्र ही तुम्हारे दान के लिए पात्र हो जायें।

13 हे इन्द्र ! जो (हम) तुम्हारी सहायता से शक्ति को प्रवृद्ध करते हुए सहायता की कामना वाले (है), तुम्हारे आश्रय मे हो जाये, हमारे लिए उस धन को प्रदान करो, जिसे अत्यधिक बलशाली (हम) चाहते है।

14. हे 'इन्द्र'! (तुम) निवास देते हो (और) हमे मित्र प्रदान करते हो, हे 'इन्द्र' ! मरूतों से सम्बद्ध गण को हमारे लिए देते हो। एक साथ प्रसन्न होने वाले जो हर्षित होते हुए तथा वायु के समान गति वाले प्रथमतः आहूत सोम को पीते है।

15 हे इन्द्र ! विशेषेण तृप्त होते हुए (और) शक्तिशाली होते हुए जिनके ऊपर (आप) प्रसन्न रहते है, (वे मरूत्) 'सोम' को पियो। हम (लोगो को सङ्ग्रामो मे पार लगाने वाले तुमने बृहद् स्तुतियो के द्वारा 'द्युलोक' को बढाया ।

16. हे तारक ! वे सचमुच महान् (है), जो उक्थो के द्वारा सुखकर तुम्हारी परिचर्या करते है। कुश को फैलाते हुए अथवा यज्ञ को करते हुए तुम्हारे ही द्वारा रक्षित व्यक्तियो ने (ही) धन को प्राप्त किया।

17 हे शूर इन्द्र ! विशाल त्रिकद्रुको मे ही प्रसन्न होते हुए 'सोम' को पियो, श्मश्रु में लिपटे हुए 'सोम' को बार–बार हिलाते हुए (एव) प्रसन्न होते हुए (तुम) निचोडे गये 'सोम' को पीने के लिए दो घोडो पर चढकर जाओ।

18 हे शूर इन्द्र ! (उस) बल को धारण करो, जिसके द्वारा मकडी के सदृश बिल को (तुमने) टुकडें–टुकडें कर दिया, आर्यजन के लिए प्रकाश को प्रकट किया, हे इन्द्र ! (तुमने) राक्षसो को बार्यी ओर कर दिया।

19. (हे इन्द्र !) (हम) उस (व्यक्ति) की कोटि में पहुँच जाये, जो (हम) तुम्हारी श्रेष्ठ सहायता से सम्पूर्ण स्पर्धियो (और) दस्युओ को पार करते है (और) (तुमने) हमारे लिए 'त्वष्टा' के पुत्र 'विश्वरूप' को 'त्रित' की मित्रता के लिए हिसित किया।

20. इस मदकर (एव) चुआये जाते हुए 'त्रित' के लिए प्रवृद्ध होते हुए (तुमने) 'अर्बुद' को मार डाला, 'सूर्य' की भाँति, चक्र को घुमाया; 'अङ्गिरस्' से युक्त 'इन्द्र' ने 'बल' को हिसित कर दिया।

21. हे इन्द्र ! तुम्हारी वह धनवती दक्षिणा स्तोता के लिए, निश्चय ही, कामनाओं का दोहन करने वाली हो, स्तोताओ को शक्ति प्रदान करो, ऐश्वर्य का देव ('भग') हमे लाँघ कर न दे, उत्तम पुत्रो से युक्त (हम) यज्ञ में (तुम्हारी) स्तुति करे।

# अनुवाक–II

## सूक्त-12

1. जिस प्रधान (एव) मनस्वी देव ने उत्पन्न होते ही (अपने) पराक्रम से देवताओ को अभिभूत कर लिया, जिसकी शक्ति से द्युलोक तथा पृथिवी लोक कॅाप गये, हे लोगो ! महान् बल की महिमा से (युक्त) वह (ही) 'इन्द्र' (है)।

2 जिसने कॉपती हुई पृथिवी को स्थिर किया, जिसने इधर–उधर चलने वाले पर्वतो को (अपने–अपने स्थान पर) स्थापित किया, जिसने विस्तृत अन्तरिक्ष को नापा , जिसने द्युलोक को (गिरने से) रोका, हे लोगो ! वह (ही) 'इन्द्र' (है)।

3 जिसने 'वृत्र' को मार कर सात नदियो को प्रवाहित किया , जिसने 'बल' की गुफा से गायो को बाहर निकाला, जिसने दो पत्थरो (या, बादलों) के मध्य मे 'अग्नि' को उत्पन्न किया, जो युद्धों मे (शत्रु का) विनाश करने वाला (है), हे लोगो ! वह (ही) 'इन्द्र' (है)।

4. जिसके द्वारा ये सम्पूर्ण (वस्तुएँ) गतिशील कर दी गयी है, जिसने निकृष्ट दास वर्ण को गुफा मे कर दिया, जिसने शिकार को जीत लेने वाले शिकारी की भॅाति शत्रु के धनो को छीन लिया, हे लोगो ! वह (ही) 'इन्द्र' (है)।

5 जिस भयङ्करं (देव) के विषय मे, "वह कहॉ (है)?" ऐसा (लोग) पूँछते हैं, और, इसके विषय मे, "यह नही है" इस प्रकार (भी) (लोग) कहते है, वह (देव) विजेता की भॅाति शत्रु के धनो को सर्वतः नष्ट कर देता है, हे लोगो ! वह (ही) 'इन्द्र' (है), इसमे श्रद्धा धारण करो।

6. जो समृद्ध (व्यक्ति) का प्रेरक (है), जो निर्धन का (प्रेरक है), जो याचना करने वाले (तथा) स्तुति करने वाले पुरोहित का (प्रेरक) है, जो सुन्दर हनु वाला, जो ('सोम' पीसने के लिए) पत्थरो को सयोजित करने वाले (तथा) 'सोम' का अभिषव करने वाले (यजमान) का रक्षक (है), हे लोगो ! वह (ही) (इन्द्र) (है)।

7. जिसके अनुशासन मे घोडे (है), जिसके (अनुशासन मे) गाये (है), जिसके (अनुशासन मे) ग्राम (हैं), जिसके (अनुशासन मे) सम्पूर्ण रथ (है), जिसने 'सूर्य' को (उत्पन्न किया है), जिसने 'उषा' को (उत्पन्न किया है), जो (बादलो में से) जलो का लाने वाला (है), हे लोगो ! वह (ही) 'इन्द्र' (है)।

8. शब्द करती हुई (तथा) एक साथ गमन करती हुई (शत्रुओ की सेनाएँ) जिस (देव) को विविधप्रकारेण (स्वरक्षार्थ) पुकारती है; (जिसको) उत्कृष्ट (तथा) अधम–दोनो (प्रकार के) शत्रु (स्वसहायतार्थ बुलाते है), जिसको एक ही (प्रकार के) रथ पर बैठे हुए (दो रथी) पृथक्–पृथक् बुलाते हैं, हे लोगो ! वह (ही) 'इन्द्र' (है)।

9. जिसके बिना लोग विजय प्राप्त नही करते है, युद्ध करते हुए (लोग) रक्षा के लिए जिसे बुलाते हैं, जो सम्पूर्ण (जगत्) का प्रतिनिधि है; जो स्थिर (पदार्थो) को चलायमान कर देने वाला (है), हे लोगो ! वह (ही) 'इन्द्र' (है)।

10 जिसने महान् पाप को धारण करने वाले (तथा) ('इन्द्र' को) न मानने वाले अनेक (व्यक्तियो) को वज्र से मार डाला, जो हिसा करने वाले (या, दर्पयुक्त) (व्यक्ति) के हिसा–कर्म (या, दर्प) को सहन नहीं करता है, जो दस्यु का वध करने वाला (हैं), हे लोगो ! वह (ही) 'इन्द्र' (है)।

11 जिसने पर्वतो पर निवास करते हए 'शम्बर' को चालीसवे वर्ष मे खोज निकाला, जिसने बल को प्रदर्शित करते हुए (तथा) (जल को घेर कर) शयन करते हुए दनु–पुत्र 'अहि' को मार डाला, हे लोगो ! वह (ही) इन्द्र (है

12 सात किरणो (या, मेघो) वाले, वर्षणशील (तथा) वृद्धिशील (या, बलशाली) जिस (देव) ने 'सात' सिन्धुओ को बहने के लिए विसर्जित किया, हाथ मे वज्र को धारण करने वाले जिसने द्युलोक मे आरोहण करते हुए 'रौहिण' को मार डाला, हे लोगो ! वह (ही) 'इन्द्र' (है)।

13. इसके लिए, 'द्युलोक' (तथा) 'पृथिवी' भी झुक जाते है, इसके पराक्रम से पर्वत भी डर जाते है, जो वज्र सदृश भुजाओ वाला प्रख्यात सोमपानकर्त्ता (है), जो हाथ मे वज्र धारण करने वाला (है) हे लोगो वह इन्द्र है।

14 जो अभिषव करने वाले (व्यक्ति) की रक्षा करता है, जो (हविः) पकाने वाले (व्यक्ति) की, जो (अपनी) रक्षा के लिए स्तुति करने वाले (व्यक्ति) की (तथा) जो स्तोत्र (–पाठ) करने वाले (व्यक्ति) की रक्षा करता है, स्तोत्र जिसकी वृद्धि करने वाला (है),'सोम' जिसकी यह अन्न (या, धन) जिसकी (वृद्धि करने वाला है), हे लोगो ! वह (ही) इन्द्र (है)।

15 (हे 'इन्द्र' !) भयानक जो (तुम) अभिषव करने वाले (तथा) (हविः) पकाने वाले (व्यक्ति) के लिए अन्न को पुनः –पुनः प्रदान करते हो, वह (तुम) निश्चय ही यथार्थभूत हो। हे इन्द्र ! तुम्हारे प्रिय हम सभी दिनो मे उत्तम वीरो से युक्त (होते हुए) (तुम्हारे लिए) स्तोत्र उच्चारित करे।

# सूक्त-13

1 (हे इन्द्र !) उन जलो के चारो ओर (वर्षा–) ऋतु ('सोम' को) जन्म देने वाली (है,) जिन (जलों) मे (यह) बढता है, (उन जलो मे) शीघ्र उत्पन्न (होकर) सम्यक् प्रविष्ट हुआ। वह प्रवृद्ध होने वाला (और) चुआने योग्य हो गया, 'सोम' का वह जलात्मक रस पीने योग्य (=अमृत तुल्य), प्रथम (प्रख्यात) (तथा) प्रशसनीय है।

2. रस को धारण करती हुई एक साथ ये (जलराशियॉ) चारो ओर गमन करती है, सम्पूर्ण खाद्य– पदार्थो से युक्त ('इन्द्र') भोजन प्रदान करता है, प्रवहणशील (जलो) के प्रवाहित होने के लिए समान मार्ग (है), जिसने उन (सब) को निर्मित किया, वह (तुम) प्रशसनीय हो।

3. (यजमान) जब (हविष्य) प्रदान करता है, (तब,) एक (पुरोहित) क्रमशः (मन्त्रों का) उच्चारण करता है, (उस कर्म मे) तत्पर दूसरे रूप को परिमार्जित करता हुआ (ऋत्विज्) उसे (उसके समीप) पहुँचाता है, (और, 'ब्रह्मा') एक की सम्पूर्ण गलतियो को परिमार्जित करता है, जिसने उन (सब) को (निर्मित) किया, वह (तुम) प्रशंसनीय हो।

4. जिस प्रकार अतिथि के लिए धारक धन को, (उसी प्रकार,यजमान) प्रजाओ के लिए पोषक तत्व का विभाजन करते हुए स्थित होता है, पालक (यजमान से प्राप्त) भोजन (=हविष्य) को, सेतुबन्ध (–कर्म) को करता हुआ (व्यक्ति) दॉतों से खाता है, जिसने उन (सब) को किया, वह (तुम) प्रशसनीय हो।

5. (तुमने) पृथिवी को 'सूर्य' के सम्यग् दर्शनार्थ निम्नवर्ती कर दिया (और) हे 'अहि' के हन्तर् ! जिसने नदियो के मार्गो को उन्मुक्त कर दिया, देवताओ ने उस (तुम) देव ('इन्द्र') को स्तोत्रो के द्वारा उत्पन्न किया (तथा) जलो द्वारा अन्नवान् को; जिसने उन (सब) को किया, वह (तुम) प्रशसनीय हो।

6 जो (तुम) अन्न प्रदान करते हो और (जिस तुमने) शुष्क और मधु–सदृश आर्द्र (पदार्थ) से दोहन किया, जो विवस्वान् (के विषय) मे निधि को धारण करता है, (तुम) सम्पूर्ण (जगत्) का अकेले (ही) स्वामित्व करते हो,

वह (तुम) प्रशसनीय हो।

7. जिस (तुम) ने पुष्पवती तथा फलवती, तप्त कर देने वाली औषधियो को खेतो मे (अपने) नियम (=कर्म) से धारण किया और जिस (तुम) ने विविध (प्रकार की) 'सूर्य' की किरणो को उत्पन्न किया और जिस महान् प्राणिसमूह को (तुमने) चारो ओर उत्पन्न किया, वह (तुम) प्रशसनीय (हो)।

8 हे बहुकर्मन् ! जिस (तुम) ने नृमर–पुत्र 'सहवसु' को मारने के लिए शक्तिमती वज्रधारा के निर्मल मुख के समीप तुरन्त ही अन्नप्राप्ति के लिए शत्रु (=हिसक) के विनाश के लिए पहुँचाया, वह (तुम) प्रशसनीय (हो)।

9 जब श्रेष्ठ व्यक्ति के यहाँ प्रसन्नता होने पर, स्तोता (यजमान) की रक्षा करते हो, उस समय दस अथवा सौ तुम्हारे अश्व रथ का वहन करते है, सुष्ठु रक्षक (तुमने) 'दभीति' के लिए बिना रस्सी मे बॉधे ही शत्रुओ को बाधित कर दिया, वह (तुम) प्रशसनीय हो।

10 सम्पूर्ण नदियो ने इस ('इन्द्र') के लिए शक्ति को क्रमशः प्रदान किया, (और,लोगो ने) इसके लिए धन को ध ारण किया है। (हे इन्द्र !) (तुमने) छः विस्तृत (लोको) को दृढ किया (तथा) पञ्च जनो के चारों ओर स्थित होकर (उनके) प्रेरक हो गये हो, वह (तुम) प्रशसनीय हो।

11 हे वीर इन्द्र ! तुम्हारी शक्ति सुष्ठु प्रशसनीय (है), जो (कि) एक (ही) कर्म के द्वारा धन को प्राप्त कर लेते हो, बलशाली 'जातूष्ठिर' (राजा) के लिए (तुमने) अन्न (प्रदान किया), बलपूर्वक जो (तुमने) सम्पूर्ण (कर्मों) को किया, (वह) (तुम) प्रशसनीय हो।

12 (जिस तुमने) त्वरायुक्त (लोगो) को वेगयुक्त जल को पार करने के लिए जल प्रवाह को 'वय्य' तथा 'तुर्वीति' के लिए शान्त कर दिया, जल के नीचे डूबते हुए, (अपने को) कान्तिमान् बताते हुए, अन्धे तथा पङ्गु 'परावृज्' को निकाल दिया, वह (तुम) प्रशसनीय हो।

13. हे वासक ! (तुम) हमे उस धन को देने के लिए सामर्थ्ययुक्त बनाओ, निवासयोग्य तुम्हारे धन अनेक (हैं)। हे इन्द्र ! जो (हम) रमणीय धन की इच्छा वाले (है), प्रतिदिन धन की कामना करते है, (हम) यज्ञ मे (अपने) उत्तम वीरो से युक्त (होते हुए) योग्य रीति से (तुम्हारी स्तुतियॉ) उच्चारित करे।

# सूक्त-14

1. हे अध्वर्युओ ! 'इन्द्र' के लिए अमत्रो के द्वारा 'सोम' का आहरण करो, मदकर अन्न को ('इन्द्र' के लिए) सिञ्चित करो, सचमुच, पराक्रमी ('इन्द्र') इसके पान का इच्छुक (है), शक्तिशाली ('इन्द्र') के लिए (सोमरूपी) आहुति करो, वह इसकी कामना करता है।

2 हे अध्वर्युओं ! जिसने जल को आवृत करने वाले वृत्र को , अशनि के द्वारा वृक्ष के समान मार डाला, ('सोम') की) कामना करने वाले उस ('इन्द्र') के लिए इस ('सोम') का आहरण करो, यह 'इन्द्र' इस ('सोम') के पान के योग्य है।

3 हे अध्वर्युओ ! जिसने 'दृभीक' को मार डाला, जिसने गायो को बाहर निकाला, निश्चय ही, 'बल' को हिंसित किया, उसके लिए इस ('सोम') को (लाओ), 'अन्तरिक्ष' मे 'वायु' के समान (एव) वस्त्रो के द्वारा वृद्ध के समान 'इन्द्र' को सोमो से आवृत कर दो।

4. हे अध्वर्युओ ! जिस ('इन्द्र') ने 'निन्यानवे' बाहुओ का प्रदर्शन करने वाले उरण को हिंसित किया और जिसने 'अर्बुद' को अधोमुख करके बाधित किया, उस 'इन्द्र' को 'सोम' की आहुति दिये जाने पर (स्तोत्रो से) प्रेरित करो।

5 हे अध्वर्युओ ! जिस ('इन्द्र') ने 'स्वश्न' को मारा, जिसने शोषणरहित 'शुष्ण' को स्कन्धविहीन (करके) (मार डाला), जिसने 'पिप्रु', 'नमुचि' (तथा) जिसने 'रुधिक्रा' को (मार डाला), उस 'इन्द्र' के लिए (सोमरूपी) अन्न की आहुति करो।

6. हे अध्वर्युओ ! जिसने 'शम्बर' के प्राचीन सैकडो नगरो को पत्थर के समान विदीर्ण कर दिया , जिसने 'वर्चिन्' के सैकडो–सहस्रो पुत्रों को धराशायी कर दिया, उस ('इन्द्र') के लिए 'सोम' का आहरण करो।

7 हे अध्वर्युओ ! जिस मारक (=हिंसक) ने पृथ्वी की गोद मे सैकडो–सहस्रों को मार डाला, 'कुत्स' के, 'आयु' के (तथा) 'अतिथिग्व' के पुत्रो को निः शेषेण मार डाला, इस ('इन्द्र') के लिए 'सोम' का आहरण करो।

8. हे अध्वर्युओ ! नेतृत्वशील (तुम) जिस (यज्ञीय अन्न) की कामना करते हो, उसे 'इन्द्र' के लिए आनन्द से वहन करते हुए (शीघ्र ही) (उस कामना को) ('इन्द्र' से) प्राप्त करो। हे याज्ञिको ! (यज्ञ की) प्रसिद्ध के लिए (तथा) 'इन्द्र' के लिए हाथ से शुद्ध किये गये 'सोम' की आहुति करो।

9 हे अध्वर्युओ ! शीघ्रतापूर्वक काष्ठ के पात्र मे शोधित ('सोम') को ले आओ, हस्तनिर्मित ('सोम') का सर्वतः सेवन करता हुआ (इसकी) कामना करता है, 'इन्द्र' के लिए तुम मदकर 'सोम' की आहुति दो।

10. हे अध्वर्युओ ! जैसे गाय का थन दूध से (परिपूर्ण रहता है, (उसी प्रकार,) उदार दानी 'इन्द्र' को सोमो से परिपूर्ण कर दो, मै इसके विषय मे भली–भाँति जानता हूँ। पूज्य ('इन्द्र') इस ('सोम') को देने की इच्छा करने वाले को अनेकशः जानता है।

11. हे अध्वर्युओ ! जो (अन्तरिक्ष मे) दिव्य धन का (और) जो पृथिवी–सम्बद्ध धन का शासक (है), उस ('इन्द्र') को सोमो द्वारा, जैसे ऊर्दर (–पार्श्व) को यव से, (उसी प्रकार) परिपूर्ण करो, वह कर्म तुम्हारा होवे।

12. हे वासक ! हमे उस धन को देने के लिए समर्थ (=सक्षम करो), निवासयोग्य तुम्हारे धन अनेक (हैं)। हे इन्द्र ! धन की इच्छा वाले (हम) प्रतिदिन धन की कामना करते है, (हम) यज्ञ मे उत्तम वीरो से युक्त (होते हुए) योग्य रीति से (तुम्हारी स्तुतियाँ) उच्चारित करे।

# सूक्त15

1 निश्चय ही, (मैं) शक्तिशाली (एव) सत्य (–भूत) ('इन्द्र') के महान (तथा) प्रामाणिक कार्यो को प्रकर्षेण कहता हूँ, जिसने 'त्रिकद्रुक' (–यागो) मे अभिषुत ('सोम') का पान किया (तथा) इसके मद मे 'इन्द्र' ने 'अहि' का वध किया।

2 (जिसने) आधाररहित (स्थान) पर महान् द्युलोक को स्थिर किया, द्यावापृथिवी (तथा) अन्तरिक्ष को (प्रकाश से) परिपूर्ण किया, उसने पृथ्वी को धारण किया तथा विस्तृत किया, 'इन्द्र' ने उन (कार्यो) को सोम के मद मे किया।

3 यागगृहो के समान पूर्व दिशा मे विशेषेण (तथा) वज्र के द्वारा गृहो के समान नदियो के मार्ग को खोदा, दूर तक जाने वाले मार्ग से सरलतापूर्वक गमन किया , 'इन्द्र' ने उन (कार्यो) को 'सोम' के मद मे किया।

4 (उस) 'दभीति' के अपहरणकर्ता असुरो के पास जाकर उसने सम्पूर्ण आयुधो को अग्नि में जला दिया, (उसने 'दभीति' को) गो, अश्व (तथा) रथो से सयुक्त कर दिया, 'इन्द्र' ने उन (कार्यो) को 'सोम' के मद में किया।

5 उस विशाल नदी को (जिसने) स्थिर किया, उसने स्नान करने मे असमर्थ (ऋषियो) को कुशलतापूर्वक पार करा दिया, वे (नदी को) ऊपर करके धन पाने के लिए चल पडे, 'इन्द्र' ने उन (कार्यो) को 'सोम' के मद मे किया।

6. उसने (अपनी) महिमा से 'सिन्धु' को उत्तर की ओर प्रवाहित किया, (अपने) वज्र से (उसने) 'उषस्' की गाडी को चूर–चूर कर दिया, वेगरहित (शत्रुओ) को (अपनी) वेगयुक्त सेनाओ से छिन्न–भिन्न करते हुए, 'इन्द्र' ने उन (कार्यो) को 'सोम' के मद मे किया।

7. वह 'परावृज्' (–ऋषि) कन्याओ के छिपने (की बात) जान कर प्रकट होता हुआ खडा हो गया, (और, वह) पङ्गु (होते हुए भी) उठ खडा हुआ (और) विविधतया देख लिया गया, 'इन्द्र' ने उन (कार्यो) को 'सोम' के मद मे किया।

8 अङ्गिरसो के द्वारा स्तुत होते हुए ('इन्द्र' ने) 'वल' को विदीर्ण कर दिया, (उसने) उसने पर्वतो के दृढ (बन्द) द्वारो को हटा दिया, इन (पर्वतो) के कृत्रिम अवरोधो को छिन्न–भिन्न कर दिया, 'इन्द्र' ने उन (कार्यो) को 'सोम' के मद में किया।

9 (तुमने) दस्युओं–'चुमुरि' और 'धुनि'– को स्वप्न से संयोजित करके मार डाला (और) 'दभीति' की सहायता की , वेत्रधारी द्वारपाल ने भी यहाँ पर (असुरो के) धन को प्राप्त किया; 'इन्द्र' ने उन (कार्यो) को 'सोम' के मद मे किया।

10. हे इन्द्र ! तुम्हारी वह धनवती दक्षिणा स्तोता के लिए, निश्चय ही, (कामनाओ का) दोहन करने वाली हो, (वह) (तुम्हारे) स्तोताओं के लिए सहायक हो, (हमें) छोडकर मत दो, हमको (भी) ऐश्वर्य (प्राप्त हो) , उत्तम वीरो से युक्त (हम) यज्ञ में योग्य रीति से (तुम्हारी) (स्तुति) उच्चारित करे।

# सूक्त-16

1. मै श्रेष्ठ (देवो) मे ज्येष्ठतम तुम्हारे लिए मानों सम्यक् प्रज्जवलित अग्नि मे (प्रक्षिप्त होने के लिए) हविष्य का सम्भरण करता हूँ (तथा, उसे) शोभन स्तुति (अर्पित करता हूँ)। (हम) जरारहित, (शत्रु को) जीर्ण करते हुए, (सोमाभिषव से) सिञ्चित (तथा) चिर युवा 'इन्द्र' को रक्षार्थ आहूत करते हैं।

2 जिस महान 'इन्द्र' के विना यह (जगत्) कुछ (भी) नही है, इसमे सम्पूर्ण पराक्रम निहित (है) , (वह) उदर मे 'सोम' शरीर मे बल (तथा) सामर्थ्य, हाथ मे वज्र (तथा) शिरस् मे प्रज्ञा को धारण करता है।

3 (हे इन्द्र !) जब (तुम) तीव्रगामी (अश्वो) के द्वारा अनेक योजन गमन करते हो, (तब) तुम्हारा बल पृथिवी और आकाश से पराभूत होने को नही (है), न (तो) तुम्हारा रथ (ही) समुद्रो (और) पर्वतो से पराभूत होने को (है) (और) न (ही) कोई भी तुम्हारे वज्र को पा सकता है।

4 सभी इस पूजनीय, धर्षक, (कामना–) सेचक (तथा) प्रतिस्पर्धी ('इन्द्र') के लिए कर्म का सम्भरण करते हैं, (हे) यजमान् !) सेचक (तथा) अधिक बुद्धिमान (तुम) हविष्य द्वारा यजन करो, हे इन्द्र ! (तुम) (कामना) सेचक तेज से 'सोम' का पान करो।

5. (कामना) सेचक मधु का मादक कोश, (कामना) सेचक अन्न वाले, (कामना) सेचक ('इन्द्र') के पानार्थ प्रवहमान है, दोनो 'अध्वर्यु' (कामना) सेचक (है), (कामना) सेचक पाषाण (कामना) सेचक ('इन्द्र') के लिए (कामना–) सेचक 'सोम' को निचोडते है।

6 .हे इन्द्र ! तुम्हारा वज्र शक्तिशाली (है), और, तुम्हारा रथ शक्तिशाली (है), (तुम्हारे) (दोनो) घोडे शक्तिशाली (है) (तुम्हारे) आयुध शक्तिशाली (है), हे वर्षक ! तुम शक्तिशाली (हो) (और) मदकर ('सोम') का स्वामित्व करते हो, (तुम) शक्तिशाली 'सोम' के (पान से) तृप्त होओ।

7. (मै) नाव की भॉति (पारक), जनसमूह मे स्तुति की कामना से युक्त (एवं) धर्षक तुम्हारे पास सोमसमर्पणो मे मन्त्र के सहित पहुॅचता हूॅ। हमारी स्तुति के (विषय मे) बार–बार·समझो, धनो के स्रोत की भॉति 'इन्द्र' को (हम) सिञ्चित करते है।

8 जिस प्रकार अन्न से तृप्त गाय बछडे की ओर (जाती है), (उसी प्रकार, तुम) कष्ट आने से पूर्व हमारी ओर आओ । हे शतक्रतो ! वर्षक (युवक) जैसे पत्नियो से (युक्त) होते है, वैसे ही) (हम) तुम्हारी कृपाओ (या, स्तुतियों) से सयुक्त (हो)।

9 हे इन्द्र ! तुम्हारी वह धनवती दक्षिणा स्तोता के लिए, निश्चय ही, (कामनाओ का) दोहन करने वाली हो, (वह) (तुम्हारे) स्तोताओ के लिए सहायक हो, (हमे) छोडकर मत दो, हमको (भी) ऐश्वर्य (प्राप्त हो), उत्तम वीरो से युक्त (हम) यज्ञ मे योग्य रीति से (तुम्हारी) (स्तुति) उच्चारित करे।

# सूक्त-17

1. इस ('इन्द्र') के लिए , अङ्गिरसो के समान नूतन (स्तोत्रो) को प्राप्त करो, जिस प्रकार इसकी शक्तियॉ पहले की तरह प्रवृत्त होती हैं; जो सम्पूर्ण गोत्र शक्ति द्वारा आवृत किये गये थे, 'सोम' के मद मे उन दृढ (बन्द) द्वारों को ('इन्द्र' ने) उद्घाटित किया।

2 वह, जिसने प्रथम ('सोम'–) पान के लिए (अपनी) शक्ति को मापते हुए (अपनी) महिमा को प्रवृद्ध कर दिया; शूर ('इन्द्र') जिसने युद्धो में (अपने) शरीर को (कवच) से आवृत किया है, (अपनी) शक्ति से शीर्ष पर 'द्युलोक' को धारण किया है।

3. इसके पश्चात्, (तुमने) प्रधान (एव) महान् वीर–कर्म किया, जो प्रारम्भ में इसके मन्त्र के द्वारा (यजमान के लिए) बल को प्रेरित किया, स्वर्णिम अश्वयुक्त रथ पर स्थित ('इन्द्र') के द्वारा विशेषेण च्युतिशील, प्रवर्त्तक (या, अभिवृद्धिकारी) (तथा)

6 हे 'इन्द्र' ! 'अस्सी' (घोडों) के द्वारा, 'नब्बे' (घोडो) के द्वारा (या) 'सौ' घोडो द्वारा वहन किये जाने वाले (तुम) (हमारी) ओर आओ, शुभ हव्यो से (तुम्हारा) यह 'सोम', निश्चय ही, तुम्हारी कामना से, प्रसन्नतार्थ उडेला गया है।

7. हे 'इन्द्र' ! (तुम) मेरे मन्त्र को लक्ष्य करके आओ, सम्पूर्ण (गमनशील) (घोडों) को (अपने) रथ की धुरी मे सयुक्त करो, (तुम) अनेक स्थानो मे आह्वानयोग्य (हो), हे शूर ! इस सवन मे (ही) आनन्दित होओ।

8 'इन्द्र' के साथ मेरी मित्रता को वियुक्त न करो, इसकी दक्षिणा हमारे लिए दोहन करने वाली हो, (हम) श्रेष्ठ रक्षक ('इन्द्र') के आश्रय के समीप रहकर प्रत्येक (सङ्ग्राम) मे विजेता होवे।

9 हे 'इन्द्र' ! तुम्हारी वह धनवती दक्षिणा स्तोता के लिए, निश्चय ही, (कामनाओ का) दोहन करने वाली हो, (वह) (तुम्हारे) स्तोताओ के लिए सहायक हो, (हमे) छोड कर मत दो, हमको (भी) ऐश्वर्य (प्राप्त हो), उत्तम वीरो से युक्त (हम) यज्ञ मे योग्य रीति से (तुम्हारी) (स्तुति) उच्चारित करें।

# सूक्त-19

1 सोमाभिषव करने वाले मनीषी (यजमानो) के मद के लिए (इन्द्र के द्वारा) इस रूचिकर मदप्रद पेय ('सोम') का पान किया गया है, जिस प्राचीन ('सोम') मे निवास धारण करता है, प्रवृद्ध होता हुआ 'इन्द्र' तथा स्तोत्रशील मनुष्य निवास करते है।

2. इस मधुयुक्त ('सोम') के कारण हर्षित होते हुए, वज्रयुक्त हाथ वाले 'इन्द्र' ने जलप्रवाह को आवृत करने 'अहि' को छिन्न–भिन्न कर दिया; घोसलो की ओर पक्षियो के समान, नदियो के जलप्रवाहो को समुद्र की ओर सर्वतः प्रतिवर्तित कर दिया।

3. 'अहि' को मारने वाले उस अद्‌भुत सामर्थ्यवान 'इन्द्र' ने जलो के प्रवाह को समुद्र की ओर प्रेरित किया (उसने) 'सूर्य' को उत्पन्न किया, गायो को प्राप्त किया (और) तेज के द्वारा दिवसों के प्रज्ञानो को सिद्ध किया।

4. वह 'इन्द्र' मनुष्य के लिए अत्यधिक (एव) अनुपम (धनो) को प्रदान करता है, (वह) दानशील के लिए 'वृत्र' का वध करता है, जो (कि) तुरन्त ही 'सूर्य' के सङ्ग्राम मे स्पर्धा करने वाले मनुष्यो के लिए समाश्रयणीय हुआ।

5 स्तुत होने वाले उस देव 'इन्द्र' ने सोमभिषव करते हुए मनुष्य के लिए 'सूर्य' को पृथक् किया (और) जिससे (हविष्य–) प्रदाता (यजमान) ने इसके लिए प्रच्छन्न (तथा) अवद्य धन को (उसी प्रकार) सम्पादित किया, (जैसे) दया करने वाला (पिता) (पुत्र के लिए) भाग (प्रदान करता है)।

6. कान्तियुक्त उसने 'शुष्ण' को, शोषणरहित को (तथा) 'कुयव' को सारथी 'कुत्स' के लिए हिसित किया, और, 'इन्द्र' ने इस 'शम्बर' के 'निन्यानबे' नगरो को 'दिवोदास' के लिए विदीर्ण कर दिया।

7. हे इन्द्र ! यश की कामना से मानो स्वय अन्न चाहते हुए (हम) इस प्रकार से तुम्हारे स्तोत्र को प्राप्त करें; (तुमसे) सुरक्षित होते हुए (हम) (तुम्हारी) उस मित्रता को प्राप्त करे; देवविरोधी 'पीयु' के (विरूद्ध) (तुम) (अपने) शस्त्र को प्रक्षेपित करो।

8 इस प्रकार, हे शूर (इन्द्र) ! गमनेच्छुक मनुष्य (जैसे) मार्गों का (निर्माण करते है), (उसी प्रकार,) गृत्समदों ने तुम्हारे लिए मन्त्रो का निर्माण किया, हे इन्द्र ! स्तोत्रो की कामना से युक्त तुम्हारे (यजमानो ने) नवीन अन्न, बल सुनिवास (तथा) सुख को प्राप्त किया।

9 हे इन्द्र ! तुम्हारी वह धनवती दक्षिणा स्तोता के लिए,निश्चय ही, (कामनाओ का) दोहन करने वाली हो, (वह) (तुम्हारे) स्तोताओ के लिए सहायक हो, (हमे) छोडकर मत दो, हमको (भी) ऐश्वर्य (प्राप्त हो), उत्तम वीरो से युक्त (हम) यज्ञ मे योग्य रीति से (तुम्हारी स्तुति) उच्चारित करे।

# सूक्त-20

1 हे 'इन्द्र' ! रथ को अन्नेच्छुक (व्यक्ति) के समान, (हम) तुम्हारे लिए (सोमरूप) अन्न को प्रकर्षेण सम्पादित करते है, निश्चय ही, (तुम) हमारे (बारे) मे भली–भॉति जानो, स्तुति करने वाले (तथा) प्रज्ञा से प्रकाशित होते हुए तुम्हारे सदृश नेतृत्वशीलो के प्रति (हम) सुख की कामना करते है।

2 हे इन्द्र ! तुम (अपनी) सहायता के द्वारा हमारी (रक्षा करो) तुम्हारे प्रति कामना करने वाले मनुष्यो के (तुम) रक्षक हो, इस प्रकार की बुद्धि से सयुक्त होकर जो तुमको प्राप्त करता है, तुम (उस) (हविष्य) प्रदाता के स्वामी (होते हो)।

3. वह युवा 'इन्द्र' हमारे लिए अनेक बार आह्वान–योग्य, मित्र (भूत), कल्याणप्रद (तथा) मनुष्यो का पालनकर्त्ता (होवे), जो मन्त्र–पाठ करते हुए, प्रार्थना करते हुए, (हविष्य को) पकाते हुए (तथा) स्तवन करते हुए (यजमान) को प्रकर्षेण अग्रसर करे।

4. (मै) उस 'इन्द्र' की स्तुति करता हूँ (तथा) उस (इन्द्र) की प्रशसा करता हूँ, जिस (के आश्रय) मे प्राचीन काल मे (उसके) (यजमान) प्रवर्धित हुए और अपने शत्रुओं को हिसित किया। याचना किया जाता हुआ वह नवीन मन्त्र (का निर्माण) करने वाले मनुष्य की धन की कामना को पूर्ण करे।

5. वह इन्द्र' अङ्गिरसो की प्रार्थना को सेवित करता हुआ (यजमान के) स्तोत्र को प्रवृद्ध करता हुआ मार्ग को प्रेरित करे, 'सूर्य' के द्वारा 'उषा' का अपहरण करते हुए 'इन्द्र' ने 'अश्न' के प्राचीन (नगरों) को वेध दिया।

6 निश्चय ही, वह प्रसिद्ध 'इन्द्र'(नामक) दर्शनीयतम देव मनुष्यों के लिए उठ खडा हुआ। स्वतन्त्रप्रज्ञ (तथा) बलवान् ('इन्द्र') ने लोको को बाधित करने वाले 'अर्शसार्न' के प्रिय सिर को काट कर दूर कर दिया।

7 उस 'वृत्र' के हन्ता "इन्द्र" ने काले वर्ण की हिसक प्रजाओ को दूर भगा दिया, मानव के लिए ,निश्चय से, पृथ्वी तथा जलो को उत्पन्न किया (तथा) यजमान के स्तोत्र को (अत्यधिक) प्रेरित किया।

8. उस 'इन्द्र' के लिए, निश्चय से, (उसके) यजमानो के द्वारा (हविष्यों सहित), बल, वर्षा की प्राप्ति के लिए, प्रदान किया गया; जब इस ('इन्द्र') की (दोनो) भुजाओं पर 'वज्र' को धारण किया गया, (तब ,इसने) दस्युओ को मार कर लौह निर्मित नगरो को विदीर्ण कर दिया।

9. हे 'इन्द्र' ! तुम्हारी वह धनवती दक्षिणा स्तोता के लिए, निश्चय ही (कामनाओ का ) दोहन करने वाली हो, (वह)(तुम्हारे) स्तोताओं के लिए सहायक हो; (हमे) छोडकर मत दो; हमको (भी) ऐश्वर्य (प्राप्त हो) , उत्तम वीरो से युक्त (हम) यज्ञ मे योग्य रीति से (तुम्हारी स्तुति) उच्चारित करें।

# सूक्त-21

1. हे अध्वर्युयो ! विश्वजयी, धनजयी, स्वर्गजयी, निरन्तर–जयशील, मनुष्यजयी, भूमिजयी, अश्वजयी, गायो के विजेता, जलो के विजेता (एव) यजनीय 'इन्द्र' के लिए 'सोम' को सम्पादित करो।

2 (सबका) अभिभव करने वाले, (शत्रुओ को) चारो ओर तितर–बितर करने वाले, (धन का) सम्भजन करने वाले, शत्रुओ से पराजित न होने वाले, कर्तृत्वशाली, अतिस्तुत, वाहक, दुस्तर (तथा) अत्यधिक अभिभव करने वाले 'इन्द्र' के लिए नमस्कार कथन करो।

3 सर्वत्र अभिभव करने वाले, लोगो के द्वारा सम्भजनीय, (शत्रु–) जन को अभिभूत करने वाले, (शत्रुओ को अपने अपने स्थान से) डिगा देने वाले, युद्धशील, इच्छानुसार सिञ्चित (होने वाले), सर्वत्र व्यापक, (शत्रु–) हिसक, प्रजाओ (के के मध्य) मे व्याप्त 'इन्द्र' के किये गये वीर–कर्मो को (मै) उच्चारित करता हूँ।

4 एक ही वार मे प्रभूत देने वाले, (कामना–) वर्षक, हिसक (व्यक्ति) का वध करने वाले, गम्भीर, महान्, अन्य के द्वारा व्याप्त कर्मों वाले, धन को प्ररित करने वाले, शत्रुहिसक, शक्तिशाली, प्रख्यात (तथा) शोभन यज्ञ वाले 'इन्द्र' ने 'उषस्' के प्रकाश को उत्पन्न किया।

5 स्तुतियो (यो, वुद्धियो) को प्रेरित करते हुए शक्तिशाली (अङ्गिरसो) ने जलप्रेरक 'इन्द्र' के मार्गो को यज्ञ के द्वारा जान लिया, शब्दमय, रक्षाकामी 'इन्द्र' के लिये गायो (या, स्तुतियो) को प्रेरित करते हुए धनों को उपसदन के द्वारा प्राप्त किया।

6. हे इन्द्र ! तुम हमे श्रेष्ठ धनो को, ख्याति को, दक्षता को (तथा) सौभाग्य को प्रदान करो(हमे) धनो की पोषकता शरीरो की अहिसा, वाणी की मधुरता (तथा) दिनो की श्रेष्ठता प्रदान करो।

# सूक्त-22

1. पूजनीय (तथा) शक्तिशाली ('इन्द्र') ने, 'विष्णु' के द्वारा सहभागी होते हुए, 'त्रिकद्रुक' (–यागो) मे, अभिषुत (एवं) 'यव' से मिश्रित 'सोम' का इच्छानुसार पान किया है, उस (घूँट) ने इस महान् तथा शक्तिशाली 'इन्द्र' को महत् कार्य (सम्पादित) करने के लिए मदयुक्त किया है, वह दिव्य 'सोम' दिव्य 'इन्द्र' को (व्याप्त करे)।

2 तत्पश्चात्, देदीप्यमान (उस) ने (अपने) पराक्रम से 'क्रिवि' को युद्ध मे अभिभूत किया है, (उसने) 'द्युलोक' तथा 'पृथिवी' को (अपनी दीप्ति से) परिपूरित किया है, (तथा, घूँट की प्रभावोत्पादकता के द्वारा) शक्ति से प्रवर्धित हो गया है, तब, (उसने) एक (भाग) को उदर मे (ग्रहण किया है) (तथा, दूसरे को) अतिरिक्त छोड दिया है, वह दिव्य 'सोम' दिव्य ('इन्द्र') को व्याप्त करे (तथा) सत्य (–भूत) 'सोम' सत्य (–भूत) 'इन्द्र' को (व्याप्त करे)

3 (श्रेष्ठ) कर्मों के द्वारा सजातीय (तथा) शक्ति के द्वारा सजातीय (तुम) (ब्रह्माण्ड को धारण करने की) इच्छा करते हो, पराक्रमो के द्वारा प्रवर्धित (तुम) शत्रु का अभिभव करने वाले (तथा) (सद् एवम् असद् के कर्त्ता के मध्य) विभेद करने वाले (हो), (तुम) (अपने) स्तोता के लिए अभिलषणीय (तथा) उत्तम धन प्रदान करने वाले (हो) वह दिव्य 'सोम' दिव्य ('इन्द्र') को व्याप्त करे (तथा) सत्य (–भूत) 'सोम' सत्य (–भूत) 'इन्द्र' को (व्याप्त करे)।

4. हे नर्तनशील (या, सबके आनन्ददायक) इन्द्र ! प्राचीन काल में तुम्हारा वह किया गया कर्म मानवकल्याणार्थ (तथा) 'द्युलोक' मे प्रशसनीय (हुआ था), जब (तुमने) देवो के (शत्रु के) प्राण को (अपनी) शक्ति से अवरूद्ध करते हुए (वर्षा–) जलों को (बाहर) निकाल दिया, ('इन्द्र') (अपने) पराक्रम से सम्पूर्ण देव–विरोधी को अभिभूत कर दे, 'शतक्रतु' शक्ति को प्राप्त करे, (वह) (यज्ञीय) अन्न को प्राप्त करे।

# अनुवाक -III

# सूक्त.23

1 हे गणो के स्वामी, कवियो मे सर्वश्रेष्ठ कीर्ति वाले कवि (तथा) स्तुतियो के सर्वश्रेष्ठ स्वामी! (हम) तुम्हारा आह्वान करते है, वे प्रार्थनाओ के स्वामी ! हमारे (आह्वान को) सुनते हुए (तुम) (इस) यज्ञगृह मे (अपनी) रक्षाओ के साथ स्थान ग्रहण करो।

2. हे असुरों के नष्ट करने वाले बृहस्पते ! प्रकृष्टज्ञानयुक्त तुम्हारे द्वारा ही, (वास्तव मे) देवताओ ने (अपना) यज्ञ सम्बन्धी भाग प्राप्त किया। सम्पूर्ण मत्रो के उत्पन्न करने वाले (तुम) ही हो, जैसे महान् 'सूर्य' (अपने) प्रकाश से किरणो को (उत्पन्न करने वाला है)।

3 हे बृहस्पति ! निन्दको को तथा अन्धकार को नष्ट कर (तुम) यज्ञ के प्रकाशयुक्त (तथा) भयानक रथ पर आरूढ होते हो, (जो) शत्रुओ का दमन करने वाला, राक्षसो को मारने वाला, मेघो को तोडने वाला (एव) प्रकाश (या,स्वर्ग) को पाने वाला (है)।

4 (तुम) सुन्दर मार्गदर्शनो से ले चलते हो (तथा) (उससे) मनुष्य की रक्षा करते हो, जो तुमको (छविः) प्रदान करे, उसके पास पाप न पहुँचे। हे बृहस्पते ! मत्रो से द्वेष करने वाले को (तुम) तपाने वाले हो (तथा) क्रोध को प्रभावहीन करने वाले (हो), तुम्हारा वह माहात्म्य (वस्तुतः) महान (है)।

5 हे ब्रह्मणस्पते ! सुन्दर रक्षक (तुम) जिसकी रक्षा करते हो, उसे कहीं से न (तो) पाप, न दुर्भाग्य (ही), न (तो) शत्रु, न दोहरे आचरण वाले ( =वञ्चक) (ही) पार पा सकते है, सम्पूर्ण ही (प्रकार की) हिंसिका (शक्तियो) से (तुम) (उसे) दूर कर देते हो।

6. तुम हमारे रक्षक, विशेषेण द्रष्टा (एव) मार्गदर्शक (हो), तुम्हारे व्रत के लिए (हम) स्तोत्रों द्वारा स्तवन करते है, हे बृहस्पते ! जो हमारे प्रति कुटिलता धारण करता है, उसे (उसकी) अपनी दुर्बुद्धि (ही) वेगवती (होकर) नष्ट करे।

7. और भी जो (कोई) शत्रुता रखने वाला, अभिमानी (तथा) लालची मनुष्य हम पापरहितो को हानि पहुँचायें, हे बृहस्पते ! उसे (हमारे) मार्ग से दूर करो, इस देवो के प्रीतिभोज के लिए हमारे (मार्ग को) सुष्ठु गमनयोग्य करो।

8 हे उपद्रवो से बचाने वाले ! शरारो के रक्षक, (हमारा) पक्ष करने वाले (तथा) हमारी कामना से युक्त तुमको (हम) बुलातें है। हे बृहस्पते ! देवताओ की निन्दा करने वालो को विनष्ट करो, दुष्ट बुद्धि वाले (हमसे) उत्कृष्टतर सुख प्राप्त न करे।

9. हे ब्रह्मणस्पते ! भली–भॉति बढाने वाले तुम्हारे द्वारा हम स्पृहणीय मानवीय धनो को प्राप्त करें , दूर के (और) समीप के जो शत्रु हम पर आक्रमण करते हैं, उन्हे कुचल डालो, (ताकि) वे निश्चेष्ट (हो जाये)।

10. हे बृहस्पते ! (इच्छाओ को) पूर्ण करने वाली (और) प्रचुर धन वाली तुम्हारी (मैत्री) के द्वारा हम श्रेष्ठ शक्ति प्राप्त करे; (हमारा) दमन करने का इच्छुक (कोई) दुष्ट–बुद्धि हमारा स्वामी न बने, सुन्दर प्रार्थनाओ वाले (हम) स्तुतियो के द्वारा प्रवर्धित होवें।

11 हे ब्रहमणस्पते । (तुम) वास्तव मे, कभी समर्पण न करने वाले, शक्तिशाली, युद्ध मे जाने वाले, शत्रु को निःशेषण तपाने वाले, युद्धो मे (शत्रुओ का) अभिभव करने वाले, ऋण से दूर करने वाले (तथा) भयानक (एव) अभिमानयुक्त बलवानो के भी दमन करने वाले (हो)।

12 देवविरोधी मन से जो (हमे) हानि पहुँचाता हे, (जो) भयानक (अपने को) (बडा) मानता हुआ स्तुति गायन करने वाले (हम) को मारना चाहता है, हे बृहस्पते । उसका शस्त्र हमे प्राप्त न करे, (उस) शक्तिशाली दुष्ट (व्यक्ति) को क्रोध को (हम) निराकृत कर दे।

13 युद्धो मे बुलाने योग्य, नमस्कार के द्वारा समीप पहुँचने योग्य, सङ्ग्रामो मे गमनशील, प्रत्येक प्रकार के धनो को जीतने वाले स्वामी 'बृहस्पति' ने (हमारा) दमन करने की इच्छा रखने वाली सम्पूर्ण हिसिका (सेनाओ) को (युद्ध मे टूटे हुए) रथो के समान विनष्ट कर दिया है।

14. अत्यन्त तीक्ष्ण जलाने वाले (अपने) शस्त्र से राक्षसो को जला दो, देखे गये पराक्रम से युक्त तुम्हारी निन्दा करते है। जो तुम्हारा प्रशसनीय (पराक्रम) हो, उसे प्रकट करो, हे बृहस्पते । (तुम) निन्दकों को विशेष रूप से बाधित करो।

15 हे बृहस्पते । जिससे श्रेष्ठ (ब्राह्मण) अधिक रूप से पूजा करे, जो प्रकाशयुक्त (तथा) शक्ति से युक्त मनुष्यो (के मध्य) में विशेषेण प्रकाशित होता है, जो सामर्थ्य द्वारा दीप्त होता हो, हे यज्ञ के पुत्र । (तुम) वह विचित्र ध ान हमे प्रदान करो।

16. हे बृहस्पते । हमको चोर (शत्रुओ) के लिए मत (दो), जो हत्या करने वाले स्थान पर आनन्दपूर्वक घूमते हुए (दूसरो के) धन का लोभ करते है (और) देवताओ को अलग करने (का विचार) हृदय में लाते है, (वे) (तुम्हारे) 'सामन् (–शस्त्र) (की महिमा) की सीमा नही जानते।

17. कवि 'त्वष्टा' ने निश्चय ही, सभी प्राणिजातो से ऊपर प्रत्येक 'सामन्' से (सारभूत) तुमको उत्पन्न किया, वह 'ब्रहमणस्पति' महान् यज्ञ के धारण करने वाले के ऋण को जानने वाला, (यजमान के) ऋण को दूर करने वाला (तथा, उसके) शत्रुओ का मारने वाला (है)।

18. हे अङ्गिरस् । जब (तुमने) गायो के बाडे को (जिसमे 'वल' ने उन्हें बन्द किया था) खोला, पर्वत ने तुम्हारे आश्रय के लिए (अपने द्वार को अपने आप) खोल दिया । 'इन्द्र' के साथ, हे बृहस्पते । (तुमने) अन्धकार के द्वारा परितः आच्छादित जलों के समुद्र को प्रवाहित किया।

19. हे ब्रह्मणस्पते । इस (जगत्) के नियामक तुम (इस) सुन्दर स्तोत्र को जानो, (हमारी) सन्तान को (कार्य मे) प्रवृत्त करो, वह सम्पूर्ण कल्याणकारी (है), जिसकी (आप जैसे) देव रक्षा करते हैं, उत्तम वीरो से युक्त (हम) यज्ञ मे प्रभूत (इस स्तोत्र) को उच्चारित करे।

## सूक्त -24

1. हे बृहस्पते। वह (तुम) इस (सोम) समर्पण को अनुगृहीत करो, जो (तुम) स्वामी होते हो, (हम) इस नवीन (एवं) महती स्तुति के द्वारा (तुम्हारी) पूजा करते हैं जैसे तुम्हारा मित्र (भूत)(हमारा) सेचक(यजमान)(तुम्हारा) स्तवन करता है, (उस प्रकार) वह (तुम) हमारी स्तुति को सफल करो।

2. जिसने (अपनी) शक्ति से नमनशीलों को पूर्णतया झुका दिया और क्रोध द्वारा 'शम्बर' (के नगरो)को विदीर्ण कर दिया, (उस) 'ब्रह्मणस्पति ने अच्युतो को (भी) च्युत किया (तथा) धनयुक्त पर्वत मे विशेषण प्रवेश किया।

3 देवताओ मे सर्वश्रेष्ठ देव ('बृहस्पति') का वह कर्म (है) (कि दृढ (पदार्थ) (भी) शिथिल पड गये (तथा) कठोर (पदार्थ) मृदु हो गये , ('बृहस्पति' ने) गायो को बाहर निकाला, मन्त्र के द्वारा 'वल' को विदीर्ण किया, अन्धकार को छिपाया (तथा) प्रकाश का विशेषेण दर्शन कराया।

4 'ब्रह्मणस्पति' ने (अपनी) शक्ति से जिस पाषाणमुख (तथा) मधुप्रवाह वाले कुएँ को सर्वतः खोदा, सूर्यसदृश उसे ही समग्र (देवो) ने अत्यधिक रूप से पिया (तथा) साथ–साथ जल–जल प्रवाह को प्रवाहित किया।

5. (हे यजमानो !) ('ब्रह्मणस्पति' की) उन प्राचीन (एव) विविध (उदारताओ)ने तुम्हारे लिए भावी (वर्षाओ के) द्वारो को महीनो मे (तथा) वर्षों मे उद्‌घाटित किया, जो (दो) लोक परस्पर (एक) दूसरे की ओर) विचरण करते है, बिना प्रयत्न किये(ही) 'ब्रह्मणस्पति' ने (उन) प्रज्ञानो को (स्तुतियो) का विषय) बनाया।

6. चारो ओर गमन करते हुए जिन्होने पणियो की उत्कृष्ट गुहा मे स्थित उस निधि को प्राप्त किया, उन्होने विद्वानो ने अनृत (पदार्थो) को देख कर (=जान कर), जहॉ से वे आये थे, पुनः (वही) प्रवेश करने के लिए चले गये

7. ऋतयुक्त कवि अनृत को देखकर पुनः (इस स्थान से) आकर महान् पथ पर चल पडे, उन्होने (दोनो) बाहुओ से प्रज्ज्वलित उस 'अग्नि' को पाषाण पर छोड दिया, वह आगन्तुक (अब) बिल्कुल नही है।

8 ऋतरूप प्रत्यञ्चा वाले अस्त्रक्षेपक धनुष के द्वारा 'ब्रह्मणस्पति' जहॉ चाहता है, उसे प्रकर्षेण व्याप्त कर लेता है, उसके वाण कार्यसाधक (है), जिनके द्वारा (वह शत्रुओ को) दूर करता है , (वे वाण) मन ुष्यों को देखने वाले (तथा) देखने के लिए कान तक खीचे जाने वाले (है)।

9 वह सम्यग् नेतृत्व करने वाला (है), वह विशिष्ट नेतृत्व करने वाला (है), पुरोहित (है), वह सुष्ठु स्तुत (है), वह युद्ध मे (प्रादुर्भूत होता है), द्रष्टा 'ब्रह्मणस्पति' जब अन्न को, स्तुतियो (तथा) धनो को धारण करता है, तब , निश्चय ही, सन्तापक 'सूर्य' अनायास तपता है।

10 वर्षणशील 'बृहस्पति' के शोभनदानयुक्त धन व्यापक, समर्थ (एव) प्रख्यात (है), अभिलषणीय (एव) अन्नयुक्त ('वृहस्पति') के (ही) वे धन (है) जिनके द्वारा मनुष्य (एव) दोनो (प्रकार की) प्रजाये भोग करती हैं।

11. सव प्रकार से रमणीय जो (तुम) निष्कृष्ट साधनता (या, समूह) मे (स्थित) व्यापक (तथा) महान् (जनों) को (अपनी) शक्ति से वहन करने की इच्छा करते हो, सम्पूर्ण (पदार्थो) को चारो ओर से आबृत करने वाला वह 'बृहस्पति' देव देवताओं के प्रति प्रथित होता है।

12. हे मघवन् ! तुम दोनो के सम्पूर्ण स्तोत्र सत्य ही (है), जल भी तुम्हारे व्रतों का उल्लङ्घन नही करते है, हे 'इन्द्र' और ब्रह्मणस्पते ! (तुम दोनों) अन्नशक्ति से युक्त होकर ही हमारे हविष्य (रूप अन्न) को लक्ष्य करके (यज्ञ मे गमन करो)।

13 और, तीव्र गति वाले वाहक (अश्व) आनुपूर्व्येण श्रवण करते है, सभायोग्य विद्वान स्तुतियो द्वारा यज्ञीय) धनो को अर्पित करता है, 'ब्रह्मणस्पति' अत्याचारी (असुरो) से द्वेष करने वाला (है),(वह) इच्छानुरूप ऋण को सङ्गृहीत करने वाला(तथा) युद्ध मे धनयुक्त (होवे)।

14 इच्छानुसार महान् कर्म करने वाले 'बृहस्पति' का क्रोधयुक्त विचारसत्य हुआ, जिसने गायो को बाहर निकाला (और)'द्युलोक' (मे स्थित लोगो) के लिए वितरित किया, महती जलधारा की भॉति, वह (गायो का समूह) शक्ति (के प्रभाव) से पृथक––पृथक (दिशाओ मे) गया।

15. हे ! ब्रह्मणस्पते ! प्रतिदिन सुष्ठु नियामक (हम) अन्नयुक्त धनो के स्वामी हो जाये, तुम हमें(एक) वीर (पुत्र) के बाद अनेक वीरो से सयुक्त करो, जो (तुम) स्वामित्व करते हुए स्तोत्र के द्वारा मेरे आह्वान को स्वीकार करते हो।

16 हे ब्रह्मणस्पते ! इस (जगत्) के नियामक तुम (इस) सूक्त को जानो और सन्तान को (कार्य मे) प्रवृत्त करो, वह सम्पूर्ण कल्याणकारी (है), जिसकी (आप जैसे) देव रक्षा करते है, उत्तम वीरो से युक्त (हम) यज्ञ मे योग्य रीति से (तुम्हारी स्तुति) उच्चारित करे।

# सूक्त-25

1 'ब्रह्मणस्पति' जिस–जिसको (अपना) सहायक बनाता है, (वह) 'अग्नि' को समिद्ध करता हुआ हिसा करने वाले की हिसा करता है और 'ब्रह्मा' को चयन करने वाला (एव) हविष्यप्रदाता (व्यक्ति), निश्चय ही, प्रवृद्ध होता है (तथा) पुत्र के द्वारा पुत्र को (पाकर) अत्यधिक प्रवर्धित होता है।

2. 'ब्रह्मणस्पति' जिस–जिसको (अपना) सहायक बनाता है, (वह) (अपने) पुत्रो के द्वारा हिसा करने वाले (शत्रु) पुत्रो को हिसित करता है, गायो के द्वारा धन को विस्तृत करता है, अपने आप ज्ञानयुक्त होता है और उसका पुत्र तथा पौत्र वर्द्धित होता है।

3. 'ब्रह्मणस्पति' जिस–जिसको (अपना) सहायक बनाता है, वह कर्मनिष्ठ, जैसे नदी किनारो को (काटती है),(उसी प्रकार) हिसा करने वाले की (हिसा करता है), जिस प्रकार (रेत का) वर्षक बधिया (बैलो को,(उसी प्रकार) शक्ति के द्वारा (वह अपने शत्रुओ को) (मारने की) इच्छा करता है,' अग्नि' की प्रसारयुक्त ज्वाला के समान (उसे) निवर्तित करना सम्भव नही है।

4. 'ब्रह्मणस्पति' जिस–जिसको (अपना) सहायक बनाता है, उसके लिए प्रसारयुक्त दिव्य जल बहते है, कर्मनिष्ठ (के मध्य) प्रथम वह गायो (के रूप) मे (धन को) प्राप्त करता है (तथा) अप्रतिरोध्य शक्ति से युक्त (वह) अपने बल से (अपने शत्रुओं को) मारता है।

5 'ब्रह्मणस्पति' जिस – जिसको (अपना) सहायक बनाता है, उसके लिए, निश्चय ही, सम्पूर्ण नदियाँ प्रवाहित होती है, उसके लिये अविच्छिन्न (निरन्तर) (तथा) अनेक सुख प्रतीक्षा करते है, देवो के सुख (के विषय) में सौभाग्योंपेत वह प्रवर्धित होता है।

# सूक्त 26

1. सरल स्तोता ही हिसा करने वाले की हिसा करता है, देवताओं की कामना करने वाला ही देवविरोधी (व्यक्ति) को पराभूत करता है, श्रेष्ठ पूजक ही सङ्ग्रामो मे कठिनाई से पार करने योग्य को हिंसित करता है, यजनशील ही यज्ञविरोधी (व्यक्ति) के भोजन को बँटा देता है।

2. हे वीर ! ('ब्रह्मणस्पति' के प्रति)यजन करो, (विद्वेष का) मनन करने वालों के प्रति (दृढता से) अग्रसर होओ, (अपने मन को शत्रुओ के (विरूद्व) सङ्घर्ष मे अडिग रखो, हविष्य को (निर्मित करो, जिससे (तुम) समृद्ध हो सको, (हम) 'ब्रह्मणस्पति' के सरक्षण की सम्यग् याचना करते है।

3. निश्चय ही, वह मनुष्य के साथ, वह प्रजा के साथ, वह जन्म से (ही) पुत्रो के साथ (एवं) मानवों के साथ अन्न (तथा) धनो को धारण करता है जो (कि) श्रद्धायुक्त मन वाला (वह) देवताओ के पालक 'ब्रह्मणस्पति' को हविष्य से पूजता है।

4 जिसने इसके लिए घृतयुक्त हविष्यो से पूजा की, 'ब्रह्मणस्पति' उसे पूर्व की ओर प्रकर्षेण ले जाता है, (इसे) पाप से बचाता है, हिसक से (और) पाप से भी (इसकी) रक्षा करता है (और) इसके लिए विस्तृत कार्य करने वाला (तथा) अद्भुत (होता है)।

# सूक्त-27

1. (मै) दीप्यमान आदित्यो के प्रति (वाणीरूपी) 'जूहू' के द्वारा घृत (या, हविष्य) छोडने वाले इन स्तात्रो को बारम्बार प्रस्तुत करता हूँ 'मित्र', 'अर्यमा'श 'भग', जन्मसिद्ध बलवान् 'वरूण' (एव) शक्तिशाली 'अश' हमारा श्रवण करे।

2 समान महत्कार्यों वाले (वे) 'मित्र' अर्यमा' (एव) 'वक्ता' आज मेरे इस स्तोत्र के द्वारा प्रसन्न होवे (वे) आदित्य जो उज्ज्वल (एव) जल के द्वारा पवित्र (है) (जो) किसी का (भी) परित्याग न करने वाले, निष्कलड्क (एव) अहिसित (है)

स्तोत्र के द्वारा प्रसन्न होवे।

3. वे विस्तृत, गम्भीर, अवञ्चित, हिसा करने की इच्छा रखने वाले (एव) अनेक नेत्रो वाले 'आदित्य',(चाहे) भ्रष्ट अथवा सद्गुणी, (मनुष्यो के) अन्तरतम (विचारो) को (चाहे) दूर से (अथवा) समीप से (उन) सम्पूर्ण दीप्यमान (देवो) के प्रति अवलोकित करते है।

4. दिव्य 'आदित्य' गतिशील (अथवा) स्थिर (सभी वस्तुओ) के धारण करने वाले, सम्पूर्ण प्राणिजात के सरक्षक, कार्यो मे अग्रशोची, मेघस्थ जल को एकत्रित करने वाले, 'ऋत' के अनुयायी (तथा) (हमारे) ऋणो के विमोचक है।

5. हे आदित्यो ! (मै) सङ्कट मे सुख (एव, सुरक्षा) के उत्पत्तिस्थान (–भूत) तुम्हारे इस सरक्षण को जानने वाला होऊॅ, हे अर्यमन्, मित्र तथा वरूण ! (मै) तुम्हारे पथ–प्रदर्शन के द्वारा (मेरे मार्ग में ) फन्दो के समान पापों से मुक्त हो जाऊॅ।

6 हे अर्यमन्, मित्र (एव) वरूण ! निश्चय ही, तुम्हारा मार्ग सुगम, कण्टकविहीन (तथा) उत्तम है, इस (कारण) से,

हे आदित्यो ! (हमे इस मार्ग से ले चलो), हमारे लिए अनुग्रहपूर्वक कथन करो (तथा) हमे कठिनाई से बाधित होने योग्य आनन्द प्रदान करो।

7. दीप्तियुक्त पुत्रो की माता 'अदिति' हमे (हमारे) शत्रुओ के) विद्वेष के परे नियोजित (या, स्थापित) करे, 'अर्यमा' हमे सुगम (मार्गों) से ले जाये, (और, हम) अनेक पुत्रो से युक्त (एव) अहिंसित (होते हुए) 'मित्र' (तथा) 'वरूण' के प्रभूत आनन्द को प्राप्त करने वाले (होवे)।

8. (वे) तीन लोको तथा तीन स्वर्गों (या, देवो) को धारण करते है (और) उनके यज्ञ मे तीन अनुष्ठान (समाविष्ट होते है), हे आदित्यों ! 'ऋत' के द्वारा तुम्हारी शक्तिमत्ता (उत्पादित हो गयी है), (जैसी) वह, हे अर्यमन्, मित्र (एव) वरूण ! सर्वोत्कृष्ट (है)।

9 सुवर्णमय (आभूषणों से सज्जित), उज्जवल, जल के द्वारा पवित्र, कभी (भी) न सोने वाले, नेत्रमीलन न करने वाले, अवञ्चित (तथा) विशाल कीर्तियुक्त 'आदित्य' निष्कपट मनुष्य के लिए तीन देदीप्यमान स्वर्गीय (प्रदेशों) को धारण करते है।

10. हे शत्रुविनाशक वरूण ! तुम सबके, (चाहे) वे देव अथवा मनुष्य (हों) अधिपति (होते) हो, (तुम) विशेषेण अवलोकनार्थ सौ वर्ष प्रदान करो, (और, हम) प्राचीन (ऋषियो) के द्वारा सुप्रतिष्ठित आयुष्यो को प्राप्त करे।

11 हे आदित्यो ! न (तो) दाहिना (हाथ) (और) न बायॉ (हाथ) (हमारे प्रति) विशेषेण जाना जाता है, न (तो) अग्रवर्त्ती और न पश्चवर्ती (मेरे द्वारा) (पहचाना जाता है) हे निवास प्रदान करने वाले ! (ज्ञान में) अपरिपक्व (तथा) (व्यक्तित्व मे ) कातर (हम) तुम्हारे द्वारा निर्देशित (होते हुए) भय से मुक्त प्रकाश को प्राप्त करे।

12 जो दीप्यमान (एव) सत्यनिष्ठ (आदित्यो) को (हविष्य) प्रदान करता है, जिसे (उनकी) शाश्वत सम्पदाएँ वर्धित करती है, धनप्रदाता, विख्यात, उदार (तथा) यज्ञो मे प्रशसित वह (अपने) रथ के द्वारा अग्रसर होता है।

13 पवित्र, अनाक्रान्त, (प्रचुर) अन्न धारण करने वाला (एवं) उत्तम वीरो से युक्त (वह) उत्पादनकारी जलो (के मध्य) मे निवास करता है, कोई भी, (चाहे) समीप से (अथवा) दूर से , उसे, जो (कि) आदित्यो के उत्तम पथ–प्रदर्शन मे (सुरक्षित) है, हिसित नही करता है।

14. हे अदिते ! हे मित्र और वरूण! (तुम सब) (हम पर) कृपा करों, यद्यपि हमने तुम्हारे प्रति कोई अपराध किया है। हे इन्द्र ! (मै) भय से मुक्त महान् प्रकाश को प्राप्त करूँ, (रात्रि के) दीर्घकालिक अन्धकार हमे अभिव्याप्त न करें।

15 सयुक्त (रूप से) दोनो (–'द्युलोक' एव पृथिवी') उसको (जिसे 'आदित्य' रक्षित करते है) पोषित करते है, निश्चय ही, भाग्यशाली वह स्वर्ग की वर्षा के द्वारा वर्धित होता है, युद्धो मे (अपने) दोनो निवासो को जीतने वाला (वह) गमन करता है, उसके लिए (संसार के) दोना भाग अनुकूल होते है।

16 हे पूजनीय आदित्यो ! (मै) (तुम्हारे) रथ से, सर्वत द्वेषी के लिए (तुम) जिन मायाओ को (अविष्कृत करते हो), जाल, (जो) तुम्हारे) शत्रु के लिए विशेषेण प्रसृत हुए है, से (उसी प्रकार)(सकुशल निकल जाऊँ(, जिस प्रकार (कोई) शहसवार (मार्ग को पार कर लेता है), (और, इस प्रकार, हम) असीम आनन्द मे सुरक्षित (निवास करने वाले) होवे।

17 हे वरूण ! मै (कभी भी) धनसम्पन्न, प्रिय (तथा) विपुल दानशील सम्बन्धी (या, बान्धव) के शून्यत्व (या, अभाव) को सर्वत प्राप्त न करूँ, हे राजन् वरूण) ! (मै) (कभी भी) सुनियमित धनो से विहीन न होऊँ, (तथा) उत्तम वीरो से युक्त (हम) यज्ञ मे (तुम्हारी) योग्य रीति से स्तुति उच्चारित करें।

# सूक्त-28

1. क्रान्तदर्शी स्वयशासक 'आदित्य' के लिए (मेरा) यह (सूक्त) समस्त (विद्यमान) (सूक्तो) को (अपनी) महिमा से अभिभूत कर दे, जो देव ('वरूण)' यजन करने वाले के प्रति अत्यधिक हर्षयिता (आनन्ददायक) (है), (उस) समृद्धिशाली 'वरूण' से (मै) सुकीर्ति की याचना करता हूँ।

2. गोमती (रश्मियो) से युक्त ऊषाओ के आने पर, अग्नियो के समान प्रतिदिन स्तुति करते हुए सौभग्यशाली श्रद्धापूर्ण बुद्धि वाले (तथा) स्तुति करने वाले (हम) हे वरूण ! तुम्हारे नियम (के पालन) मे रहें।

3. हे नेतृत्वशील वरूण ! अनेक वीरो वाले (हम) विस्तृत रूप से प्रशसित तुम्हारी शरण मे रहें, हे 'अदिति' के पुत्रो ! तुम (सब), (अपने) सख्यभाव के लिए, (शत्रुओं के द्वारा) अहिसित हमारे (अपराधो) को क्षमा कर दो।

4. निश्चय से, धारण करने वाले 'आदित्य' ने (नदियो को ) (बहने के लिए) प्रकर्षेण मुक्त किया है, नदियॉ 'वरूण' के 'ऋत'(= नियम) के अनुसार गमन करती हैं, (जो) न विश्राम करती हैं (और) न (रथसयुक्त अश्वो को) मुक्त करती है, ये पक्षियों के समान अभिव्यापक (पृथिवी) पर तीव्र गति से गतिशील होती हैं।

5. हे वरूण ! (तुम) रस्सी के समान (मुझसे) अपराध दूर कर दो, (हम) तुम्हारे 'ऋत' के प्रवाह को बढाते चले, (स्तुति–) कर्म को बुनते हुए मेरे (जीवन–) तन्तु को छिन्न न करो, (यज्ञरूपी) कर्म के प्रसार को उचित समय से पूर्व विनष्ट न करो।

6 हे वरूण । मुझसे सम्पूर्ण भय को दूर कर दो, हे 'ऋत' के प्रवर्तक सम्राट् । मुझ पर अनुग्रह करो, बछडे से रस्सी के समान (मुझे) पाप से विमुक्त कर दो, तुमसे दूर रहने पर, (मै) पलक झपकाने मे (भी) समर्थ नहीं होता हूँ।

7 हे शक्तिशाली वरूण । जो तुम्हारे (शस्त्र) तुम्हारे यज्ञ (या, प्रवर्त्तना) मे पाप करने वाले को नष्ट करते है, (उन) शस्त्रो से हमे मत (मारो), (हम) प्रकाश (के प्रदेशो) से (अपने समय से पूर्व) प्रस्थान न करे, सुष्ठु जीवन के लिए हमारे शत्रुओ को विशेषेण शिथल (या, छिन्न–भिन्न) कर दो ।

8 हे जन्मसिद्ध शक्तिशाली 'वरूण' । (हम) तुम्हे भूत–काल मे नमस्कार (करते रहे है) आज (भी) (हम तुम्हे नमस्कार करते है) और भविष्य मे (भी) (हम तुम्हे नमस्कार करेगे) । हे कठिनाई से प्रतारणीय ('वरूण') । (तुम्हारे) अडिग नियम तुम पर, निश्चय ही, (किसी) पर्वत के समान, अच्छी तरह टिके हुए (है)।

9 तत्पश्चात्, हे राजन् । मेरे किये हुए अपराधो को दूर कर दो, मै दूसरे के किये हुए (अपराधो का दण्ड न भोगूँ, इस समय, निश्चय ही, बहुत सी उषाएँ (भविष्य मे) उदित होने वाली (है), हे 'वरूण' । हम जीवों को उन (अनुदित) (उषाओ) (के मध्य) मे आदिष्ट करो।

10 हे राजन् । मेरा जो (घनिष्ठ सम्बन्धी) अथवा जो सखा मुझ भीरू (या, कायर) को स्वप्न मे भयभीत करता है और जो चोर अथवा जो भेडिया हमे दबाना चाहता है, उससे हे वरूण तुम हमारी रक्षा करो।

11 हे वरूण । मुझे धनयुक्त, प्रिय (एव) दानशील बान्धव का (कभी) अभाव न रहे, हे राजन् । सुनियमित धन से (मै) (कभी) दूर न रहूँ, उत्तम वीरो से युक्त (हम) यज्ञ मे योग्य रीति से (तुम्हारी स्तुति) उच्चारित करे।

# सूक्त-29

1. हे नियमो के धारण करने वाले (तथा) क्रियाशील आदित्यो । (मेरे) अपराध को मुझसे, एकान्त में प्रजनन करने वाली (व्यभिचारिणी स्त्रीं) के समान, दूर कर दो, हे वरूण । हे मित्र । हे देवो । (तुम्हारे) कल्याण (के विषय मे) जानता हुआ (मै) (स्तुति का) श्रवण करने वाले तुम्हारा, रक्षा के लिए, आह्वान करता हूँ।

2 हे देवो । तुम विशिष्टबुद्धियुक्त (हो), तुम बल (ही) (हो) तुम (हमारे) द्वेष करने वालो को (हमसे) दूर भगा दो, और, (हमारे) शत्रुहन्ता (तुम) (उन्हे) पूर्णत· अभिभूत कर दो, और आज तथा भविष्य मे हम पर कृपा करो।

3. हे वसुओ । अब (तथा) भविष्य में, तुम्हारे लिए (हम) क्या करे ? (अपने) सनातन बन्धुत्व (या, सम्बन्ध) के द्वारा (हम) क्या (करे) ? हे मित्रावरुणौ । हे अदिते । हे इन्द्र और मरुत । तुम (सब) हममे कल्याण निहित करो।

4. जो तुम, निश्चय ही, (मेरे) धनप्रदाता बान्धव हो, वे (तुम) याचना करने वाले मुझ पर कृपा करो, तुम्हारा रथ (हमारे) यज्ञ मे मन्द गति वाला न हो, तुम्हारे जैसे बान्धवो के रहते (हमें) श्रम न करना पडे।

5 (मुझ) अकेले ने अनेक अपराध किये है, चूँकि (तुमने) मुझे, (अपने) जुआरी पुत्र को पिता के समान, शासित किया है, हे देवो ! (अपने) पाशो को (तथा) अपराधो को दूर रखो, (मुझ) पुत्र पर बाज (पक्षी) के समान मत झपटो।

6. हे यजनीयो । (तुम) आज (हमारे) अभिमुख होओ, ह्रदय मे भय खाता हुआ (मै) तुम्हारे (समीप) आया हूँ। हे यजनीय देवो । हमारी हिसक वृक से रक्षा करो, (हमारे प्रति) अनर्थ करने वाले से (हमारी) रक्षा करो।

7. हे वरुण । मै (कभी) धनयुक्त, प्रिय (तथा) उदार दानी बान्धव के अभाव को प्राप्त न करूँ, हे राजन् । (मै कभी) सुनियमित धनो से दूर न होऊँ, उत्तम वीरो से युक्त (हम) यज्ञ मे योग्य रीति से (तुम्हारी स्तुति) उच्चारित करें।

# सूक्त-30

1. देदीप्यमान, (वर्षा के) (प्रेरित) करने वाले, (सभी के) प्रेरक (तथा) 'अहि' के वधकर्त्ता 'इन्द्र' के प्रति, जल (जल (तर्पणो मे प्रवाहार्थ) विरत नही होते है, जलो की धारा प्रतिदिन अग्रसर होती है, किस समय इनकी प्रथम सृष्टि (हुई) (थी) ?

2 (उसकी) माता ('अदिति') ने उसे मनुष्य घोषित किया, जिसने 'वृत्र' के लिए (यज्ञीय) अन्न प्रस्तुत किया, इसकी प्रसन्नतार्थ, आज्ञापरायणा नदियॉ (अपने) मार्गो पर गमन करती हुई (अपने) गन्तव्य ('समुद्र') की ओर प्रतिदिन बहती हैं।

3 निश्चय ही, (वह) 'अन्तरिक्ष' मे ऊँचाई पर स्थित रहा, ('इन्द्र' ने) 'वृत्र' के प्रति (अपने) विनाशक (वज्र) को प्रक्षेपित किया, बादल मे आच्छादित (वह) ('इन्द्र' की ओर) वेग से आगे बढा , (किन्तु,) तीक्ष्ण शस्त्र के धारक 'इन्द्र' ने (अपने) शत्रु को जीत लिया।

4 हे वृहस्पते ! तुम जिस प्रकार वज्र के द्वारा, उसी प्रकार कान्तिमय बरछे के द्वारा, अपने द्वारों, की रक्षा करते हुए असुर पुद्रो का भेदन करो, जिस प्रकार तुमने प्राचीन काल मे अपने पराकम द्वारा वृत्र का वध किया, उसी प्रकार, हे इन्द्र! (तुम) (अब) हमारे शत्रु को विनष्ट कर दो।

5 हे इन्द्र ! ऊॅचाई पर (तुम) 'द्युलोक' से वज्रदण्ड को नीचे की ओर प्रक्षेपित करो, जिसके द्वारा अत्युत्कट आन्ददायक (तुम) ने (अपने) शत्रु का विशेषण वध कर दिया, (और, तुम) हमे पुत्रो, पौत्रो तथा गायो की प्राप्ति में समृद्ध बना दो।

6. हे इन्द्र तथा सोम ! (तुम दोनो) (पाप) करने वाले को नष्ट कर दो, जिससे (तुम) द्वेष करते हो, विनम्र (या, उदार) यज्ञकर्त्ता के प्रवर्त्तक (या, प्रेरक) होओ, तुम दोनो इस भय के स्थान में हमारी रक्षा करो (तथा) संसार को, अब, (भययुक्त) बना दो।

7 ('इन्द्र') मुझे कष्ट प्रदान न करे और न मुझे आलस्ययुक्त बनाये, (हम) (एक दूसरे के प्रति) (कभी भी) कथन न करे (और) न 'सोम' (के अभिषव) का अर्पण करे, (क्योकि, यंह 'इन्द्र' है,) जो (मेरी कामनाओ को) परिपूरित करेगा, जो मुझे धन प्रदान करेगा, जो (मेरी प्रार्थनाओ को) सुनेगा (तथा) जो मुझे, गायो के सहित, अभिषवो का अर्पण करते हुए, फल प्रदान करेगा।

8 हे सरस्वति ! तुम हमारी रक्षा करो, मरुतों से युक्त (तथा) आक्रमणशील (तुम) (हमारे) शत्रुओ को अभिभूत कर दो, जब कि 'इन्द्र' शण्डिको के प्रमुख का, (उसे) चुनौती देते हुए (तथा) (अपनी) सामर्थ्य पर दृढ विश्वास रखते हुए, वध करता है।

9. हे बृहस्पते ! जो हमारे प्रति घात मे पडा हुआ है, अथवा, जो हमारी हिंसा की आकाड्क्षा से युक्त है, उसे (अपने) तीक्ष्ण (वज्र) से वेध दो (और) (हमारे) शत्रुओ को (अपने) शस्त्रो द्वारा पराभूत कर दो, द्रोहयुक्त के प्रति, हे राजन् ! तुम (अपने) विनाशक (बरछे) को सर्वत' प्रक्षेपित करो।

10. हे शूर । (तुम) हमारे पराक्रमी वीरो के सहित, तुम्हारे जो (साहसिक) कार्य (सम्पादित किये जाने है,), (उन्हे) (सम्पादित) करो, (हमारे शत्रु) दीर्घ काल तक ( के लिए) (गर्व से) फूल गये है, (तुम) (उन्हे) मार कर उनके धनो को हमे सम्यक् प्रदान करो।

11. प्रसन्नता के इच्छुक (हे मरुतो) । (मै) (स्तुति–) वाणी के द्वारा (तथा) नमस्कार के द्वारा तुम्हारे दिव्य, प्रकट (एव) एकत्र (या, सञ्चित) बल का स्तवन करता हूँ, जिस प्रकार (हम) प्रतिदिन (एतद्द्वारा) विख्यात, पराक्रमी (भावी) सन्तानो के साथ चलने वाली (तथा) सभी (प्रकार के ) वीरो से युक्त सम्पत्ति को प्राप्त करे।

# सूक्त-31

1 आदित्यो, रुद्रो (तथा) वसुओ से सयुक्त होने वाले 'मित्र' तथा 'वरुण' हमारे (यज्ञीय) रथ की रक्षा करे जब (यह) (नीचे की ओर) उडने वाले अन्न की कामना से युक्त, हर्षित होने वाले (तथा) वन में आसीन पक्षियो के समान एक स्थान से दूसरे की ओर) (गमन करता है)।

2. तत्पश्चात्, साथ रहने वाले देव प्रजाओ (के मध्य) मे अन्न की कामना से युक्त (तथा, आगे की ओर गये हुए) हमारे रथ की उत्कृष्ट रूप से रक्षा करे, जब शीघ्रगामी (अश्व) धूलि को (अपने) कदमो से उठाते हुए 'पृथ्वी' के ऊँचे स्थानो पर (अपने) अग्रपादो से खूँदते (या, कुचलते) हैं।

3. अथवा, वह सबका निरीक्षक (तथा) 'द्युलोक' से (आने वाले) मरुतो के दर्पयुक्त बल के द्वारा शोभनकर्मयुक्त 'इन्द्र' (हमे) विशाल (धन) के लाभ (तथा) ) अन्नो की प्राप्ति (कराने) के लिए (अपनी) कृपापूर्ण रक्षाओ के द्वारा हमारे रथ की रक्षा करे।

4. अथवा, प्राणिजात का रक्षक (तथा) (देवताओ की) पत्नियो के साथ–साथ सुष्ठु प्रसन्न (होते हुए) देव 'त्वष्टा' रथ को प्रेरित करे, अथवा, 'इळा', देदीप्यमान 'भग', 'द्यावा–पृथिवी', विचक्षण (या, प्रौढ) 'पूषा' (तथा, 'सूर्या' के) (दोनो) पति 'अश्विनौ' (रथ को प्रेरित करे )।

5. अथवा, दो दिव्य, सौभाग्योपेत, जङ्गम (प्राणियो) को अनुप्राणित करने वाली (तथा) परस्पर अवलोकन करने वाली 'अहोरात्र' (सञ्ज्ञिका देवियॉ) (इसे प्रेरित करे), और, हे द्यावापृथिवी । (मैं) तुम दोनो की, नवीन स्तोत्र के द्वारा, स्तुति करता हूँ, और, (मै) (तुम्हे) स्थायी (या, प्रतिष्ठित) (धान्य वाला) अन्न (जो कि) तीन (प्रकार के) (यज्ञीय) अन्नों से निर्मित (है), अर्पित करता हूँ।

6. (हे देवताओ । हम) स्तुति द्वारा सन्तुष्ट तुम्हारी स्तुति को मानो पुन उच्चारित करने के लिए (तुम्हारी) कामना करते है, 'अहिर्बुघ्न्य', 'अज एकपाद्' 'त्रित', 'ऋभुक्षा' और 'सविता' भी (हमे) अन्न प्रदान करें, शीघ्रगमनशील जलों का पौत्र ('अग्नि') (हमारी) स्तुतियो (तथा) (यज्ञीय) कर्म द्वारा (सन्तुष्ट होवे)।

7. हे पूजनीय (देवताओ) । (जो) ये (मेरी) उत्साहपूर्ण (या,गम्भीर) स्तुतियॉ तुमकों (प्रसन्न करने वाली)(है), (मैं) (उनकी) कामना करता हूँ। बल की इच्छा से युक्त मनुष्यों ने, अन्न की कामना करते हुए, (तुम्हारे) अनुष्ठान के लिए (स्तोत्रों को) निर्मित किया है, रथ से सम्बद्ध (शीघ्रगामी) अश्व के समान तुम) हमारे (श्रेष्ठ) कर्म के प्रति शीघ्रता करो।

11. हे वीर इन्द्र ! तुम्हारी शक्ति सुष्ठु प्रशसनीय (है), जो (कि) एक (ही) कर्म के द्वारा धन को प्राप्त कर लेते हो, बलशाली 'जातूष्ठिर' (राजा) के लिए (तुमने) अन्न (प्रदान किया), बलपूर्वक जो (तुमने) सम्पूर्ण (कर्मों) को किया, (वह) (तुम) प्रशसनीय हो।

12 (जिस तुमने) त्वरायुक्त (लोगों) को वेगयुक्त जल को पार करने के लिए जल प्रवाह को 'वय्य' तथा 'तुर्वीति' के लिए शान्त कर दिया, जल के नीचे डूबते हुए, (अपने को) कान्तिमान् बताते हुए, अन्धे तथा पंड्गु 'परावृज्' को निकाल दिया, वह (तुम) प्रशसनीय हो।

13 हे वासक ! (तुम) हमे उस धन को देने के लिए सामर्थ्ययुक्त बनाओ, निवासयोग्य तुम्हारे धन अनेक (है)। हे इन्द्र ! जो (हम) रमणीय धन की इच्छा वाले (है), प्रतिदिन धन की कामना करते है, (हम) यज्ञ में (अपने) उत्तम वीरो से युक्त (होते हुए) योग्य रीति से (तुम्हारी स्तुतियॉ) उच्चारित करे।

# सूक्त ३२

1 हे द्यावापृथिव्यौ ! (तुम दोनो) इस (अपने यजमान) मेरी रक्षा करने वाली होओ, (जो कि मै) 'ऋत' की कामना करने वाला (तथा) स्तुतिवाणी द्वारा (तुम्हे) अनुकूल करने का इच्छुक (हूँ), क्योंकि, तुम दोनो का यह दीर्घतर (या प्रचुर) अन्न (है) (मै) धनो की कामना से युक्त तुम दोनो का स्तवन करता हूँ (तथा तुम्हे) महती (प्रशसा के सहित) (अनुष्ठित करता हूँ)।

2. (हे इन्द्र !) मनुष्य का प्रच्छन्न कपट हमे दिन (या,रात्रि) मे हानि न पहुँचाये, दुर्मतियों (या, द्वेषियो) के प्रति विषय (–भूत) हमे छोड मत दो, हमे (अपनी) मित्रता से वियुक्त मत करो, हमे उस प्रसन्नताकामी मन के द्वारा जानो, (हम) तुमसे उस (वरदान) के विषय मे पूँछते है।

3. (हमारे प्रति) अनुग्रहयुक्त मन से सुष्ठुपोषिता, सुसम्बद्ध अवयवो से युक्त, दुहाने वाली, दुग्ध प्रदान करने वाली (तथा) अन्नदायिका (या, अनुपम) गाय का सम्यग् वहन करो,(मै) प्रतिदिन बहुतो द्वारा निमन्त्रित, शीघ्र (–गामी) कदमों वाले, वाणी के द्वारा (शीघ्रगामी) (तथा) सामर्थ्ययुक्त तुम्हे प्रेरित (या,प्रशसित) करता हूँ।

4. मैं शोभन स्तुति के द्वारा, सुखपूर्वक निमन्त्रित की जाने वाली 'राका' का आहवान करता हूँ, सौभाग्योपेता (वह) हमारा श्रवण करे (तथा) स्वयमेव (हमारे प्रयोजन को) जान ले, (वह) (एक) अमोघ सुई के द्वारा (अपने) कर्म को सिल दे, (वह) प्रचुर (मात्रा मे) (तथा) प्रशसनीय पुत्र प्रदान करे।

5. हे राके ! जो तुम्हारी श्रेष्ठ कृपाये (तथा) सुन्दर रूप (है), जिनके द्वारा (तुम) (हविष्यो के ) प्रदाता को धन प्रदान करती हो, उनके द्वारा आज प्रसन्नचित्त, सहस्र वरदानो को प्रदान करने वाली तथा सौभाग्योपेता (तुम) हमारे समीप आगमन करो।

6. हे विस्तीर्ण नितम्ब वाली सिनीवालि ! जो (तुम) देवों की भगिनी हो, अर्पित हविष्य का सेवन करो (तथा) हे देवि ! (तुम) हमे सन्तति प्रदान करो।

7 जो शोभन भुजाओं से युक्त, शोभन अड्गुलियो से युक्त (तथा) अनेक (प्रजाओं) की उत्पादयित्री (है), उस सम्पूर्ण (मानवजाति) की पालिका (या, गृहस्वामिनी) 'सिनीवाली' के प्रति हविष्य प्रक्षिप्त करो।

8 जो 'गुड्गू' (है), जो 'सिनीवाली' (=नूतन चन्द्रमा) (है), जो 'राका' (=पूर्ण चन्द्रमा) (है) (तथा) जो 'सरस्वती' (है), (उसका)(मै) आह्वान करता हूँ, (मैं) रक्षा के लिए 'इन्द्राणी' का (तथा)कल्याण के लिए 'वरुणानी' का (आह्वान करता हूँ)।

# अनुवाक-IV

## सूक्त-33

1 हे मरुतो के पितर । तुम्हारा सुख (हमारी ओर) आगमन करे, मुझे 'सूर्य' के सम्यग् दर्शन से वियुक्त न करो, हमारा पुत्र शत्रु पर अभिभावी हो जाये, हे रुद्र । (हम) प्रजाओ से प्रवृद्ध हो जाये।

2 हे रुद्र । तुम्हारे द्वारा दी गयी सर्वाधिक कल्याणकारिणी औषधियो से (हम) सौ वर्षो को व्याप्त करे, द्वेष करने वालो को हमे विशेषेण (दूर कर दो), पाप को विशेषेण अत्यन्त (दूर कर दो), सर्वव्यापी रोगो को विशेषेण दूर कर दो।

3. हे रुद्र । ऐश्वर्य के द्वारा उत्पन्न (जगत्) के (मध्य मे) श्रेष्ठ हो, हे वज्रहस्त । (तुम) बलशालियो मे सर्वाधिक बलशाली (हो), हमे पाप से परे कुशलतापूर्वक पार कर दो, पाप के सम्पूर्ण अभिगमनो (या, आक्रमणो) को (हमसे) दूर कर दो।

4. हे रुद्र । (हम) तुम्हे (अनुचित) नमस्कारो से क्रोधित न करे, बुरी स्तुतियो से (क्रोधित न करें), हे (कामना) वर्षक । (हम) (निम्नकोटीय देवो के) साथ आह्वान के द्वारा ( तुम्हे क्रोधित न करें ), ( तुम ) हमारे पुत्रो को औषधो के द्वारा ऊपर उठा दो, ( मै ) तुम्हे चिकित्सको में सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक सुनता हूँ।

5 जो आह्वानों (तथा) हविष्यों के द्वारा पुकारा जाता है,( उस ) 'रुद्र' को स्तोत्रो से पृथक् (या, क्रोधरहित) करता हूँ, सरलहृदय, सुष्ठु आह्वानयोग्य, भूरे रङ्ग वाला ( तथा ) शोभन कपोलों से युक्त ('रुद्र') इस दुर्बुद्धि के लिए हमे हिसित न करे।

6 शक्तिशाली मरुत्सयुक्त ('रुद्र') ने अधिक शक्तिशाली अन्न से, याचना करते हुए मुझको उत्कर्षेण तृप्त कर दिया,घूप (या, उष्णता) मे (स्थित) सा (मैं), 'रुद्र' के सुख को, पापरहित (होते हुए) प्राप्त करूँ, और , (उस रूद्र' की) सम्यक् परिचर्या करूँ।

7. हे रुद्र । तुम्हारा वह दयालु, रोगनिवारक (एव) शीतल हाथ कहाँ है ? जो दैवी आपत्ति को दूर करने वाला (है), हे (कामना–) वर्षक । मुझे अब क्षमा कर दो।

8. भूरे, वर्षणशील, श्वेत वर्ण वाले ('रुद्र') के लिए महान् (देव) की महती (एवं) शोभना स्तुति प्रेरित करता हूँ,(हे स्तोतर् । तुम) दीप्तिपूर्ण ('रुद्र') को नमस्कारो द्वारा पूजित करो, (हम) 'रुद्र' के तेजस्वी नाम का स्तवन करते हैं।

9 दृढ अङ्गों से (युक्त), अनेक रूपो वाला, तेजस्वी (एवं) भूरे वर्ण वाला ('रुद्र') दीप्तिपूर्ण (एवं) सुवर्णमय (अलङ्करणो) से (स्वय को) अलङ्कृत करता है, इस विपुल लोक का स्वामित्व करने वाले 'रुद्र' से दैवी सम्प्रभुता (या,शक्ति) न ही वियुक्त हो।

10. (तुम) समर्थ होते हुए बाणो (तथा) धनुष को धारण करते हो, समर्थ होते हुए (ही) पूजनीय सम्पूर्ण रूपो वाला हार (धारण करते हो), समर्थ होते हुए (ही) इस विशाल जगत् के प्रति दया करते हो, हे रुद्र । (कोई भी) तुमसे अधिक समर्थ (या, ओजस्वी) नहीं ही है।

11. प्रसिद्ध ,रथासीन, युवक, सिह के समान भयङ्कर, (शत्रुओ के ) समीप (पहुँचकर) मारने वाले (एव) शक्तिशाली 'रुद्र' की स्तुति करो, हे रुद्र ! स्तुत होते हुए (तुम) स्तोता के प्रति दया करो, तुम्हारी सेनाये हमसे भिन्न (अर्थात्, शत्रु) को नि शेषेण हिसित कर दे।

12 हे रुद्र ! (यह) बालक (मै) अभिवादन (या,स्तवन) करते हुए (हमारे) समीप गमन (या, यमन) करते हुए पिता के प्रति नत हो गया (हूँ ), (मै) विपुल दान करने वाले श्रेष्ठ (जनों के) स्वामी की प्रशसा करता हूँ, (हे रुद्र !) स्तुत (होकर) तुम हमे ओषधियॉ प्रदान करो।

13. हे मरुतो ! तुम्हारी जो पवित्र औषधियॉ (है), जो सर्वाधिक कल्याणकारिणी (है), हे (कामना) वर्ष को ! जो सुख (की) भावना (उत्पन्न) करने वाली (है) (और) जिनको हमारे पिता 'मनु' ने वरण किया था,'रुद्र' की उन (औषधियो ) को (रोग) उपशमन तथा (भय) पृथक्करण को चाहता हूँ।

14. 'रुद्र' का शस्त्र हमे दूर अलग रखे, तेजस्वी ('रुद्र') की महती दु खकारिणी बुद्धि दूर चली जाये, दृढ (शस्त्रो) को धनयुक्त (दाता यजमान ) के लिए शिथिल कर दो, हे सेचनसमर्थ ! (तुम) (हमारे) पुत्र (तथा) पौत्र के प्रति दया करो।

15 हे बभ्रु वर्ण वाले ! वर्षणशील ! (सब कुछ) जानने वाले। देव ! आह्वानो को सुनने वाले रुद्र ! (तुम) जिस प्रकार न क्रोध करते हो (और) न हिसा करते हो, (उस प्रकार) यहॉ हो जाओ (या, जानो), सुन्दर पुत्रो से युक्त (हम) यज्ञ मे अत्यधिक (या,प्रौढ) स्तुतियॉ उच्चारित करे।

# सूक्त-34

1 (जल–) धाराओ के प्रवाहित करने वाले, साहसपूर्ण शक्ति से युक्त, वन्य पशुओ के समान भयङ्कर, (अपनी) शक्तियो द्वारा समादर करने वाले, अग्नियो के समान देदीप्यमान् जल से लदे हुए (तथा) भ्रमणशील (मेघ) के चारो ओर बहने वाले मरुतो ने (इसकी) (एकत्रित) वर्षा को (बाहर) निकाल दिया।

2 चूकि, सुवर्णालङ्कारयुक्त वक्ष. स्थल वाले हे मरुतो ! पराक्रमी 'रुद्र' ने तुमको 'पृश्नि' के तेजस्वी थन से उत्पन्न किया, (अतएव, अपने शत्रुओ के) भक्षक ( वे ), नक्षत्रो के द्वारा 'द्युलोक' के समान, विशेषण जाने जाते है, (तथा,) मेघोत्पन्ना (विद्युत्) के समान, वर्षाओ (के प्रेरक) ( वे ) प्रकाशमान होते है।

3 जिस प्रकार ( मनुष्य) युद्धो मे (उत्तेजित) गतिशील अश्वो को, (उसी प्रकार, वे सुव्याप्त (भूमि) को (जल से) सिञ्चित करते है, (वे) शब्दायमान (मेघ) के किनारों (या,सीमाप्रदेश) पर शीघ्रगामी अश्वो के साथ झपट पडते हैं, हे सुवर्णमय शिरस्त्राण से युक्त (तथा) समान मनस् वाले मरुतो ! (वृक्षो को) आन्दोलित करने वाले (तुम) (अपनी) चित्रवर्णा (मृगियो) के सहित (यज्ञीय) अन्न को (ग्रहण करने के लिए) आगमन करो।

4. अभिवृद्धिकर दान से युक्त (मरुद्गण) सदैव (यज्ञीय) अन्न (का अर्पण करने वाले ) के लिए, जैसे मित्र के लिए सम्पूर्ण ये विश्व (–धारक) (जल) प्रदान करने की) इच्छा करते हैं, ( वे ) अश्वों के स्थान पर चित्रवर्णा (मृगियों) वाले, विपुल दान देने वाले (तथा) (लक्ष्य के प्रति) सीधे गमन करने वाले (अश्वों)के समान गतिशील (मेघों) (के मध्य) मे (अपने) (रथो के) धुरे पर बैठने वाले (हैं)।

5. हे समान मनस् से युक्त (तथा) चमकीले भालो वाले मरुतो ! (तुम) मधुर पेय (='सोम') की मादकता (के सहभागी होने) के लिए अबाधित मार्गों द्वारा चमकीली (और) परिपूर्ण थनो वाली गाय के सहित, जैसे हस (अपने) निवासस्थानो की ओर, (उसी प्रकार) आगमन करो

6 हे समान मनस् से युक्त मरुतो ! (तुम) मनुष्यो के स्तोत्रो के समान (हमारे) यज्ञो मे समर्पित अन्न की ओर आगमन करो, दुधारू गाय (=मेघ) को पोषित करो, (ताकि) घोडी के समान (यह) (परिपूर्ण) थन वाली हो जाये, (तथा) स्तोता के लिए (प्रचुर) अन्न के उत्पादनकारी (यज्ञ) कर्म को प्रदान करो।

7. हे मरुतो ! (तुम) हमे वह (पुत्र) प्रदान करो, (जो) समर्थ (हो) तथा आने वाले (तुमको) (प्रेरित करने) के लिए प्रतिदिन (तुम्हारी) )उपयुक्त) स्तुतियो को (बारम्बार) उच्चारित करने वाला हो, (अपने) स्तोताओं के लिए अन्न को (तथा) (तुम्हारा) स्तवन करने वाले के लिए लाभ, प्रज्ञा (तथा) अक्षुण्ण (एव) कठिनाई से पार करने योग्य बल को प्रदान करो।

8 जब सुवर्णालङ्कारयुक्त वक्ष स्थल वाले शोभन–दानयुक्त मरुतो ने सौभाग्यशाली (अवसर) पर(अपने) रथो मे अश्वो को सयोजित किया, (तब, उन्होने) हविष्य प्रदान करने वाले मनुष्य के लिए, (अपने) वत्स के लिए दुधारू गाय के समान, प्रभूत अन्न को, (अपने) निवासस्थानो मे, परिपूर्ण कर दिया।

9 हे निवास प्रदाता मरुतो ! (तुम), जो शत्रु मनुष्य हमारे प्रति भेडिये के समान शत्रुता पोषित करता है, (उस) (द्वेषी व्यक्ति के) द्वेष से (हमारी) रक्षा करो, (अपने) दाहक (या,तापक) रोगो से उसे घेर लो, हे रुद्रपुत्रों ! भक्षणशील (शत्रु) के हिसक (शस्त्र) को निवारित (या, प्रभावरहित) कर दो।

10. हे मरुतो ! तुम्हारा वह गमन (या, सञ्चार) आश्चर्य जनक जाना जाता है, जिसके द्वारा (तुमने) 'पृश्न' (='द्यु–लोक') के थन (='मेघ') को (कसकर) पकडते हुए (इसे) (वर्षा के विषय मे) दुहा, हे अप्रतिरोध्य रुद्रपुत्रो ! (तुमने) (अपने) यजमान के निन्दक को विनष्ट किया, (और,) 'त्रित' के प्रति,(उसके शत्रुओ के ) विनाश के लिए (आगमन किया)।

11 हे शक्तिसम्पन्न मरुतो ! (हम) व्यापनशील (या, विस्तारयुक्त) (तथा) अभिलषणीय (अभिषव) के समर्पण मे गन्तव्य ('यज्ञ') के प्रति (शीघ्र) गमनशील उन तुम्हारा आह्वान करते है, (अपनी) करछुले ऊँची रखने वाले (तथा) स्तोत्र–उच्चारित करने वाले (हम), उत्कृष्ट (या,प्रशसनीय) धन के लिए, सुनहरे वर्ण वाले (तथा) उदात्त (मरुतों) से याचना करते हैं।

12 'दश'–मासिक (याग) के प्रथम अनुष्ठाता ने, जिन्होने इस यज्ञ को सम्पादित किया, वे ('उषा' के प्रकाशमय होने की क्रिया मे हमे (पुन) प्रेरित करे, जिस प्रकार 'उषा' नीललोहित किरणो के द्वारा 'रात्रि' को दूर भगा देती है, (उसी प्रकार, वे) महान्, शुद्ध (तथा) कुहरे को दूर कर देने वाली दीप्ति के द्वारा (अन्धकार को छिन्न–भिन्न कर दें)।,

13. श्रुतिमधुर (वीणाओ) से (सज्जित) (तथा) नीललोहित आभूषणो से (अलङ्कृत) वे 'जल' के निवासस्थानो मे प्रवर्धित (या, प्रतिष्ठित) होते है, शीघ्रगामी बल के द्वारा मेघो को छिन्न–भिन्न कर देने वाले (वे) आह्लादपूर्ण रूप को (तथा) सुन्दर आकार को धारण करते है।

14 सहायता के लिए (उनसे) प्रभूत धन की प्रार्थना करते हुए (तथा) रक्षा के लिए (उनकी शरण लेने वाले) (हम) इस स्तोत्र के द्वारा (उनका) स्तवन करते है, पॉच (मुख्य) ऋत्विजों के समान, जिन्हें 'त्रित' ने (यज्ञ के) सम्पादन (या, साहाय्य) के लिए (तथा) (अपने) आयुधो के द्वारा रक्षा करने के लिए निरूद्ध किया था।

15 हे मरुतो ! वह (रक्षा), जिसके ,द्वारा तुम विनम्र (यजमान) को पाप से पार पहुँचा देते हो, जिसके द्वारा (तुम) (अपनी) स्तुति के उच्चारणकर्त्ता को निन्दा से मुक्त कर देते हो, (हमारी) ओर (प्रवृत्त होवे), तुम्हारी जो भद्र प्रकृति (या, कृपा (है), (वह) (अपने बछडे के प्रति) रँभाने वाली (गाय) के समान, (हमारी ओर) सुष्ठु प्रवृत्त होवे।

# सूक्त-35

1 धन की कामना वाले (मैने) (इस) स्तुति की इच्छा की है, नदियो का पुत्र ('अपा नपात्') मेरी (इस) स्तुति मे आनन्द प्राप्त करे, क्या वह तीव्र गति वाला 'अपां नपात्' (स्तुतियों को) सुन्दर स्वरूप वाला करेगा (तथा) (स्तुतियो से) आनन्दित होगा?

2 इसके प्रति,हृदय से सुष्ठु रचित इस मन्त्र को उच्चारित करूँ, (क्या यह ) इस (मन्त्र) को स्वीकार करेगा? श्रेष्ठ 'अपा नपात्' ने (अपने) सर्वोच्च देवत्व की महिमा से सभी लोको को उत्पन्न किया है।

3 वर्षा से आगत अन्य (जल) सयुक्त (होकर) प्रवहित होते है, पहले से ही भूमि पर स्थित अन्य (जल) वृष्ट जल उस (समुद्र) से सयुक्त होता है, नदियॉ (समुद्रगत) महान् (वडवाग्नि) को आपूरित करती है, शुद्ध जल प्रकाशित होते हुए 'अपा नपात्' के चारो ओर स्थित है।

4 दर्पहीन युवतीरूपा अलङ्कृत जलराशियॉ उस युवक के चारों ओर स्थित है, दीप्तस्वरूप वह इध्म के बिना ही घृत से आवृत जलो मे कान्त लपटो के द्वारा धनपूर्ण रूप से प्रकाशित हुआ।

5 दिव्य तीन जलस्त्रियॉ इस अव्यथित (=अडिग) के लिए अन्न प्रदान करने की इच्छा करती है, वह जलो मे, नवजात की भॉति, (धाय्या के प्रति) प्रसृत होता है, प्रथम प्रसव कारिणियो के पयस् का पान करता है।

6. यहॉ इस (अपा नपात् रूप) अश्व का जन्म हुआ तथा प्रकाश (का जन्म हुआ), (हे अपां नपात् !) (तुम) स्तोताओ की द्रोही हिसको के सम्पर्क से रक्षा करो, अपरिपक्व (ईटो से बने) किलो (=जलों) मे अन्दर स्थित स्पर्श न किये जा सकने वाले को न शत्रु पा सकता है (और) न (ही) मिथ्यावादी (रक्षोगण) ।

7 जिस के अपने गृह मे सुदुधा धेनु अमृत का दोहन करती है, (वह) सुष्ठुद्भूत अन्न को खाता है, वह 'अपा नपात् जलो के मध्य शक्ति (–उत्पादक) होता हुआ (यज्ञादि–)विधान करते हुए (व्यक्ति) के लिए धन देने के लिए प्रकाशित होता है।

8 ऋतसंयुक्त (एव) शाश्वत जो ('अपा नपात्') जलो के मध्य कान्त देवत्व (=ज्योति) के कारण अत्यधिक (रूप) प्रकाशित होता है, (वृक्षरूप) इस ('अपा नपात्') की शाखाओं की भॉति, समग्र प्राणी (तथा) लताएँ पुष्पफलादि से समृद्ध होते है।

9 'अपा नपात्' कान्ति को धारण किये हुए, ऊर्ध्वमुख, कुटिलों के हृदय पर स्थित हुआ, उसकी विशाल महिमा का वहन करती हुई स्वर्णवर्ण कामिनियॉ उसे परित· घेरे हुए है।

10. वह 'अपा नयात्' स्वर्णिम रूप वाला (तथा) स्वर्णिम कान्ति वाला (है), वह, निश्चय ही, स्वर्णवर्ण (है), (इसके) स्वर्णिम गृह से (वेदि पर) स्थित होकर स्वर्ण–प्रदाता (यजमान) इसके लिए हविष्यान्न प्रदान करता है।

11 इस 'अपा नपात्' का यह गुप्त रूप (तथा, इसका) सुन्दर नाम प्रवृद्ध होता है, स्वर्णवर्ण घृत इसका अन्न (है), जिसे इस प्रकार से युवतियॉ समिद्ध करती हैं।

12. बहुतो मे निकटतम मित्रभूत`इस ('अपां नपात्') के प्रति हम नमस्कारपूर्वक (प्रदत्त) हविष्यों के द्वारा यजन करे, (इसके) शिखर का सम्मार्जन करता हूँ, इध्मों को धारण करता हूँ। अन्न देता हूँ (तथा) ऋचाओं से परित· वन्दना करता हूँ।

13. वह रेत सेचक उन (जलो) मे इस गर्भ को उत्पन्न करता है, वह (गर्भोद्भूत) शिशु इनका (स्तन) पान करता है, (वे) इसे चाटती है। कही से भी न अम्लान हुए रङ्ग वाला वह 'अपा नपात् यहॉ अन्य (पार्थिवाग्नि) के शरीर मे प्रविष्ट होता है

14 इस सर्वोच्च स्थान पर स्थित, ध्वसरहित तेज से प्रतिदिन कान्त होते हुए 'अपा नपात्' के लिए घृतान्न वहन करती हुई (एवम्) अलङ्करणो) से (सज्जित) जलयुववियॉ स्वय इसके परित गमन करती है।

15 हे अग्ने । (तुमने) (अपने) लोगो के लिए सुन्दर गृह प्रदान किया, (अपने) दानदायको के लिए शोभन स्तवन प्रेरित किया। जो (कुछ भी) देव (लोग) सहायता देते है, वह मङ्गलमय (है), शोभन पुत्रो से युक्त होकर (हम) सभा मे (तुम्हारे प्रति) अत्यधिक स्तवन करे।

# सूक्त–36

1. हे इन्द्र ! तुम्हारे प्रति अर्पित होता हुआ (अभिषव) गाय (के उत्पादो) (तथा, प्रतिष्ठित) जल को समाविष्ट करता है, (तथा,) (यज्ञ के) नेताओ ने (इसे) पाषाणो से सुविवेचित किया है (और) ऊर्णामय (निष्यन्दको) के द्वारा (इसे) आयासित (या, विकृत) किया है। जो (तुम) (देवो के) प्रथम (–भूत) (हो) (तथा) (ससार के) स्वामी होते हो, (वह तुम) 'होता' के द्वारा अर्पित (तथा) 'स्वाहा' (एव) 'वषट्' (–आहुतियो) के द्वारा पवित्रीकृत 'सोम' का पान करो।

2. हे 'भरत' के पुत्रो (तथा) 'द्युलोक' के नेतृत्वशील (मरुतो) ! यज्ञो के द्वारा एक साथ मिले हुए, चित्तीदार (घोडियो) के द्वारा (वहन किये जाते हुए) (रथ मे बैठे हुए), भालो के द्वारा देदीप्यमान तथा आभूषणो के द्वारा आनन्दित (तुम) कुशासन पर भली–भॉति बैठकर 'पोता' के द्वारा (अर्पित) 'सोम' का पान करो।

3. सुष्ठु आह्वान किये जाने वाले (तुम), निश्चय ही, हमारी ओर साथ–साथ आगमन करो (तथा) कुशासन पर प्रतिष्ठित (होकर) नि शेषेण आनन्दयुक्त होओ, तत्पश्चात् तेजोमय सहगण (का नेतृत्व करने वाले) हे त्वष्टर् ! (तुम) देवताओ (तथा, उनकी) पत्नियो के सहित (आओ) (और) (यज्ञीय) अन्न से सेवित (या,प्रसन्न) होते हुए आनन्दित होओ।

4. हे प्रतिभासम्पन्न (अग्ने) ! (तुम) यहॉ पर देवो का सम्यग् वहन करो तथा (उनका) यजन करो, देवो के निमन्त्रक (तथा हमारे प्रति) उत्सुक (तुम) तीन (वेदिरूप) स्थानो मे आसीन होओ, 'अग्नीध्र' के द्वारा (तुम्हारे प्रति) तत्पर (या, अर्पित) सोम–सम्बन्धी मधुर पेय का उपभोग करो (तथा) अपने भाग से सन्तुष्ट होओ।

5. यह वह (समर्पण), हे इन्द्र ! तुम्हारे शरीरिक पौरुष (या, सामर्थ्य) का प्रवर्धक (है), (तुम्हारी) भुजाओ मे निहित बल उच्चतम स्वर्ग मे (भी) प्रतिशोधशून्य (या,अभिभावी) (है), हे मधवन् ! (यह) तुम्हारे लिए अभिषुत (है), तुम्हारे लिए इसका 'ब्राहमण' से आहरण किया गया है, (तुम) (इसका) पान करो (तथा) सन्तुष्ट होओ।

6. ('मित्र' एव 'वरुण' ! तुम दोनो ) यज्ञ को सेवित करो, मेरे आह्वान का (उसी प्रकार) अवगम करो, (जिस प्रकार) आसीन 'होता' (–ऋत्विज्) प्राचीन विशिष्ट प्रबोधनात्मक) पुकारो को आनुपूर्व्येण (उच्चारित करता है),ऋत्विजो के द्वारा) परिवेष्टित (यज्ञीय) अन्न के प्रति देदीप्यमान (युगल) (सह–) गमन (या,परिचर्या) करता है, (तुम दोनो) 'प्रशास्ता' (–ऋत्विज्) के द्वारा अर्पित सोम सम्बन्धी मधुर पेय का सम्यक् पान करो।

# सूक्त-37

1. हे द्रविणोदस् ! (तुम) 'होतृ'–सम्बन्धी (अर्पण) के रूप मे (प्रस्तुत) (यज्ञीय) अन्न के द्वारा आनन्दित होओ। हे अध्वर्युओ ! वह पूर्ण तर्पण की कामना करता है, उसके प्रति, इसका आहरण करो, (और इससे) प्रभावित (वह) (तुम्हारे प्रति) दानशील (होगा) । हे द्रविणोदस् ! तुम) ऋतुओ के सहित, 'होता' के द्वारा (अर्पित किये जाने वाले)' 'सोम' का पान करो।

2. (वह,) जिसको (मैने) पहले निमन्त्रित किया, उसे अब निमन्त्रित करता हूँ, वह, निश्चय ही, आह्वानयोग्य (है), जो दानशील (के रूप मे) विख्यात है। हे द्रविणोदस्! ! अध्वर्युओ के द्वारा सोमसम्बन्धी मधुर पेय को आहृत (किया गया है), (तुम) ऋतुओं के सहित 'पोता' के द्वारा (अर्पित किये जाने वाले) 'सोम' का पान करो।

3. ये तुम्हारे वहनकर्त्ता, जिनके द्वारा तुम साथ–साथ उत्पन्न (हुए) हो, पुष्ट होवें, हे वनस्पते ! हिसा न करते हुए (तुम) दृढ होओ, हे दृढसङ्कल्पयुक्त ! आगमन करो,(और) कृपालु (या, रमणीय) (होते हुए) हे द्रविणोदस ! तुम ऋतुओं के सहित 'नेष्टा' के द्वारा (अर्पित किये जाने वाले) 'सोम' का पान करो।

4. (चाहे) (उसने) 'होता' (के अर्पण) से ('सोम' का) पान किया है, (चाहे) (वह) 'पोता' (के अर्पण) से आनन्दित हुआ है।

'द्रविणोदस्' (–ऋत्विज्) (के द्वारा अर्पित ) चतुर्थ अनाहत (एवम्) अमृतोपम (या, दिव्य) चषक का पान करे।

5. (हे अश्विनौ !) आज (यज्ञ के) नेतृत्वशील (तथा) वहन करने वाले (तुम) हमारे अभिमुख (अपने) भ्रमणशील रथ को सयोजित करो, (तथा) यहॉ तुम्हारा (अश्वसम्बन्धी) बन्धमोक्ष (होवे), हविष्यो को मधुर रस से मिश्रित कर दो, हे (प्रचुर) अन्न (रूप) धन से सम्पन्न (तुम) आगमन करो, तत्पश्चात् 'सोम' का पान करो।

6. हे अग्ने ! समिधा से प्रसन्न होओ, हविष्य से प्रसन्न होओ, मनुष्य के लिए कल्याणप्रद मन्त्र से प्रसन्न होओ (तथा) शोभन स्तुति से प्रसन्न होओ, हे [illegible], ! (हविष्यो को स्वीकार करने की ) इच्छा करते हुए (तुम) (समान के विषय मे) अभिलाषायुक्त सम्पूर्ण महान् देवताओ को (उन) सम्पूर्ण के द्वारा (प्रदान करो) (तथा) 'ऋतु' के सहित हविष्य का पान करो।

# सूक्त-38

1. वह नेतृत्वमय, एकमात्र कर्ममय देव 'सविता' (लोगो को) प्रेरणा देने के लिए उत्थित हुआ। सचमुच, वह देवो के शश्वत्तम रत्न वितरण करता है और कुशलपूर्वक जीवन मे होत्रकर्म मे प्रसन्न रहने वाले (यजमान) को भाग प्रदान करता है।

2. ऊर्ध्वोत्थित विशालबाहु देव 'सविता' आज्ञापालन के लिए सभी के प्रति दोनो बाहुओं को ऊपर फैलाये है, शोधित जलराशियॉ भी इसके नियम मे स्थित है, यह वायु भी अन्तरिक्ष मे विश्राम करता है।

3. सचमुच, शीघ्रगामी अश्वो से चलता हुआ यात्री अश्व को रश्मियुक्त कर देता है, यह ('सविता') गमन–शील व्यक्ति को भी गमनव्यापार से विश्रान्त कर देता है, अहिहिसक ऋजीष्य की गमनकामना को भी नियन्त्रित करता है, कर्मविरतकरिणी (रात्रि) सविता के नियमानरुप आती है।

4. फैले हुए ताने–बाने को बुनती हुई रात्रि ने उसे फिर से एक बार समेट दिया है, निपुण लोक ने किए जा सकने योग्य कर्म को मध्य मे ही छोड दिया, लोक शय्या को छोड कर पुन उठ खडा हुआ, अलङ्कृत–मति 'सविता' (सायकाल को) आ पहुॅचा और ऋतुओ को विभक्त कर दिया।

5. 'अग्नि' का गृह्य प्रभूत प्रकाश सम्पूर्ण जीवनभर पृथक्–पृथक् गृहो मे स्थित है। माता ने पुत्र के लिए सर्वाधिक भाग नियत किया है, उसकी इच्छानुरूप उसे 'सविता' के द्वारा प्रेषित किया।

6. जयकामी जन विविध स्थान पर जाकर पुन लौट आया, सभी विचारशील जन की (गृहप्रत्यागमन–) कामना हुई। देव 'सविता' के नियमानुरूप प्रत्येक व्यक्ति कार्य को अपूर्ण छोडकर कर घर आ गया।

7. जलीय प्राणी जलो मे तेरे द्वारा नियत भाग प्राप्त करते है, निर्जलीय प्रदेशो –अरण्यो –मे पशुगण सर्वत्र स्थित रहते है, पक्षियों के लिए वृक्ष दिया गया, इस देव 'सविता' के इन नियमो का कोई उल्लङ्घन नही करता।

8. यावन्निमेष कर्मरत 'वरुण' यथेष्ट समय तक सुखप्रद कोमल जलीय गृह को जाता है, समग्र पक्षिसमूह (नीड मे जाता है), समग्र पशुसमूह गोष्ठ मे जाता है, 'सविता' ने उत्पन्न जीवो को उनके स्थान–स्थान पर पृथ्क्–पृथक कर दिया है।

9. जिसके नियमो मे न 'इन्द्र' न 'वरुण', न 'मित्र' न 'अर्यमा', न 'रुद्र' और न ही शत्रु (लोग) उल्लङ्घन करते हैं, उस इस देव 'सविता' को कल्याणार्थ नमस्कारो के द्वारा पुकारता हूँ।

10. हम 'भग', 'धी' और 'पुरन्धि' को शक्तिशाली बनावे, नराशंस और 'ग्नास्पति' हमारी रक्षा करे, सुन्दर वस्तु के आगमन और धनो के सङ्ग्रह के सन्दर्भ मे (हम) 'सविता' के प्रिय हो सके।

11. हे सवित ! आकाश से, जलो से और पृथ्वी से तुम्हारे द्वारा प्रदत्त काम्य धन हमारे लिए आवे, स्तोताओं के लिए जो सुखकर हो, अतिप्रशसाकृत् तुम्हारे सम्बन्धी (मुझ) स्तोता के लिए (वह धन लाओ) ।

# सूक्त-39

1. (हे अश्विनौ !) (अधोगामी) प्रस्तरो के समान (तुम) (हमारे शत्रुओ के विनाशरूप) प्रयोजन के लिए अवरोहण करो, वृक्ष के प्रति गिद्धो (या, लोभियो) के समान धन–धारक (यजमानो) (की प्रस्तुति) के प्रति शीघ्रता करो, स्तोत्रो को उच्चारित करने वाले (दो) ब्राह्मणो के समान यज्ञ मे (उपस्थित होओ), (तथा, भूमि मे) (राजकीय) सन्देशवाहको के समान, अनेक स्थानो मे (अभिनन्दित) (तुम) (आगमन) करो)।

2. प्रात काल गमनशील (तुम दोनो) (एक) रथ से सम्बद्ध (दो) वीरो के समान, (बकरो के) युगल के समान, शरीर के द्वारा सुशोभित होने वाली (दो) स्त्रियो के समान, (अथवा) पति–पत्नी के समान मनुष्यो (के मध्य) मे (पवित्र) कर्मो के जानकार(होते हुए) (यजमानो को) अभिलषित (प्रदान करने के लिए) साथ–साथ आगमन करो।

3. (अन्य देवो की अपेक्षा) प्रथम (तुम दोनो),सीग (के युगल) के समान, (अथवा) द्रुत (–गामी) (कदमो) के द्वारा भ्रमण करने वाले (दो) खुरो के समान, हमारी ओर आगमन करो,'चक्रवाक' (के युगल)– दिन के लिए तैयार रहने वाले–के समान,हे (हे (शत्रुओ के) विनाशक ! रथ से सम्बद्ध (योद्धाओ) के समान, (सभी वस्तुओ के सम्पादन के) योग्य (तुम दोनो) (हमारी उपस्थिति के) प्रति आगमन करो।

4. (दो) जलयानो के समान, (अथवा, कठिन स्थानो के पार) (रथ के) जुओ के समान, हमे (जीवन समुद्र के ) पार पहुँचा दो, हमे आकाश के मध्यबिन्दु (='नाभि') के समान,(दो) (रथचक्रो के) अरो के समान, (अथवा) (रथचक्र के) दण्ड के समान (पार पहुँचा दो, (हमारे) व्यक्तियो के प्रति हिसा का निवारण करने वाले (दो) कुत्तो के समान होओ (तथा) स्खलन (या, पदभ्रश) के सहारे के समान (या, कवच के समान) हमारी रक्षा करो।

5. (दो) वायुओ के समान जरा के वशीभूत न होने वाले, (दो) नदियो के समान शीघ्रगामी (तथा) (दो) नेत्रों के समान तीक्ष्णदृष्टि (तुम दोनो) हमारे अभिमुख आगमन करो, (दो) हाथो के समान, (दो) पैरो के समान, (हमारे) शरीरो के कल्याण के प्रति वशवर्त्ती (तुम दोनो) उत्कृष्ट (धन) (की प्राप्ति) के प्रति हमारा नेतृत्व करो।

6. मधुर शब्दो को उच्चारित करने वाले (दो) ओष्ठो के समान, हमारे जीने के लिए (हमें) सम्पोषित करने वाले (दो ) स्तनो के समान, (दो) नासिकाओ के समान, (तुम दोनो) हमारे व्यक्तियो की रक्षा करने वाले (तथा) हमारे प्रति सुखद (ध्वनियो) के श्रवण के लिए (दो) कानो के समान हो जाओ।

7. हे अश्विनौ ! (तुम दोनो) हमारे प्रति (दो) हाथो के समान शक्ति को सम्यक् प्रदान करने वाले (होओ), 'द्यु–लोक' तथा 'पृथिवी' के समान हमे वर्षा प्रदान करो, तुम्हारी कामना करने वाली इन स्तुतियो को, (तुम दोनो) सान(या, सिल्ली) के ऊपर तलवार (या, कुल्हाडी) के समान, सम्यक् तीक्ष्ण कर दो।

8. 'गृत्समद' (ऋषियो) ने (इस) स्तोत्र को (निर्मित) किया है, हे अश्विनौ ! ये स्तोत्र तुम्हारे प्रवर्धन के लिए (निमित्त–भूत) (है), (यज्ञो के प्रति) नेतृत्वशील ! (तुम दोनो) उनके द्वारा प्रसन्न होओ (तथा) (हमारे प्रति आगमन करो, शोभन पुत्रों से युक्त (हम) यज्ञ मे योग्य रीति से (तुम्हारी स्तुति) उच्चारित करे।

# सूक्त-40

1. हे 'सोम' और 'पूषन' ! (तुम दोनो) धनो के उत्पादक, 'द्युलोक' के उत्पादक (तथा) 'पृथिवी' के उत्पादक (हो),(ज्यो ही तुम दोनो) उत्पन्न (हुए हो,) सम्पूर्ण प्राणिजात के सरक्षक (हो गये हो), देवो ने (तुम दोनो को) अमरता का केन्द्र (या, मूलस्रोत) (निर्मित) किया है।

2. (देवता) इन (दोनो) देवताओ को, (इनके) उत्पद्यमान होने पर, सेवित (या, प्रसन्न) करते है, ये (दोनो) अप्रिय (या, अरुचिकर) अन्धकारो को छिपा देते हैं, 'इन्द्र' इन दोनों–'सोम' तथा 'पूषा'– के द्वारा, अपरिपक्व (नवोत्पन्न) गायो या ,मेघो) मे परिपक्व (दूध) को उत्पादित करता है।

3. (कामनाओ के ) वर्षक 'सोम' और 'पूषन् (हमारे प्रति) उस सात चक्रो वाले, (समस्त क्षेत्रो को) परिमित करने वाले, सम्पूर्ण (ससार) के प्रवर्त्तक, सर्वत्र विद्यमान पॉच लगामो द्वारा (नियन्त्रित) (तथा) मन के द्वारा सयोजित होने वाले रथ को त्वरायुक्त (या, प्रेरित) करे।

4. (उनमे से) एक ('पूषा') ने ऊपर 'द्युलोक' मे (अपना) निवास स्थान बनाया है, दूसरे ('सोम') ने 'पृथिवी' पर (तथा) 'अन्तरिक्ष' मे। वे दोनो हमारे प्रति अनेको के द्वारा अभिलषित (एव) अनेको के द्वारा प्रशसित (प्रचुर) (गोरूप) धन–सम्पत्ति, (जो) (आनन्दो का) मूलस्रोत (है), (उसे) हमारे लिए प्रवाहित कर दो।

5. (तुम मे से) एक ('सोम') ने सम्पूर्ण प्राणिजातो को उत्पन्न किया है, दूसरा विश्व की ओर सर्वत अवलोकन करते हुए अग्रसर होता है, हे 'सोम' और 'पूषन' ! (तुम दोनों) मेरे (पवित्र) (यज्ञीय) कर्म की रक्षा करो, तुम दोनों के द्वारा (हम) (अपने शत्रुओ की) सम्पूर्ण सेनाओ को जीत ले।

6. सम्पूर्ण (जगत्) का प्रवर्त्तक 'पूषा' (इस पवित्र) कर्म को प्रेरित करे, सम्पत्ति का स्वामी 'सोम' (हमे) सम्पदा प्रदान करे, प्रतिरोधरहित (या,शत्रुविहीन) देवी 'अदिति' हमारी रक्षा करे, शोभन पुत्रो से युक्त (हम) यज्ञ मे, योग्य रीति से, (तुम्हारी स्तुति) उच्चारित करे।

# सूक्त-41

1. हे वायो ! जो तुम्हारे 'नियुत्' (—अश्वो) से युक्त 'सहस्र' (—सख्यायुक्त) रथ (हैं), (उनके द्वारा तुम) सोमपान के लिए आगमन करो।

2. हे 'नियुत' (—अश्वो) से युक्त वायो ! आगमन करो, यह तेजस्वी (रस) तुम्हारे द्वारा स्वीकार किया गया है, (क्योकि, तुम) अभिषव करने वाले (यजमान) के निवासस्थान की ओर गमन करने वाले हो।

3. हे (यज्ञो के) नेतृत्वशील (एव) 'नियुत्' (अश्वो) के स्वामी 'इन्द्र' तथा 'वायु' ! (तुम दोनो) आगमन करो, (तथा,)गाय के दूध से मिश्रित (एव पवित्र ('सोम'—रस) का पान करो।

4. हे 'ऋत' के प्रवर्धक मित्रावरुणौं ! यह 'सोम' तुम्हारे लिए अभिषुत (है), निश्चय ही, यहॉ पर मेरे आह्वान का श्रवण करो।

5. अधिपति (तथा) किसी के भी द्वारा दमन न किये जा सकने वाले ('मित्र' एव 'वरुण') सहस्र स्तम्भो से निर्मित सुदृढ (एव) श्रेष्ठ (या, रमणीय) सभा—भवन मे आसीन होते है।

6. सार्वभौम अधिपति, घृत, के द्वारा तृप्त (या,पोषित,) 'अदिति' के पुत्र (तथा) दानशीलता के स्वामी वे दोनों(मित्रावरुणौं') (अपने) निष्कपट (या, सच्चे) (यजमान) को अनुगृहीत करे।

7. हे अश्विनौ ! (जिनमे) असत्य नहीं (है), हे रूद्रो ! (यज्ञ के) नेतृत्वशीलो के द्वारा (जिस यज्ञ मे) पान किया जाना (है),(उस) के प्रति (प्रत्यक्ष) मार्ग से गमन करो,(जिसके लिए) (स्तोता यजमान) गायो (तथा) अश्वो (रूपी) (धन) को सुष्ठु(प्राप्त कर सके)।

